Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

38077

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय

गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ग संख्या .... आगत संख्या 38077

पुस्तक विवरण की तिथि नीचे अंकित है। इस तिथि सहित 30 वें दिन यह पुस्तक पुस्तकालय में वापस आ जानी चाहिए अन्यथा 50 पैसे प्रति दिन के हिसाब से विलम्ब दण्ड लगेगा।

on—(1) Milit...y Services. Special Duty, (Text-book), Lucknow. 75

CH... 19...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

13

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेख-सूची

			पृष्ठ
१.	भाषा की शिक्षा और उसकी पाठ्य पुस्तकें।	श्री भगवतीशरण सिंह, अनुसचिव, शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश।	१
२.	रचनात्मक कार्य-एक संस्मरण।	श्री देवीदीन त्रिवेदी, विशेष पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा।	८
३.	उत्तर प्रदेश में कला शिक्षण की प्रगति।	श्री सुरेशचन्द्र गर्ग, एम० ए०, एल० टी०, कला अध्यापक, राजकीय बेसिक ट्रेनिंग कालेज, लखनऊ।	१३
४.	शिक्षा में व्यक्तिगत सम्पर्क की आवश्यकता।	श्री लालजी राम शुक्ल, काशी विश्वविद्यालय, काशी।	१६
	महाभाष्यकार पंतञ्जलि के दृष्टिकोण का विश्लेषण।	श्री रामशंकर भट्टाचार्य टीकमणि संस्कृत महाविद्यालय, दशाश्वमेध, काशी।	२०
	सफल परीक्षा।	श्री बी० एस० माथुर, गवर्नमेंट ट्रेनिंग कालेज, जालंधर।	२८
	माध्यमिक शिक्षा की प्रगति।	श्री मोतीलाल भार्गव, उप-सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयाग।	३२
	मिट्टी के बर्तनों का आदि उद्योग।	श्री ... नात्मक प्रशि...	५१
	...षा की शिक्षा में श्रुत-लेख का ...	श्री ... ध्यापक, टीचर... लय, काशी।	५४
	... पाठ्य-क्रम में हिन्दी का स्थान।	श्री गणेश प्रसाद सिंह, हिन्दी लेक्चरर, गवर्नमेंट ट्रेनिंग कालेज, इलाहाबाद।	५६
	...lfilment of Vows as part of ...ducation.	Prof. Indra Vidyavachaspati, M. P., दिल्ली।	69
	...ogy in service selection—(i) Milit...y Services.	Dr. A. R. Pachauri, Officer on Special Duty, (Text-book), Lucknow.	75

9.5,34
38077

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

13. The missing component in Education. — Sri Austin A. D' Souza, M. B. T., Dip. Ed., (Lond.), A (Lond), St. Joseph's Colle Nainital.

14. Towards Better Discipline. — Sri Dev Indar Lal, Directo Education, Bhopal.

15. Revolution by Education, Mexico and her cultural Mission. — Mrs. Urmila Johri, M. (Columbia). No. 11 B Lane, New Delhi.

16. The Standardisation of the verbal Group Test of Intelligence for 14 plus. — The Director, Govt. Bureau c Psychology, U. P., Allahabad.

17. The teaching of Locational Geography in Junior High Schools. — The Principal, Govt. Centra Pedagogical Institute, Allahal

18. An Experimental Investigation into the achievement in local history of the Delhi Higher Secondary School Students.—Section III — Sri Somnath Saraf, Resea Officer (Education), Plann Commission, Rashtrapa Bhawan, New Delhi.

19. Two Aspects of Moral Education of the child. — Sri Nirod Mukerjee Reader, i Education, Gauhati Universit

20. An Experimental validation of the Rorschach Test. — Srimati S. N. Mehrotra M. Ed and Sri S. N. Mehrotra M. A B. Ed. (EDIN)., Bureau Psychology, Allahabad.

21. Hearing Loss and mental deficiency. — Sri S. R. Goswami B.A., T. School for the Deaf, Aishbag Lucknow.

२२. हमारे कार्यकलाप तथा कार्य-क्रम ... ...

२३. शिक्षा जगत के समाचार ... ...

२४. सम्पादकीय ... ...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुख्य मंत्री पं० गोविन्द वल्लभ पंत पूर्व माध्यमिक विद्यालयों तथा प्रारम्भिक पाठशालाओं में चलायी जाने वाली नवीन कृषि-योजना से सम्बन्धित जिला-परिषद-अध्यक्षों, जिला विद्यालय-निरांक्षकों तथा अन्य शिक्षा, कृषि एवं विकास विभाग के अधिकारियों के बीच भाषण कर रहे हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्ष ६ **शिक्षा** अप्रैल १९५४

उत्तर प्रदेश के शिक्षा-विभाग का त्रैमासिक मुख-पत्र

भाषा की शिक्षा और उसकी पाठ्य-पुस्तकें

भगवती शरण सिंह

हिन्दी में लिखने वालों की क्या कही जाय कि उनके पढ़ने वाले ही नहीं पैदा हो रहे हैं या पढ़ने वालों को दोष दिया जाय कि इतना साहित्य होते हुए भी उन्हें पढ़ने का शौक नहीं। किन्तु बात कुछ ऐसी है कि पढ़ने वालों को शौक हो या न हो लिखने वालों में शौक की कमी नहीं। लिखने वालों को दोष देना अभीष्ट न होते हुए भी यह कहना पड़ता है कि पठनीय साहित्य की बहुत कमी है। किन्तु उससे भी अधिक कमी पढ़ने वालों की है। दोनों के बीच में जो प्रश्न है वह यह कि क्या पढ़ा जाय और क्यों पढ़ा जाय ? इसी का पिछलगा एक यह भी सवाल है कि कैसे पढ़ा जाय ? कैसे पढ़ा जाय का स्पष्टीकरण कैसे पढ़ने की आदत डालने में है। जो कुछ भी हो, जब यह सवाल सामने आते हैं तो एक ओर तो वह साहित्य सम्मुख आता है जिसके सर्जक प्रताप नारायण मिश्र, बालकृष्ण भट्ट, जगमोहन सिंह, बदरी नारायण चौधरी, महावीर प्रसाद द्विवेदी, माधव प्रसाद मिश्र, बालमुकुन्द गुप्त, गोविन्द नारायण मिश्र, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, तथा रामचन्द्र शुक्ल, आदि थे और दूसरी ओर वह बालक सामने आते हैं जिनका भविष्य अ से लेकर ज्ञ तक के लेखकों के हाथ में आ पड़ा है। आजकल की पाठ्य पुस्तकों के पाठों को सरसरी तौर पर देख जाइये तो भी यह बात खटकती है कि उनमें उन लेखकों के नाम नहीं के बराबर हैं जिन्होंने साहित्य साधना में अपना सर्वस्व निछावर कर दिया, जिन्होंने सरस्वती के मंदिर की चौखट कभी नहीं छोड़ी, जिनकी लेखनी की चाल में साक्षात् शारदा के नृत्य का पदचालन ही अक्षर बनकर ढलता था। उन लेखकों के लेखों को पढ़ने की इस अभिलाषा का यह तात्पर्य नहीं कि वैसे समर्थ लेखक अब होंगे ही नहीं। किन्तु यह सच है कि गद्य रचना तो आज की बहुत ही ढीली हो रही है। ऊपर से देखने पर तो गद्य रचना के लिए दो ही बातें आवश्यक प्रतीत होती हैं। एक तो लेखक में भावों की प्रचुरता और दूसरे तदुपयुक्त शब्दों में उन भावों की व्यंजना। भाव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और भाषा का अन्योन्याश्रय सम्बन्ध से तात्पर्य है कि भाव के अनुरूप ही भाषा होती है और इसीलिए भाव परिवर्तन अथवा विषय परिवर्तन के साथ साथ भाषा भी बदल जाती है। लेकिन एक और बात होती है। थोड़े से शब्दों में अधिक भाव और अधिक शब्दों में थोड़े से भाव को भी व्यक्त किया जाता है। किन्तु यह कार्य कभी तो लेखक की बेबसी और असमर्थता का परिचय देता है और कभी उसके भावों की अनस्थिरता का। जब वह अनजाने में थोड़े से भावों को अधिक शब्दों में व्यक्त कर चलता है तो यह उसके भावों के उस क्रम को, उसके भावों की उस अवस्था को, व्यक्त करता है जिस क्रम से या जिस अवस्था से या जिन स्थितियों से होकर वे भाव उसके मन में उदय होते हैं। किन्तु जब वह जानते हुए ऐसा करते हैं तो यह उनकी असमर्थता का परिचायक होता है। "इतना ही नहीं जलती झोपड़ियों पर उसने भी अपने हाथ सेंके" कहने का इतना ही मतलब है कि दूसरों के अपकार से फायदा भी उठाया। किन्तु जिस ढंग से यह व्यक्त किया गया वह ढंग लेखक का भाषा पर न केवल वह अधिकार प्रकट करता है जिसकी आज बहुधा ही कमी प्रतीत होती है, वरन् वह सहृदयता, वह सक्रिय सहानुभूति या तादात्म्य भी प्रकट करता है जिसके बिना लेखनी केवल निर्जीव और मूक शब्दों की योजना करती है। मैंने ऊपर जिन लेखकों के नाम गिनाए हैं उनमें इस बात की कमी नहीं थी। दूसरी ओर वह शैली है जिसमें सुन्दर भावों के लिए शब्दों की योजना तो बहुत ही सुन्दर होती है पर एक बार पढ़ने पर पाठक शब्दों में ही खो उठता है। तीसरे वे लोग हैं जो शब्दाडम्बर तो बहुत रचते हैं पर बहुत छानबीन करने पर भी भाव या अर्थ की निष्पत्ति प्राय: नहीं के बराबर ही होती है। ऐसी रचनाओं में ध्वनि अधिक हुआ करती है अर्थ कम। किन्तु जब हम अर्थपूर्ण शब्दों की योजना करते हैं, जब ये शब्द रसात्मक वाक्यों में गुथे जाकर रमणीयार्थ के प्रतिपादक होते हैं तभी किसी रचना को साहित्यिक कहा जा सकता है। अन्यथा शब्द और अर्थ के संतुलन ठीक न रहने पर और इस प्रकार असंतुलित होने पर, कि शब्दों के अननुरूप या उनसे हल्के अर्थों की निष्पत्ति होने लगे, तो वह केवल साहित्याडम्बर कहा जायगा। कहने का तात्पर्य यह नहीं कि भावों की दुरूहता या अस्पष्टता सदैव ही दोष मानी जाय। क्योंकि भाषा भावों का परिवहन ही नहीं करती वरन् उनसे अनुप्राणित भी होती रहती है। ऐसी दशा में भाषा की दुरूहता या अस्पष्टता कभी कभी लेखक की मन:स्थिति का भी परिचय देती है। इस प्रकार का सार्थक और साभिप्राय प्रयोग समर्थ लेखक ही कर सकते हैं और कहा भी है "गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति।"

लेकिन बालकों के मन में भाव और भाषा दोनों का युगपत उदय होता है। फिर भी परस्पर की दौड़ में एक, दूसरे को पीछे छोड़ने की चेष्टा करता है और समर्थ भी हो जाता है। जब भाव भाषा को पीछे छोड़ देते हैं तो भाषा अस्पष्ट और दुरूह, तथा अर्थ व्यक्ताव्यक्त हो जाता है। जब भाषा भाव को पीछे छोड़ देती है तो विभिन्न शब्दों का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वह मेल तैयार होता है जिसे भौतिक मिश्र तो कह सकते हैं किन्तु रासायनिक योग नहीं। भाषा और भाव, दूसरे शब्दों में गिरा और अर्थ, भिन्न होते हुए भी अभिन्न हैं ऐसा कहा गया है। पर इस अन्योन्याश्रय सम्बन्ध के बावजूद, इस अभिन्नता के होते हुए भी भाव का पलड़ा भारी है, उसका महत्व अधिक है, और उसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। जहाँ शब्द होगा वहाँ अर्थ भी होगा ही और जहाँ भाव होंगे वहाँ शब्द आ ही जायँगे। शब्दों के बिना अर्थ की निष्पत्ति नहीं हो सकती और अर्थ के बिना शब्द योजना नहीं। यदि भाव प्रचुर हैं, प्रभूत हैं, तो अपने अनुरूप शब्द खोज ही लेंगे, अन्यथा शरीर के अवयवों को फोड़कर, विकृत कर, निकल पड़ेंगे। इसीलिए उन भावों को जिन्हें परा, पश्यन्ती और मध्यमा ही व्यक्त कर सकती हैं या जिन्हें वैखरी नहीं बिखरा सकती उनको व्यक्त करने के लिए मनुष्य या तो अटपटी भाषा का सहारा लेता है या नृत्य और संगीत का। किन्तु इससे यहाँ प्रयोजन नहीं। भाव के अनुरूप भाषा की बात थी। भाव अपने लिए भाषा ढूँढ़ ही लेते हैं और भाषा की सार्थकता इसी में है कि वह एक क्रमबद्ध निश्चित भावधारा को व्यक्त करने में समर्थ हो। भाव ही भाषा का आत्मा है। जिस प्रकार आत्मा के निष्क्रमण कर जाने पर शरीर अन्य सब अवयवों और आभूषणों के रहते हुए भी असुन्दर और निर्जीव हो जाता है उसी प्रकार भावहीन भाषा भी केवल सर्पोत्सृजित केचुल है। वस्तुतः भाव और भाषा एक ही दर्पण के दो पक्ष हैं या यों कहा जाय कि भाषा दर्पण के एक ओर लगने वाला सेंदुर है जिसके लगने पर ही भाव स्पष्ट हो सकता है। जो कुछ भी हो, यह सत्य है कि भाव और भाषा का उदय एक साथ ही होता है और इसीलिए भाषा भाव के अनुरूप होती है या होनी चाहिए। यह बात दूसरी है कि हम इस प्रकार प्रकट हुई निसर्ग भाषा की काट छांट करें, उसे उन्नत बनाने का प्रयत्न करें और इस प्रयत्न में चाहे उसे उन्नत करें अथवा अवनत, और यह लेखक के सामर्थ्य पर है।

तो यह आवश्यक है कि जहाँ तक बालकों का प्रश्न है उनके भावों की अवहेलना न होनी चाहिए। उनके भाव ही उनके सर्वस्व हैं और उनकी रक्षा उनके अभिभावकों, विशेषतः उनके शिक्षकों का परम कर्त्तव्य है। भावों की रक्षा, भाषण से अधिक लेखों में होती है और इस दृष्टि से देखने पर यह स्पष्ट है कि उनके लेखों पर विचार करते समय उनकी भाषा की अपेक्षा उनमें व्यक्त भावों पर अधिक महत्व देना चाहिए। उनके भावों में ही उनका परिचय मिलता है, और उन्हीं की मान्यता, उनमें परिष्कार और शोधन उन्हें उदात्त बनाता है। भाषा तो स्वयं रास्ता पकड़ लेती है, लेकिन दोनों का संतुलन ठीक हो, दोनों एक दूसरे को पुष्ट करते रहें इसके लिए, जैसा कि पहले कहा जा चुका है, बालकों को शब्दों से शराबोर करते रहना पड़ेगा। ऐसा करने के लिए जिन साधनों को काम में लाया जा सकता है उनमें पठनीय सामग्री का महत्व सर्वोपरि है। बालक जितना ही पढ़ेगा उतना ही उसके भावों में परिष्कार होगा और उसके भावों का जामा भी तदनुरूप

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चुस्त और दुरुस्त होता जायगा। यहीं एक कठिनाई भी उत्पन्न होती है। प्रश्न उठता है उन्हें क्या पढ़ने को दिया जाय ? कैसी पुस्तकें उन्हें सुलभ करायी जाँय ? बालकोपयोगी पुस्तकों की समस्या बहुत ही कठिन है। उसे यों त्यों नहीं टाला जा सकता। यह कार्य विशेषज्ञों द्वारा विचारणीय है। किन्तु हम लोग, जिन्हें अपने बच्चों की चिन्ता है अपनी ओर से इतना ही कह सकते हैं कि उन्हें जो पुस्तकें दी जाँय वह भावों की दृष्टि से अत्यन्त सुसंस्कृत और उदात्त हों तथा भाषा तदनुरूप हो। ऐसा कहकर भी मैंने भावों पर ही अधिक जोर दिया है। संस्कृत और असंस्कृत घरों के बच्चों में जो अन्तर होता है वही अन्तर अच्छी और बुरी पुस्तकों के पढ़ने वाले बच्चों में भी होता है। संस्कृत घरों के बच्चे अच्छा लिखते भी हैं और अच्छा बोलते भी हैं। इसीलिए न कि उन्हें सौंदर्य के पारखी बनने के अधिक अवसर मिला करते हैं ? असंस्कृत घरों में यह सुविधा नहीं होती। उसी प्रकार पुस्तकों का भी प्रभाव पड़ता है। पुस्तकों के क्षेत्र में, मेरा तात्पर्य बालकोपयोगी पुस्तकों के क्षेत्र से है, हम अपनी दरिद्रता छिपा नहीं सकते और हमारे हाल के प्रयत्नों का पेवंद हमारी दरिद्रता को और भी दुखदायी बना रहा है। बालकोपयोगी पुस्तकों के नाम पर उपलब्ध होने वाली पुस्तकों में अधिकांश का यह हाल है कि उनमें भाव और भाषा का कुछ ऐसा मेल कराया गया है कि उसके पढ़ने वाले बालकों को न तो भाव ही मिलते हैं और न भाषा ही। हो सकता है कि यह प्रश्न कुछेक को विवादास्पद जान पड़े पर साधारणतः यह सभी के अनुभव की बात है और आज का बालक समुदाय दोनों दृष्टियों से अभागा है। भावों की अनुदात्तता और भाषा की कुरूपता का ही यह परिणाम है कि साधारणतः बालक अभद्र और कुसंस्कृत से देख पड़ते हैं। उनमें मेधा की कमी तो नहीं है अतः जब उनकी बुद्धि के लिए उदात्त आचार विचार की प्रस्तावना करने वाली पुस्तकें और शिक्षक नहीं मिलेंगे तो उनकी कुशाग्रता बिना टिकट के यात्रा करने में और चोरी करने पर दंड देने वाले अध्यापकों का अपमान करने में ही लगेगी। यह दुःख की बात है कि हमारे बालकों में नैतिक अधःपतन का एक कारण हमारी बढ़ती हुई गरीबी भी है किन्तु फिर भी हम उसे दूसरे तरीकों से पूरा कर सकते हैं। पर यह तो विषयान्तर हो रहा है। विचार तो लिखने और पढ़ने का हो रहा था और मैं कह रहा था कि भाव और भाषा, शब्द और अर्थ अधिकता से पुस्तकों में ही मिल सकते हैं।

भाषा सीखना, और भाषा पर अधिकार पाना दोनों दो बातें हैं। भाषा सीखने के लिए तो वर्णमाला और व्याकरण के मौलिक सिद्धान्तों का ज्ञान अलम् हो सकता है। किन्तु भाषा पर अधिकार पाने के लिए अधिक तपस्या की आवश्यकता हुआ करती है। बालक को प्रारम्भ से ही इसके लिए प्रस्तुत करना चाहिए। उसे पढ़ने की, जो कुछ भी अच्छी पुस्तक सामने पड़ जाय उसे पढ़ने की चाहे कुछ समझे या बहुत कुछ न समझे, आदत डालनी आवश्यक है। यह कार्य किसी सिद्धान्त अथवा नियम के अन्तर्गत नहीं किया या कराया जा सकता। यह तो आदत डालने के ऊपर है। यह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवश्य है कि पहले बालक के लिए ऐसी सामग्री प्रस्तुत करनी पड़ेगी जिसे वह समझ सके और जो उसे रुचिकर लगे। साथ ही कुछ अप्रत्यक्ष दबाव डालकर या उदाहरण उपस्थित कर उसे कुछ न कुछ जो भी भाषा में लिखा है पढ़ते रहने को उत्साहित करते रहना उसकी आदत के प्रथम सोपान हो सकते हैं। दूसरा कार्य भाषा के अच्छे नमूने या सुभाषित आदि रटाने का है। इससे भी भाषा पर अधिकार पाने में सहायता मिलती है। रटना और रटने की आदत डालने के विषय में अधिकतर रोचक सैद्धांतिक विवाद हो जाया करता है पर इतना निर्विवाद है कि भाषा की शिक्षा में किसी हद तक रटना भी लाभदायक हुआ करता है। भावों की ऊँचाई या अर्थ की गहराई तक पहुँचने के लिये भाषा के सोपान प्रस्तुत करने में यांत्रिक गति की आवश्यकता पड़ा करती है और बहुत कुछ कील कांटे जब तक यांत्रिक तीव्रता से न जोड़े जाँय तब तक सोपान उस तीव्रता से नहीं तैयार होता जिसकी कि भावों को पकड़ने में बहुधा ही आवश्यकता हुआ करती है। अतः भाषा के अच्छे नमूने और सुभाषित आदि का रटना सदैव लाभदायक हुआ करता है। संस्कृत में तो संधि समास के नियमादि भी श्लोकबद्ध होने के कारण रटने में सुकर हुआ करते हैं पर हिन्दी में वह सौकर्य नहीं। हिन्दी अधिक गद्यमय होने के कारण संस्कृत से कठिन होती है। वस्तुतः भाषा सीखने और उस पर अधिकार पाने का चरमोद्देश्य उसकी निसर्ग प्रवाहमय अभिव्यंजना में ही तो है? और यह प्रवाह तभी आ सकता है जब भाषा लिखने में प्रयास की आवश्यकता न पड़े। जब भाषा अनजान में लिखी जाय। जब भाषा लेखक की लेखनी से उसके भावों को लेकर वैसे ही निकले जैसे ऋतुराज के आने पर वृक्ष की डालों में कोपलें निकलती हैं। यह तभी हो सकता है जब लेखक के पास अक्षय शब्द भंडार हो। इतना ही नहीं उसे उनके उपयुक्त व्यवहार का ज्ञान भी हो। लेकिन इस शब्द भंडार का संचय वृद्धावस्था में नहीं हो सकता। यह तो बालकों के प्रारम्भिक जीवन का प्रयास है। प्रारंभिक अवस्था में भाषा कोश का संचय कर लेने पर बाद को खर्चने में बड़ा आनन्द मिलता है। फिर कहना पड़ेगा कि इस कोश का संचय पूर्व लिखित साधनों में सबसे अधिक पढ़ने से ही होता है। लेकिन अधिक पढ़ना पढ़ने की आदत पर निर्भर है और पढ़ने की आदत तभी पड़ सकती है जब सुरुचिपूर्ण पठनीय सामग्री सुलभ हो। इन सब प्रयत्नों का निश्चित प्रभाव बालक के मन और बुद्धि पर पड़ता है जो बाद को उसके लेखों में प्रकट होता है। जहाँ तक अनुभव की बात है मेरे देखने में वह सब लेखक जो आज शीर्षस्थानीय हैं अपनी बाल्यावस्था से आज तक अच्छे पाठक और स्मरण शक्ति के धनी रहे हैं। स्मरण शक्ति कुछ तो जन्मना होती होगी किन्तु ऐसा लगता है कि अधिकांशतः यह अर्जित की जा सकती है इसके अर्जन का एक ही तरीका सुलभ जान पड़ता है कि बालक को स्मरण करने और स्मरण शक्ति से काम लेने का अवसर दिया जाय और इसके लिये उसे प्रोत्साहित किया जाय।

लेकिन इतना ही अलम् नहीं है। भाषा ज्ञान में और उसके उच्चारण के सौंदर्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विकास में पढ़ने या पढ़ाने का ढंग भी अधिक महत्वपूर्ण समस्या है। प्राथमिक कक्षाओं में विशेष कर ग्राम्य क्षेत्रों में समवेत पाठ की परिपाटी सम्भवतः अब भी है। समवेत पाठ में स्वर भेद से अद्भुत रव घोषित होता है। यह तो मैं नहीं कह सकता कि उसके क्या लाभ हैं पर बालकों के कंठ और फेफड़ों की अच्छी कसरत हो जाया करती है। पढ़ने के इन ढंगों में से कौन अच्छा है या अधिक लाभदायक, मैं बिल्कुल नहीं कह सकता पर सम्भवतः दूसरा ढंग अधिक सौम्य प्रतीत होता है। इस परिपाटी के अनुसार कक्षा में एक विद्यार्थी पढ़ता है और दूसरे अपनी अपनी पुस्तक में वही पाठ देखते और समझते जाते हैं। पर इसमें कुछ दोष भी हैं। बहुधा चित्त न लगने पर विद्यार्थी मास्टर साहब को दिखाने के लिए तो आखें पुस्तक में गड़ाए रखते हैं और उंगली पंक्तियों पर फिरती रहती है पर मन खेल के मैदान में रहता है। एक और प्रकार से हानि होती है। अक्सर खराब पढ़ने वाले लड़के उतना ही पाठ पढ़ने में दुगुना और तिगुना समय लेते हैं। पूरे "कोर्स" को समाप्त करने की इच्छा के कारण मास्टर साहब अच्छे लड़कों से ही पाठ पढ़ाते हैं। कम से कम पहले यही होता था और सम्भवतः अब भी होता हो। इसका फल यह होता है कि खराब पढ़ने वालों की शैली कभी भी उन्नत नहीं हो पाती। लेकिन भाषा की शिक्षा में सस्वर पाठ और स्मरण शक्ति के उपयोग दोनों के ही महत्व को भुलाया नहीं जा सकता। सस्वर पाठ से उच्चारण की शुद्धता और वाणी का सौन्दर्य प्राप्त होता है। भाषा के अच्छे उदाहरणों को स्मरण करने से भाषा में प्रवाह तथा शैली में मौलिकता आती है। यह बात कुछ अटपटी सी भले ही प्रतीत होती हो पर वास्तविकता यही है। यह जान लेने पर कि यह प्रयोग अमुक का है किन्तु आवश्यकता इन्हीं शब्दों की है मौलिकता का पुजारी लेखक सदा शैली की नवीनता और परिवर्तन की ओर झुक पड़ता है। बालकों के विषय में भी यही बात होती है। उन्हें शब्द और उनकी शक्ति तो याद रह जाती है प्रयोग बहुधा भूल जाया करता है और जब वे स्वयं प्रयोग करने बैठते हैं तो एक नवीन चमत्कार उत्पन्न करते हैं।

लेकिन यह सारी बातें तभी सम्भव हैं जब हमारे बालकों के लिये विविध विषयों पर अच्छी पुस्तकें सस्ते दामों सुलभ हों। भाषा के अच्छे नमूने तो भाषा में ही मिलते हैं चाहे विषय कुछ भी हो। पुस्तकें आकर्षक तब होती हैं जब वे सुसज्जित हों और उनका उपयोग तब हो सकता है जब सब को इनकी जानकारी हो तथा सस्ती हों। न तो राजकीय और न सामाजिक, एक भी अभिकरण ऐसा नहीं है जो समाचार पत्रों द्वारा या इस विषय के लिए विशिष्ट समीक्षा पत्रों द्वारा जनता को बराबर इस बात की सूचना देता रहे कि अमुक विषय पर अमुक अच्छी पुस्तक प्रकाशित हुई है। यदि आज यह कोई जानना चाहे कि हिन्दी भाषा में सर्वोत्तम पुस्तकें कौन सी हैं तो जनता के लाभार्थ कोई ऐसी सूची प्रस्तुत नहीं है जो सब को सुलभ हो। मैं यह कहा रहा था कि भाषा के साधु प्रयोग और अच्छे नमूने किसी भी विषय की पुस्तक में मिल सकते हैं पर भाषा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की विविधता, शैली का महत्व, भाषा का निखार, उसका मजाव, प्रयोगों की साधुता वा असाधुता और उसकी सजीवता के जितने अधिक उदाहरण या इनके लिए जितना अधिक अवसर साहित्यिक ग्रन्थों, विशेषतः गद्य साहित्य में मिलता है उतना अन्यत्र नहीं। अतः यह आवश्यक है कि हमारे बालकों को पढ़ाई जाने वाली साहित्य सम्बन्धी पुस्तकों के संपादन और प्रकाशन में इन बातों का विशेष ध्यान रखा जाय। जब मैं इन पुस्तकों में वर्तमान लेखकों की कृतियों को स्थान न देने या अपेक्षाकृत कम स्थान देने की बात कहता हूँ तो मेरा मतलब उनकी उपेक्षा या उनमें दोष दिखलाने से कदापि नहीं है। आज भी प्रौढ़ साहित्य की रचना हो रही है। जीवित लेखकों में बहुत से ऐसे लेखक हैं जिनकी कृतियों पर कोई भी राष्ट्र गर्व कर सकता है। गद्य के क्षेत्र में बाबू शिवपूजन सहाय, श्री निराला, श्री सम्पूर्णानन्द जी तथा अन्य कई लेखक हैं जिनके गद्य की सजीवता बरबस ही लोगों को मोह लेती है। यदि हम स्वयं सौन्दर्य के पारखी न भी हों तो भी साहित्यक कृतियों के समालोचक तो होते ही हैं। उनके साक्ष्य पर हम किसी कृति को सुन्दर असुन्दर या क्षणिक और अमर घोषित ही करते रहते हैं। साधारणतः हम उन्हीं की आँखों देखते हैं और उनकी मान्यता साहित्यिक जगत में होती ही है। जिस प्रकार कवि विशेष प्रतिभा सम्पन्न पुण्यात्मा देहधारी नरश्रेष्ठ होता है उसी प्रकार उसके आलोचक भी विशिष्ट दृष्टि सम्पन्न और कला पारखी जौहरी होते हैं। साधारण मानव, साहित्य की हाट में इन्हीं जौहरियों के साक्ष्य पर अपना सौदा करता है। यों तो खरीदने वाले की भी अपनी परख काम करती ही है। लेकिन यह सब होते हुए भी साहित्यिक या कला कृति का सबसे बड़ा समालोचक और पारखी काल-समय-होता है। वह अपनी कसौटी पर हमारी कृतियों को सब के बाद कसता है पर कसता है सब को और निर्दयता पूर्वक खरा खोटा कहकर कभी-कभी पूर्व निश्चित मूल्यवान रत्नों को भी फेंक देता है। इसीलिए मैं सोचता हूँ कि जहाँ तक बालकों का सम्बन्ध है उन्हें वे ही कृतियाँ अधिक पढ़ाई जाँय जो काल की कसौटी पर खरी उतर चुकी हों।

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रचनात्मक कार्य—एक संस्मरण

देवीदीन त्रिवेदी

पिछले कुछ वर्षों के संगठन और सामूहिक कार्य के फलस्वरूप हमारी विभिन्न इकाइयों में एक निकट सम्पर्क स्थापित हो गया था। विशेषकर अच्छे स्तर के सांस्कृतिक कार्य क्रम से रायबरेली जिले में और जिले के बाहर जन समूह को आकर्षित करने में हमारी शिक्षा संस्थायें, विशेषतया प्रशिक्षण संस्थायें (राजकीय नार्मल स्कूल और सचल शिक्षा दल) आशातीत सफलता प्राप्त कर चुकी थीं। नगर के बाहर तो ऐसे प्रदर्शनों को इतना पसन्द किया गया कि प्रत्येक अवसर पर बहुत बड़ा जन समूह एकत्र होता रहा। जूनियर हाई स्कूलों और अच्छे प्राइमरी स्कूलों ने भी जहाँ-तहाँ इनका आयोजन किया और उनको बड़ा प्रोत्साहन मिला।

इसी जन सम्पर्क की पृष्ठ भूमि पर अप्रैल सन् '५२ में हमारे सहकारियों का ध्यान रचनात्मक कार्य की ओर गया। बहुत से नये जूनियर हाई स्कूल और राजकीय योजना में अधिकांश प्राइमरी स्कूल छप्पर और पेड़ की छाया में चलते थे। नवयुवक अध्यापकों—विशेष कर सचल शिक्षा दल के छात्राध्यापकों और नार्मल स्कूल के प्रवेशार्थियों को इस बात की आवश्यकता प्रतीत हुई कि इस जन सम्पर्क को संध्याकालीन मनोरञ्जन तक ही सीमित न रख कर, उससे ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त करके स्कूल की पूरी-पूरी इमारतें बना कर खड़ी करदी जायँ। मरम्मत आदि तो थोड़ी बहुत पहिले से भी इच्छा अथवा अनिच्छा पूर्वक अध्यापक कभी-कभी करा लिया करते थे। परन्तु यदि पूरी इमारत छात्रों, वर्तमान अध्यापकों, भावी अध्यापकों और नागरिकों के विशेष प्रयत्न से ही उठती हुई दिखाई पड़े तो इस बात की सम्भावना अवश्य होगी कि उनके हृदय में उस इमारत के प्रति एक गौरव पूर्ण भावना और साथ ही उसके लिये सक्रिय दर्द होगा जो उसको गिरने और खराब होने से बचावेगा भी।

आरम्भ में दो सामाजिक सेवा शिविर चुने गये। एक—"जगतपुर" में नार्मल स्कूल के प्रवेशार्थियों द्वारा पक्का जूनियर हाई स्कूल बनाने के लिये और दूसरा—"बेलामेला" में कच्चा जूनियर हाई स्कूल सचल शिक्षा दल के छात्राध्यापकों द्वारा। जगतपुर में सूबेदार रामनाथसिंह ने एक हाल अपने व्यय से बनवाने के लिये कहा। स्थानीय कार्यकर्ता और अध्यापक भी रुपया और सामान एकत्र करने में लग गये। एक पुराना पक्का मकान ७५ रुपया की नाम मात्र की लागत में मिल जाने से ईंटों की बड़ी सुविधा हुई। परन्तु प्रवेशार्थियों में शिक्षितों की श्रम से भागने की आदत पूर्ण रूप से व्याप्त थी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवेशार्थियों की संख्या लगभग ८० के थी। अनुभव की कमी एवं असह्य गर्मी के कारण अनावश्यक कष्ट भी हुआ फिर भी श्री इन्द्रजीत सिनहा उप विद्यालय निरीक्षक और उनके सहकारियों की लगन से इमारत पूरी होकर रही। केवल पक्की छत का काम शेष था जिसके लिये कुशल कारीगरों की ही आवश्यकता थी।

"बेला मेला" में वातावरण और भी विचित्र था। जिस समय श्री ज़की रज़ा प्रधान निर्देशक अपने सचल शिक्षा दल के ५० छात्राध्यापकों को लेकर वहाँ पहुँचे, गाँव वालों को यह विश्वास ही न था कि ये पढ़े लिखे लोग इमारत का एक कमरा भी बना सकेंगे। दूसरे, स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्राम सभापति ने चन्दा करना, सामान और लकड़ी माँगना, काटना, ढोना तथा इमारत में केवल एक दो मनचले ग्राम वासियों की सहायता से ही पूरा काम करना दल के ही ऊपर पूर्णतः छोड़ दिया। यहाँ तक कि जो सामान मिल सकता था उसके उपयोग के लिए किराया देना पड़ा। नया काम, मई की कड़ी गर्मी, प्रारम्भिक असहयोग की उलझनें और कठिनाइयाँ सब ने मिलकर इस शिविर को तो इस योजना का एक कठिन परीक्षा-स्थल बना दिया था। मैं यहाँ तक तैयार हो चुका था कि इस कुसमय में शायद मुझे एक सप्ताह शिविर में रहना पड़े। सुबह शाम ईंट गारा और लकड़ी का काम करके, दोपहर में "लोकई महराज" की जै बोलकर, घर-घर फूल माला पहिना-पहिना कर चन्दा एकत्र किया गया जिससे कि आवश्यक दैनिक व्यय पूरा होता रहा। उस आवश्यक व्यय में दो राजों का व्यय भी सम्मिलित था क्योंकि साल भर के अनुभव के बाद भी हम यह आवश्यक समझते हैं कि कोने की जुड़ाई, सूत बाँधने, डाट बनाने, और कुछ ऐसे ही अन्य कार्यों के लिए दो राज नितान्त आवश्यक हैं। अनुभवी लड़के बीच की सारी जुड़ाई कर लेते हैं और इतना सामान राजों के सर पर मढ़ते रहते हैं कि वह स्वयं बहुत तेज काम करें। सारे कामों की प्रगति तीव्रता के साथ होती रहती थी। रात में सांस्कृतिक कार्य—कीर्तन, प्रहसन, व्यंग, ग्रामगीत, प्रचार, प्रार्थना और भर्त्सना सभी से युक्त होता था। अन्तिम दिन जब कि बढ़ई आदि को लगभग १०० रुपया देना शेष था तो 'यमराज और उनके नर्क' के प्रदर्शन से ही उत्तेजित होकर ग्राम सभापति ने ५० रुपया और चारों ओर बैठे ग्रामवासियों ने लगभग आधी रात को ५० रुपया देकर हमारे जन सम्पर्क के इस नए प्रभावशाली साधन पर सफलता की छाप लगा दी। इमारत पूरी हो गई। जिले की जनता और समाचार पत्रों ने हमारे ऊपर विश्वास प्रकट किया। २९ जुलाई १९५२ को शिक्षा संचालक महोदय ने स्वयं आकर जगतपुर में शिलान्यास किया। "बेला मेला" की पूर्ण और सजी सजाई इमारत का उद्घाटन भी किया। यहीं पर उन्होंने सांस्कृतिक कामों का वह सुन्दर क्रम भी देखा जिसकी सहायता से हमने जन सम्पर्क का आश्रय लेकर अपने कार्य को सफल बनाया था। हममें आत्म-विश्वास था कि हम ऐसे कठिन स्थलों पर काम पूरा करने के बाद जिले के किसी कोने में जाकर डट सकते हैं।

२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बरसात में काम बन्द करना पड़ा। परन्तु योजनाओं और प्रारम्भिक सम्पर्कों की गति जारी रही। दशहरे तक तीन इमारतों का और अन्तिम प्रबन्ध हो चुका था कि इतने में सचल शिक्षा दल के सभी निर्देशक प्रयाग के निकटवर्ती प्रादेशिक शिविर 'सोरॉव' में बुला लिए गये। उस शिविर में प्रान्त के सभी शिक्षा दल के प्रधान-निर्देशक और कुछ सहायक निर्देशक भी थे। यह प्रसन्नता की बात है कि रायबरेली के अनुभवी दल ने वहाँ की इमारत खड़ा करने, जन सम्पर्क स्थापित करने और प्रदर्शनी में चन्दा जमा करने में प्रमुख भाग लिया। परन्तु इसमें ६ सप्ताह लग गये और ज़िले की इमारतों का काम उस काल तक के लिए स्थगित करना पड़ा जबकि जाड़े की वर्षा के कारण कच्ची इमारतों के बनाने में लगातार कार्य नहीं सम्भव था।

यह योजना का दूसरा संगठन काल है। दोस्तपुर में ऋतु अनुकूल न होते हुये भी १५ दिन के अन्दर नार्मल स्कूल के छात्राध्यापकों के एक दल ने वहाँ की पक्की इमारत बना डाली जिसकी ईंटें कई वर्षों से पड़ी थीं। जो कुछ आठ दस हज़ार ईंटों की कमी हुई उसे वहाँ के एक अवकाश प्राप्त रेलवे अधिकारी श्री माधव प्रसाद त्रिपाठी ने पूरा किया। उन्होंने हमें पर्याप्त सहयोग दिया। नार्मल स्कूल के दूसरे दल ने किलौली की कच्ची इमारत और चहारदीवारी पूरी की जहाँ १९४७ से बार-बार योजना बनती थी, चन्दा जमा होता था, और उचित संगठन तथा जनशक्ति के अभाव में समाप्त होकर ग्रामवासियों में एक नया अविश्वास और निराशा भर जाती थी।

सोथी में रबी की फसल में ओले पड़ चुके थे। फिर भी ग्रामवासियों ने और विशेषकर ग्राम सभापति श्री छत्रपालसिंह ने यह जानकर कि अवसर बार-बार नहीं मिलेगा निश्चय कर लिया कि सचल शिक्षा दल को हम पूर्ण सहयोग देंगे। ग्राम सभापति ने तो एक अभिभावक को जो श्रम काल में अपने बच्चे को स्कूल से हटा लेना चाहता था इन खुले शब्दों में डाँटा "यह पढ़े लिखे ५० अध्यापक हमारे नौकर नहीं हैं। तुम्हारा लड़का काम करेगा, तुम काम करोगे, हम काम करेंगे और सब गाँव काम करेगा।" पास के जूनियर हाई स्कूल महराजगंज के विद्यार्थियों ने पूरी चहारदीवारी स्वयं बना डाली। इस अपूर्व सहयोग का फल यह हुआ कि इमारत १२ दिन के अन्दर बन कर तैयार हो गई यद्यपि ईंटों की अस्थायी कमी हो जाने के कारण कार्य कुछ मन्थर गति से चलता रहा। साथ ही हाजीपुर, राजामऊ (तिलोई) में दो इमारतें हमारी सलाह और सामान्य सहायता देने पर ही बन गईं। इस प्रकार जनवरी १९५३ के अन्त तक ७ इमारतें पूरी बन चुकी थीं। इनमें हर एक तीन या चार अध्यापकों के बैठने योग्य है और इनमें से २ पक्की हैं। जैसे-जैसे हमारा अनुभव बढ़ता गया इमारत का स्तर अच्छा भी होता गया। गाँव वालों का सहयोग और सामान भी अधिक मजबूत और अधिक संख्या में प्राप्त होता रहा।

इस बीच हमारे ठोस कार्यों के कारण हमारी योजना पर पंचस मण्डल लखनऊ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के कुछ और जिलों में भी युवक और उत्साही कार्यकर्त्ताओं के प्रयास से कार्य आरम्भ हो चुका है। हमें विश्वास है कि इस कल्याणकारी स्पर्धा में प्रत्येक जिला इमारतों की संख्या, रचना काल की कमी, और कार्य के स्तर में सदैव एक दूसरे से आगे रहने का प्रयत्न करेगा। रायबरेली में हमारे सामाजिक सेवा दलों की मांग बहुत बढ़ती जा रही है। हमारे पास आवेदन पत्र बढ़ती हुई संख्या में आ रहे हैं कि हमने इतनी ईंटे, इतनी लकड़ी, इतना चन्दा जमा कर लिया है और सामाजिक सेवा दल की तिथि निश्चित की जाने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। जहाँ कहीं सभापति, अध्यापक, अथवा कोई प्रमुख जनसेवी व्यक्ति की विशेषज्ञ सहायता तथा ५ मील के व्यास के अध्यापक, जूनियर हाई स्कूल तथा प्राइमरी स्कूल के सयाने विद्यार्थियों और ग्रामवासियों की सहायता से ही कार्य प्रारम्भ हो जाता है।

प्रजातंत्र दिवस १९५३ से आरम्भ होने वाले सप्ताह में प्राप्त हुई रिपोर्ट के आधार पर चिलौली, कटौरा, बरहवाँ, सवैया धनी, पारी, पहाड़गढ़, मिर्जापुर ऐहारी, पिलखा चिचौली, दीपेमऊ, टोंक, कुढ़ा और पोरई इन १२ स्थानों में कार्य आरम्भ हो चुका था। परीक्षा की निकटता और स्थान के बाहुल्य के कारण यह सम्भव नहीं था कि प्रत्येक स्थान पर समाज सेवा दल अपनी पूरी संख्या में भेजा जा सके और न यह आवश्यक ही है क्योंकि इस तीसरे प्रसार काल में यह योजना बनाई गई थी कि केवल ५ या ६ अनुभवी कार्यकर्ता सूचना, सङ्गठन, विशेषज्ञ सहायता और आवश्यक अनुदान की संस्तुति के लिए प्रत्येक स्थान पर रहें और पास के अध्यापकों, लड़कों और ग्रामवासियों के श्रम-धन के सफल उपयोग का अनुभूत मार्ग बताने में स्थानीय कार्यकर्ताओं की सहायता करें। इस प्रकार इन १२ जगहों में प्रायः सभी स्थानों में शीघ्र दीवालें उठनी आरम्भ हो गईं और सामान जमा होना शुरू हो गया।

इनके अतिरिक्त सब्जी, उफरापुर, मुरैनी, पहाड़पुर, मर्दानपुर, मलके गाँव, अकबरपुर फर्शी, गोपालगंज और जलालपुर में चन्दा तथा सामान एकत्रित होने लगा। गोपालगंज, जलालपुर और मलके गांव में पक्की इमारत बनाने की योजना बनी। ग्राम सभापतियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं को इसी बात का प्रोत्साहन दिया गया कि वह पक्की इमारतें बनाने का प्रयत्न करें। जमींदारी उन्मूलन के कारण ग्रामसभापतियों के पास बंजर और परती की फुटकर लकड़ी के सार्वजनिक कार्यों में सदुपयोग करने की सुविधा हो गई है। इससे उन्हें ईंटों के भट्टे लगाने, और छत पाटने की लकड़ी एक साथ ही मिल जाती है क्योंकि डालियों और लकड़ी के टेढ़े मेढ़े भाग भट्टे में चले जाते हैं और तने से तख्ते, कड़ी, और पाटने का सामान मिल जाता है।

जो ईंटे अब पाथी जा रही हैं उनमें "शिक्षा" खुदा हुआ है और थोड़े दिनों में जब कि जिले की बहुसंख्यक इमारतों की प्रत्येक ईंट "शिक्षा" शब्द से अनुप्राणित हो जायगी तो उस समय हम अपने रचनात्मक प्रयत्न को सफल मानेंगे। ऐसे ईंटों के दर्जनों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सांचे जिले भर में व्यवहृत हो रहे हैं और अधिकांश बच्चों के द्वारा "निर्माण की इकाइयाँ" तैयार हो रही हैं।

रचनात्मक सप्ताह में एक लाभप्रद कार्य और हुआ। प्रत्येक जूनियर हाई स्कूल को केन्द्र मानकर ५ मील के अन्दर जितनी भी इमारतें इस भाँति की मिलीं उनकी साधारण और विशेष मरम्मत की योजना कार्यान्वित की गई। कटी हुई दीवारों में मिट्टी भरना, चहार दीवारी बनाना, फर्श समतल करना, पुताई करना और सजावट के काम पचासों प्राइमरी स्कूलों में किए गये। मेरा विश्वास है कि यदि यह संक्रामक भावना और फैल सकी तो जिला बोर्डों की यह कष्टदायक समस्या स्थानीय प्रयत्नों से ही दूर हो जायगी।

हमने कार्य कम किया है या अधिक यह बतलाना तो हमारा काम नहीं है। किन्तु हमें प्रसन्नता है कि हमने अपने जिले में बड़े-बड़े, मजबूत और गन्दे हाथों वाला एक भूत खड़ा कर दिया है जिसको काम बताने और काम में लगाये रहने की हमें चिन्ता पड़ गई है। माँग निरन्तर बढ़ रही है और हम अपने सीमित साधनों और कार्य-कर्ताओं की संख्या में रक्तबीज की परम्परा के अनुसार तीव्र वृद्धि कर रहे हैं। संक्रामक रूप से ग्राम सभापतियों का भी उत्साह बढ़ रहा है। इस समय हमारे प्रत्येक अधिकारी में ठोस काम करने की लगन है और प्रत्येक अध्यापक के हृदय में अपनी और अपने पड़ोस की इमारतों के लिये एक न मिटने वाली वेदना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तर-प्रदेश में कला-शिक्षण की प्रगति

सुरेश चन्द्र गर्ग, एम० ए०, एल० टी०,
कला प्राध्यापक, राजकीय बेसिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ

सन् १६३६ से पूर्व, हमारे स्कूलों में "कला" केवल कुछ रेखाओं और वृत इत्यादि बनाने की अरुचिपूर्ण विधि तक ही सीमित थी या किसी ड्राइङ्ग की पुस्तक में दिये हुये आकार को (जो प्राय: ग्रीक या रोम के अवनति काल के होते थे) बड़ा या छोटा करके बनवाना अथवा किसी भी एक माडल को सामने रख कर वस्तु-चित्रण कराना, इत्यादि। कला अध्यापक का कार्य केवल बच्चों को अमुक काम करने की आज्ञा देकर, शेष घंटे या घंटों कुर्सी पर बैठ कर ऊँघना, बच्चों के बनाये हुये कुछ आकारों में कहीं-कहीं संशोधन करना, और फिर अंत में उन पर हस्ताक्षर कर देना मात्र था। कला-अध्यापक को न तो बच्चों की रुचि देखने से मतलब था और न कला के विषय का ज्ञान प्राप्त करना ही उसका ध्येय था। उसने कभी "कला" शब्द की परिभाषा, परख अथवा भारतवर्ष में कला की विभिन्न धाराओं के विषय में जानने तक का प्रयास नहीं किया और दूसरे देशों की कला का उसको ज्ञान होना तो बहुत दूर की बात थी। जो बच्चे कला में कुछ रुचि रखते थे वे केवल पान की दूकान जैसे चित्रों की नक़ल करके या कुछ भद्दे फोटों को पैन्सिल से बना कर अपनी कला-तृष्णा की तृप्ति कर लेते थे।

कला-शिक्षण के इस अवनति काल में दूसरे देशों के शिक्षा विशारदों ने रंग, कोयले और मिट्टी द्वारा बच्चों के स्वतंत्रभाव-प्रकाशन की प्रवृति पर कुछ अनुसंधान किये और वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि इस प्रकार का स्वतंत्र-भाव-प्रकाशन बहुत अंश तक कला की वास्तविक परिभाषा के अनुकूल है जो उस समय तक उनको केवल व्यक्तिगत विचार, भाव या प्रेरणाओं का, किसी भी माध्यम द्वारा प्रकटीकरण मात्र ही था। चित्र संख्या १, (पृष्ठ १४ के सामने) जिसमें बच्चे द्वारा डर का भाव प्रदर्शित किया गया है इस तत्व की पुष्टि करने में सहायक होगा।

उपरोक्त ढंग की बच्चों की कला, इंङ्गलैंड, फ्रान्स, रूस, अमेरिका, चीन तथा जापान आदि देशों में बहुत मान्य समझी जा रही थी और भारतवर्ष भी इस विषय में किसी देश से पीछे नहीं रहा। उत्तर-प्रदेश में, स्वर्गीय श्री मनोहर लाल की देख-रेख में चित्रों, डिजाइनों तथा मिट्टी के बर्तनों द्वारा स्वतंत्र-भाव-प्रकाशन का कार्य आरम्भ किया गया। इस समय "कला" केवल स्वतंत्र-भाव-प्रकाशन तक ही सीमित न थी वरन यह प्रयत्न किया जा रहा था कि बच्चों की कला-कृति सुरुचिपूर्ण भी हो और दर्शक को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आंतरिक प्रसन्नता भी प्रदान करें, जिसके लिये विभिन्न कला सामग्री, उसके यंत्र और उपयोगिता के अनुकूल प्रयोग करना तथा कला-तत्वों का ज्ञान जैसे संयोजन (जिसमें संतुलन, पुनरावृति, विभिन्नता और प्रमुखता आदि हैं), अनुपात, और स्थिति-जन्यलघुता का ज्ञान अनिवार्य समझा जाने लगा। चित्र संख्या २ द्वारा यह दिखाया गया है कि किस प्रकार बच्चों का स्वतंत्र-भाव-प्रकाशन, सुरुचिपूर्ण रंगों के संयोजन, अनुपात अथवा स्थिति जन्य-लघुता के कला-तत्वों का ज्ञान, चित्र को सुन्दर बनाने में सहायक होते हैं।

हमारा यह प्रयास, बच्चों के स्वतंत्र-भाव-प्रकाशन द्वारा उसके मनोविकार दूर करके एक मनोविज्ञान के सिद्धान्त के अनुसार, बच्चों को एक श्रेष्ठ नागरिक बनाने तक ही सीमित न रहा वरन हमने बच्चों के इस रुचिपूर्ण कार्य को उनके भाषा, गणित, सामाजिक विषय तथा विज्ञान इत्यादि पढ़ाने के लिये भी प्रयोग किया जैसा कि चित्र संख्या ३ और ४ से प्रकट होगा।

हमने व्यवहारिक तथा व्यवसायिक कला के क्षेत्रों में भी बच्चों से कार्य कराना आरम्भ किया जिसमें उन्होंने पुस्तक के अन्त के प्रपत्र, बिक्री की वस्तुओं को लपेटने के कागज, कपड़ों की छपाई के डिजाइन और शिक्षा, समाज, संस्कृति तथा व्यवसाय के विज्ञापन तक बनाये। आसन, दरी, कालीन व बर्तन इत्यादि के डिज़ाइन बना कर उनको दस्तकारी में प्रयोग कराया गया। प्राकृतिक पत्ती, पौधों व फूल इत्यादि के चित्रण द्वारा उनको सरल और अलंकारिक बना कर हम इन सब वस्तुओं के डिजाइनों के लिये सुन्दर इकाईयाँ सरलता से प्राप्त कर लेते थे। "कला" का कार्य, केवल रंग तक ही सीमित न रहा वरन हमने मिट्टी द्वारा स्वतन्त्र-भाव-प्रकाशन से लेकर, गोलियों द्वारा माला बनाना, खिलौने बनाना, बर्तन बनाना, उभारदार डिज़ाइन बनाना, दैनिक-जीवन के प्रयोग की वस्तु जैसे क़लमदान, साबुनदान, पुस्तक-आधार तथा बिजली का लैम्प-स्टैन्ड इत्यादि और साथ ही साथ, कक्षा में और विषयों का ज्ञान कराने के लिये रेत की तख्ती पर दैनिक-जीवन व अन्य देशों के दृश्य इत्यादि भी बनवाये। साबुन, मोम, क़ागज की लुब्दी, पैरिस प्लास्टर व सीमैन्ट इत्यादि का प्रयोग, कमरा व बाग सजाने के लिये, सुन्दर माडल बनाने में किया गया।

अब भी हम सन्तुष्ट न थे कि जो कुछ हमने किया है वह भारत की भावी कला को उन्नत-रूप देने में पर्याप्त होगा। इस प्रकार की कला जो हमने अपने बच्चों के सामने रखी, वह "कला" तो अवश्य थी परन्तु वह भारतीय संस्कृति, काम करने की विधि तथा विषय के आधार पर, बिल्कुल ही विदेशी थी। इसको उचित रूप देने के लिये यह आवश्यक समझा गया कि हम आधुनिक माध्यम और काम करने की विधियों का प्रयोग करते हुये भारत की कला की प्राचीन परम्परा (जो कि अपनी रेखाओं द्वारा भाव-प्रकाशन, सादृश्य, छाया और प्रकाश, व एकसार रंगों के आकार पास-पास सजा कर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(चित्र संख्या १)

(चित्र संख्या २)



(चित्र संख्या ३)

(चित्र संख्या ४)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रंगों की मिलावट, अथवा हर प्रकार की सजावट में कमल, हाथी, चिड़िया या अन्य विचित्र आकारों का प्रयोग करने में विख्यात थी) एक सामंजस्य उत्पन्न कर सकें ।

इतनी उच्च-कोटि के कार्य, बेसिक स्कूलों की छोटी कक्षाओं के सामर्थ्य के बाहर थे इसलिये हमने ये चीज़ें, हाई स्कूल तथा इएटरमीडियेट कक्षाओं के पाठ्य-क्रम में सम्मिलित कराने का प्रयत्न किया जिसमें हमें बहुत अंश तक सफलता मिली है और आशा है कि आगे भी हम इस ओर, और उन्नत-रूप में पग बढ़ा सकेंगे । यह कार्य और भी अधिक सफल हो सकता है यदि हम प्रारम्भ से ही, बच्चों को भारतीय कला प्रदर्शनी इत्यादि में ले जायें या बेसिक स्कूल की कक्षाओं में, भारतीय कला के कुछ उत्तम चित्र बच्चों को दिखाने के लिये रख सकें और समय-समय पर उनकी विशेषताओं का ज्ञान कराते रहें ।

इतना कार्य कर लेने के पश्चात्, हमको कुछ समय रुक कर देखना होगा कि कला का यह नया दृष्टि-कोण बच्चों में कला की परख और भारतीय कला को उन्नत करने में कहाँ तक सफल हुआ है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिक्षा में व्यक्तिगत सम्पर्क की आवश्यकता

लाल जी राम शुक्ल

संसार के सभी सभ्य देशों की सभी शिक्षा प्रणालियाँ लौकिक सफलतावादी अथवा बुद्धिवादी हैं। इन शिक्षा प्रणालियों में मनुष्य के व्यक्तित्व के उन भावों का विकास नहीं होता जो मनुष्य को मनुष्य के साथ शान्ति पूर्वक रहने की क्षमता प्रदान करते हैं। टालस्टाय महाशय के इस कथन में मौलिक सत्य है कि आधुनिक विज्ञान से मनुष्य को सभी कुछ सिखाया जाता है परन्तु उसे अपने पड़ोसी के साथ रहना नहीं सिखाया जाता। विज्ञान की वृद्धि से मनुष्य की सुख की सामग्री बढ़ गई है। परन्तु उसमें एक दूसरे को विनष्ट करने की भी शक्ति बढ़ गई है। यदि शिक्षा की प्रगति केवल बुद्धिवादिता की ओर रही तो एक दिन संसार के सभी लोगों के विनाश का प्रश्न उपस्थित हो जावेगा। वर्तमान शिक्षा प्रणाली मनुष्य को शक्ति देती है। वह उसे शान्ति नहीं देती। शान्ति प्राप्ति के लिये हृदय की शिक्षा की आवश्यकता है। मनुष्य को उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व की शिक्षा ही शान्ति दे सकती है।

जब शिक्षक और शिष्य एक दूसरे के समीप आते हैं तो एक के विचार, इच्छायें, आकांक्षायें, और भाव दूसरे के बन जाते हैं। मनुष्य में चरित्र के गुण व्यक्तिगत सम्पर्क से ही आते हैं। विचारों की शिक्षा तो पुस्तकें पढ़कर हो जाती हैं। आजकल के विद्यालयों में विद्यार्थियों की केवल बौद्धिक शिक्षा होती है। उनके चरित्र और भावों की शिक्षा नहीं होती। मनुष्य के जिस अंग पर ध्यान दिया जाता है उसका बल बढ़ जाता है और जिसकी अवहेलना होती है उसका बल घट जाता है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली में मनुष्य की बुद्धि के विकास की ओर ही अधिक ध्यान दिया जाता है। उसकी पैसा कमाने की शक्ति बढ़ायी जाती है। उसके भावों के विकास की ओर तथा उसकी दूसरों के लिये त्याग करने की शक्ति की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। अतएव विद्यार्थी में बुद्धि बढ़ जाने पर और रुपया कमाने की शक्ति आ जाने पर भी उसमें दूसरों के साथ रहने की, उनके दुःख सुख के अनुभव की क्षमता नहीं आती। इस प्रकार की शिक्षा शिक्षक और शिष्य के व्यक्तिगत सम्पर्क से और व्यक्तिगत विचारों के आदान प्रदान से होती है।

प्राचीन काल की शिक्षा प्रणाली में बालकों की शिक्षा गुरु के घर अथवा मठ में होती थी। इससे गुरु से व्यक्तिगत सम्पर्क रहता था। शिष्य गुरु के लिये और गुरु शिष्य के लिये सभी कुछ त्याग करते थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वे एक दूसरे के सुख दुःख में भाग लेते थे। जीवन की छोटी-छोटी बातों को जानने से और उनके विषय में बातचीत करने से मनुष्य के भावों की शिक्षा होती है। जो व्यक्ति किसी व्यक्ति की सुख-दुःख की बातें सुनता है वह उसका स्नेह भाजन बन जाता है। ऐसे व्यक्ति का प्रभाव दूसरे की न केवल बुद्धि पर पड़ता है, वरन् उसके हृदय पर भी पड़ता है। इससे दोनों में ही परिवर्तन व्यक्तिगत सम्पर्क से होता है।

मनुष्य जीवनोपयोगी बातें किसी से भी सीख सकता है। आजीविका कमाने के साधन ऐसे व्यक्ति से भी सीखे जा सकते हैं जिसे सीखने वाला हृदय से घृणा करता है। परन्तु चरित्र बनाने की बातें उसी व्यक्ति से सीखी जा सकती हैं जिसके प्रति शिक्षार्थी की श्रद्धा हो अर्थात् जिसे वह चरित्रवान समझता हो और हृदय से उसे प्यार भी करता हो। मनुष्य की जिस व्यक्ति में श्रद्धा होती है उसके भले गुणों को वह अनायास ग्रहण कर लेता है। यदि ऐसे व्यक्ति के प्रति उसका स्नेह भी हो तो ये गुण और जल्दी आ जाते हैं। इस प्रकार का स्नेह सम्बन्ध व्यक्तिगत बात-चीत और कार्यों के द्वारा होता है।

यह बात अब सभी लोग मानने लगे हैं कि जैसे-जैसे सभ्यता का विकास होता है मानसिक रोगों की वृद्धि होती जा रही है। सभ्यता के साथ-साथ मनुष्य की आकांक्षायें और इच्छायें बढ़ती जाती हैं लेकिन इनकी तृप्ति का मार्ग नहीं निकलता; थोड़े लोग तो अपनी इच्छाओं की तृप्ति कर पाते हैं, परन्तु अधिक लोग दुःखी ही बने रहते हैं। यही दुःख मानसिक रोग बन जाता है। इच्छा की तृप्ति करते रहने पर जो सामाजिक संघर्ष होते हैं उसके परिणामस्वरूप बड़े-बड़े विनाशकारी युद्ध होते हैं। इच्छाओं की तृप्ति के पीछे पड़े लोगों में विवेकशीलता नहीं आती। उनकी इच्छा की तृप्ति में बाधा डालने वालों का विनाश कर डालना उनका प्रमुख उद्देश्य हो जाता है। फिर इस प्रकार दूसरों का विनाश करते-करते वे स्वयं का ही विनाश कर डालते हैं। यदि उत्ते-जित इच्छाओं का दमन किया जाय तो वह भी हानिकारक होता है। इसी प्रकार की इच्छाओं के दमन से व्यक्तित्व का विच्छेद हो जाता है। मनुष्य का कल्याण इच्छाओं की शक्ति को सन्मार्ग पर लगाने से ही होता है। इसके लिये समुचित संयम के अभ्यास की आवश्यकता है। यह संयम व्यक्तिगत सम्पर्क से ही आता है।

सभी प्रकार के सामाजिक और व्यक्तिगत असन्तोष की जड़ मनुष्य की इच्छा शक्ति की कमी में पाई जाती है। जब मनुष्य में न्याय के संस्कार दृढ़ नहीं होते तो वह स्वार्थवश दूसरों की हानि करता है। जब देश भर के लोग यह अन्याय करने लगते हैं तो बड़े-बड़े युद्ध होते हैं, सभी प्रकार के युद्धों का कारण नैतिकता के नियमों की अवहेलना है। एक पक्ष जब नैतिक नियमों की अवहेलना करता है तो दूसरा भी उन नियमों की अवहेलना करने लगता है और फिर युद्ध से ही मनुष्य को आत्म-नियन्त्रण की आवश्यकता की शिक्षा मिलती है। जो लोग न्याय की बुद्धि होने पर भी इच्छाओं

३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के वशीभूत होकर अन्याय का आचरण करते हैं वे मानसिक रोगों के शिकार बनते हैं। मनुष्य को सभी प्रकार के दण्ड संयम के अभाव के कारण मिलते हैं। यह अभाव इच्छा शक्ति की दुर्बलता का द्योतक है। जब मनुष्य की इच्छा-शक्ति बली हो जाती है तो मनुष्य अपने ऊपर सयंम रखने में समर्थ होता है। इच्छा-शक्ति का बल बलवान इच्छा-शक्ति के व्यक्ति से सम्पर्क स्थापित करने अथवा उसके अभिभावकत्व में रहने से ही आता है।

आधुनिक शिक्षा प्रणाली एक मशीन के समान है। विज्ञान ने संसार में मशीनों की संख्या बढ़ाई है। मशीन एक साथ बहुत सा माल तैयार करने के लिये आवश्यक होती है। जिस प्रकार कपड़ा और बर्तन पैदा करने वाली बड़ी बड़ी फैक्टरियाँ वर्तमान युग में हैं इसी प्रकार मनुष्य के व्यक्तित्व को बनाने वाली फैक्टरियाँ आधुनिक काल में स्कूल कालेज और विद्यालियों के रूप में संसार में वर्तमान हैं। फैक्टरी का पदार्थ उपयोगिता की दृष्टि से अच्छा होता है परन्तु उसमें व्यक्तिगत कारीगरी का अभाव रहता है। ऐसा पदार्थ कलाविहीन रहता है। न उसमें कारीगर की कला का प्रदर्शन होता है और न उससे खरीदने वाले को हार्दिक सन्तोष होता है। फैक्टरी का पदार्थ निर्जीव होता है। जो मनुष्य सदा मशीनों में काम करते रहते हैं वे भी मशीन के समान निर्जीव बन जाते हैं। जिस प्रकार निर्जीव पदार्थों को तैयार करने वाली फैक्टरियाँ मनुष्य को हृदयहीन बना देती है, इसी प्रकार शिक्षालय भी उसमें काम करने वाले लोगों को हृदय हीन बना देते हैं। फिर फैक्टरियों से तो निर्जीव ही पदार्थ उत्पन्न हो सकते हैं इसी प्रकार जो लोग वर्तमान विद्यालयों में पढ़ते हैं वे बुद्धि से कुशल अवश्य होते हैं परन्तु उनमें भावों की शून्यता आ जाती है। वे मानव जीवन का मूल्यांकण रुपया पैसा से करने लगते हैं। सबसे अच्छी विद्या वह है जिससे अधिक से अधिक रुपए पैसे की प्राप्ति हो और सबसे अच्छा नागरिक वह है जो अधिक से अधिक रुपया स्वयं कमा सके और जिससे दूसरों को रुपया कमाने में अधिक से अधिक सहायता मिल सके!

प्रकृति ने मनुष्य को मशीन बन जाने के लिये नहीं बनाया है। जब मनुष्य अपने उन आध्यात्मिक गुणों को खो देता है जो मानवता के आधार स्तम्भ हैं तो प्रकृति ऐसी परिस्थिति उत्पन्न कर देती है जिससे आपस में लड़कर मनुष्य अपना ही विनाश कर डाले। संसार में बढ़ते हुये पागलपन का और बड़े बड़े विस्फोटक युद्धों का प्रयोजन यही है। मशीन पहले मानवता का विनाश करती है पीछे वह मनुष्य का ही विनाश करने में उद्यत हो जाती है! मशीन के विषय में चिन्तन करने वाले लोगों में मनुष्य की स्वतन्त्र इच्छा-शक्ति के विषय में कोई कल्पना नहीं रहती। मनुष्य भी अन्य भौतिक पदार्थों के समान कई तत्वों के मिश्रण का परिणाम माना जाता है। इस असत्य को विनाश करने के लिये बड़े बड़े विस्फोटकों की आवश्यकता होती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमारी आधुनिक शिक्षा प्रणाली आदर्शहीन है। उसके मूल्य जीवन यापन भर के हैं। पशु जीवन से मानव जीवन किस बात में पृथक है इस पर कोई विचार नहीं किया जाता, फिर उन मूल्यों की प्राप्ति की बात तो दूर रही जो मानव जीवन को सफल बनाते हैं। जीवन के सबसे ऊँचे मूल्यों का ज्ञान सत्संग से ही होता है। यह सत्संग व्यक्तिगत सम्पर्क की वस्तु है। सत्संग के द्वारा सत्संगियों का आपस में न केवल विचारों का वरन् भावों का भी आदान प्रदान होता है। इससे मनुष्य का चरित्र गठन होता है। अंग्रेजी में कहावत है कि जिस प्रकार रोग संक्रामक है इसी प्रकार आरोग्य भी संक्रामक है। एक व्यक्ति के जीवन के आदर्श दूसरे में उसके अनजाने ही अनायास चले जाते हैं। व्यक्तिगत सम्पर्क से ही मनुष्य की इच्छाशक्ति बलवान होती है और उसमें असाधारण त्याग करने अथवा कार्य करने का सामर्थ्य आता है।

प्राचीन शिक्षा प्रणालियों में धार्मिक सम्मेलन का विशेष स्थान रहता था। बालकों की धर्म शिक्षा विद्यालयों में होती थी और प्रौढ़ लोगों की शिक्षा सत्संग के द्वारा होती थी। इस प्रकार की शिक्षा से मनुष्य को न केवल जीवन के उच्चतम मूल्यों का ज्ञान होता था वरन् वह ऊँचे जीवन के लिये अभ्यास भी करता था। अब इस प्रकार के साधनों का अभाव है। अतएव केवल आर्थिक दृष्टि से उपयोगी बातें एक मनुष्य दूसरे से सीखता है, यह अर्थकरी विद्या अनेक प्रकार के असंतोष की और तज्जन्य मानसिक रोगों की जड़ है। जब तक शिक्षा की इस कमी को पूरा नहीं किया जायगा जो धार्मिक सम्मेलनों के अभाव से उत्पन्न हो गई है तब तक मनुष्य विनाशकारी कार्यों से रोका नहीं जा सकता। ईर्ष्या और द्वेष के कारण वह संगठित होकर विनाश के कार्यों में लगा ही रहेगा। जिस व्यक्ति का भीतरी मन असन्तुष्ट है वह बाहरी मन से सन्तुष्ट कैसे रह सकता है? आन्तरिक असन्तोष को मिटाना शिक्षा शास्त्रियों का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिये।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाभाष्यकार पतञ्जलि के दृष्टिकोण का विश्लेषण

श्री रामशंकर भट्टाचार्य

वेदांग में व्याकरण प्रधान है, और व्याकरण वाङ्मय में पातञ्जल महाभाष्य का स्थान अतिशय महत्वपूर्ण है। स्वयं प्राचीन व्याख्याकार मानते थे कि पतञ्जलि का प्रामाण्य पाणिनि से अधिक है (यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्) क्योंकि वे सबसे अधिक प्रयोग दर्शी हैं।[1] इस निबन्ध में पतञ्जलि का दृष्टिकोण क्या था, उसका उदाहरण के साथ विवेचन किया जायगा।

पतञ्जलि के दृष्टिकोण को जानने के लिये उनके तत्सम्बन्धी विशिष्ट वचनों की आलोचना करनी होगी, अतः हम विभिन्न विषयों में उनके आलोचनार्थ वाक्यों का संकलन कर उन पर विचार करेंगे। हम उनके ही वाक्यों से उनके दृष्टिकोण का परिचय देंगे तथा किसी प्रकार की कपोलकल्पना का आश्रय नहीं लेंगे। तदनुसार उनके वचनों का निम्न भाग हो सकता है :—

(क) व्याकरणशास्त्र के विषय में उनका अभिमत;
(ख) आचार्य के प्रति श्रद्धा;
(ग) आचार्य की समालोचना;
(घ) विशाल दृष्टि का परिचय;
(ङ) अन्याय्य अंश का परिवर्जन;
(च) न्याय अंश का ग्रहण;
(छ) न्याय प्रयोग में कुशलता;
(ज) लौकिक चरित्र विज्ञता;
(झ) परिहास;
(ञ) दार्शनिक ज्ञान।

(क) व्याकरण शास्त्र के विषय में पतञ्जलि का अभिमत

व्याकरण की महत्ता के विषय में पतञ्जलि ने दो वाक्य कहे हैं—(१) "व्याकरणं नामेयमुत्तरा विद्या। सो सौ छन्दःशास्त्रेषु अभिविनीतः उपलब्ध्या अधिगन्तुमुत्सहते" (१।१।३२) अर्थात् व्याकरण शास्त्र उत्तरा विद्या (पुरा कल्पे पूर्वा, अद्यत्वे तु उत्तरा—प्रदीप) है। प्रातिशाख्य तथा शिक्षाशास्त्र में जो शिक्षित है, वह व्युत्पत्ति से व्याकरण

(१) कैयट ने कहा है--'मुनित्रयात् च भाष्यकारः प्रमाणतरम् अधिकलक्ष्यदर्शित्वात्—(प्रदीप २।४।२६)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चं.५ / ३४ ३२,०६६

शास्त्र का ज्ञान कर सकता है। इससे पतञ्जलि यह भी सूचित करना चाहते हैं कि व्याकरण शास्त्र के पूर्णाङ्ग ज्ञान प्रतिशाख्यादि ज्ञान के सापेक्ष हैं।

आचार्य यास्क ने निरुक्त के साथ भी शब्दशास्त्र का ऐसा सम्बन्ध दिखाया है—"तदिदं शस्त्रं व्याकरणस्य कात्स्न्र्यं स्वार्थसाधकं च' (निरुक्त १ अ०)। अन्यत्र पतञ्जलि ने स्पष्टतः कहा है कि पदपाठ भी व्याकरण के अधीन है—"न च लक्षणेन पदकारा अनुवर्त्याः, पदकारै र्नाम लक्षणमनुवर्त्यम्" (८।२।१६) अर्थात् पदकार व्याकरण शास्त्र का अनुवर्ती अवश्यमेव होगा।

व्याकरण शास्त्र और वेदांग के संबन्ध में पतञ्जलि ने कहा है—"प्रधानं च षट् सु अङ्गेषु व्याकरणम्. प्रधाने च कृतो यत्नः फलवान् भवति" (पस्पशा), अर्थात् छै अंगों में व्याकरण प्रधान है और उसमें परिश्रम करने से ही वेदार्थज्ञान रूप महा फल प्राप्त होगा। आचार्य भर्तृहरि ने भी इसी दृष्टि का अवलम्बन कर कहा—'प्रथमं छन्दसामङ्ग-माहु र्व्याकरणं बुधाः' (वाक्यपदीय.......)। व्याकरण की इसी महिमा के कारण ही व्याकरण को वेदानां वेदः (छान्दोग्य उप०) कहा जाता है।

वेद से व्याकरण का अन्य भी सम्बन्ध है, जैसा पतञ्जलि ने कहा है—'सर्ववेद पारिषदं हीदं शास्त्रम्' (२।१।५७) अर्थात् यह व्याकरण सर्ववेद साधारण है (परिषद इदं पारिषदं साधारणम्—प्रदीप)। कैयट ने यहाँ एक अवधातव्य तथ्य का उल्लेख किया है, यथा—"सर्ववेदाङ्गत्वादस्य सर्ववेदसाधारणं लक्षणं बहुलादिग्रहणोपेतं क्रियते। आनु-षङ्गिको लौकिक शब्द संस्कारः इति वेदग्रहणं कृतम्'। कैयट ने लौकिक शब्द संस्कार को आनुषङ्गिक कहा है, इसका कारण चिन्त्य है।

पतञ्जलि ने यह भी कहा है कि व्याकरण शब्दों का निष्पादक नहीं है, प्रत्युत लोकसिद्ध शब्दों के किसी निमित्त का आश्रय लेकर अन्वाख्यान करता है, दूसरे शब्दों में व्याकरण शब्द साधुत्व का ज्ञापक-मात्र है। शब्दों का अर्थ दिखाना भी व्याकरण का विषय नहीं है, वह उस अर्थ में अभिनिविष्ट शब्दों का साधुत्व दिखाकर (बनाकर नहीं) निवृत्त होता है।

(ख) आचार्य के प्रति श्रद्धा

पाणिनि के प्रति आचार्य पतञ्जलि की महती श्रद्धा थी, और इसी श्रद्धा से विग-लित होकर ही उन्होंने बारबार कहा है—'भगवतः पाणिनेः सिद्धम्' 'आह हि भगवान' इत्यादि।

आचार्य पाणिनि ने किस अवस्था में अष्टाध्यायी की रचना की थी, उसका एक अति मनोरम चित्र पतञ्जलि ने खींचा है—'पाणिनि ने कुशहस्त होकर पूर्वमुख में बैठकर पवित्रकाल में सूत्रों की रचना की है। उन सूत्रों में एक वर्ण भी निरर्थक नहीं है'। यह वाक्य पतञ्जलि की व्याख्या का हृदयस्वरूप है,—ऐसा जानना चाहिए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाणिनि के प्रति पतञ्जलि इस प्रकार के अनेक वाक्य लिखते हैं यथा (क) मांगलिक: आचार्यः, (ख) आचार्यः सुहृद्भूत्वा अन्वाचष्टे, अर्थात् पाणिनि सुहृद् हैं, उनके ग्रन्थ के अध्ययन से मङ्गल होता है। हमारे अध्येता बुद्धियुक्त हों, इसलिये पाणिनि ने ग्रन्थारम्भ में मङ्गल किया है, ऐसा भी पतञ्जलि ने कहा है।

पाणिनि के प्रति इतनी श्रद्धा के कारण ही पतञ्जलि पाणिनि प्रयुक्तशब्दों को निष्प्रयोजन समझ कर प्रत्याख्यान करने में सहसा उद्यत नहीं होते थे, जैसा उन्होंने कहा है 'सामर्थ्ययोगान्नहि किञ्चिदस्ति पश्यामि शास्त्रे यदनर्थकं स्यात्' (६।१।७७), अर्थात् तीक्ष्ण बुद्धि से विचार करने से पता चलता है कि पाणिनीयशब्दों में अनर्थक अंश कुछ भी नहीं है, और जहाँ जहाँ पतञ्जलि ने प्रत्याख्यान किया भी है, वहाँ वहाँ पक्षान्तर को ग्रहण कर प्रत्याख्यान किया है, न कि पाणिनि की दृष्टि को भ्रान्त बताया है। कितने ही स्थल ऐसे हैं, जहाँ उन्होंने वार्त्तिकोक्त दोषों का उद्धार किया है, और दिखाया है कि पाणिनि निर्दोष हैं।

पाणिनि के प्रति पतञ्जलि कितने श्रद्धालु थे, इसका पता चलता है, जब हम देखते हैं कि समालोचना प्रसङ्ग में उन्होंने सहसा कहा है—'नासूया कर्तव्या यत्रानुगमः क्रियते' (५।१।५६) अर्थात् अननुगम से दोष होता है। अनन्तता के कारण सब शब्दों का अनुगम करना अशक्य है। अनुगम आचार्य का दोष है—ऐसा नहीं है (देखो प्रदीप)

पाणिनि की अन्य एक विशिष्टता का भी उल्लेख पतञ्जलि ने निम्न शब्दों में किया है—'एवमपि चतस्मिन् समि किंचिद् आचार्यः सुकरतरकं चैकशेषारम्भं मन्यते' (१।२।६४), अर्थात् पाणिनि कभी कभी किसी विषय का विशिष्ट रूप से पाठ करना ही यथार्थ समझते थें, यद्यपि अन्यथा चरण करने से लाभ ही होगा। इन स्थलों के लिये पाणिनि की स्वकीय दृष्टि ही कारण है, अर्थात् उनकी उपज्ञा से वह जिसको ठीक समझते थे, उसी को वह अन्य अनुशासन का त्याग कर भी करते थे, जो प्राक् पाणिनीय आचार्यों के वचनों की तुलना उनके वचनों से करने पर प्रतीत होगा।

इस प्रकार अन्य एक अभिमत भी भाष्यकार का मिलता है। कभी कभी यह देखा जाता है कि एक विषय के सूत्रों में पाणिनि ने भिन्न भिन्न अध्याय या पाद में पढ़े हैं। इस प्रकार प्रक्रमभंग दोष का कारण क्या है—इसके लिये पतञ्जलि ने कहा है—'यदेकं वाक्यं सत् नानादे शस्थं करोति, अन्यदपि किञ्चित् संग्रहीष्यामि इति' (४।१।१) अर्थात् जब आचार्य ने कहीं पर भी इस प्रकार प्रक्रमभंग दोष किया है, वहाँ उसका कुछ न कुछ तात्पर्य है, ऐसा जानना चाहिए। टीकाकारों ने उदाहरण देकर इस मत को सुप्रमाणित किया है। यह निश्चय है कभी कभी पतञ्जलि ने सूत्रकार के प्रति असाधारण भक्ति दिखाई है, जैसा कैयट ने उदाहरण के साथ दिखाया है—'भाष्यकारेण भक्त्यतिशयः सूत्रकारं प्रति प्रदर्शितः, नतुइयं स्पष्टा गतिः (६।१।१७४), अर्थात् पतञ्जलि येन केन रुपेण पाणिनि के प्रति श्रद्धा भाव दिखाते ही हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पतञ्जलि अपनी मनीषा से कुछ कहने की अपेक्षा आचार्य वाक्यों से मत के प्रमाणीकरण को युक्ततर समझते थे, जैसा उन्होंने लिंग के विषय में कहा है—'न चैतन्मन्तव्यं स्वमनीषिकया एतदुच्यते, पठिष्यति ह्याचार्यः लिंगमशिष्यम् लोकाश्रयत्वाल लिङ्गस्य' (४।१।१)

(ग) आचार्य की समालोचना

यद्यपि आचार्य पाणिनि के प्रति पतञ्जलि की अटूट श्रद्धा थी, पर इससे यह नहीं समझना चाहिए कि उन्होंने पाणिनि की समालोचना नहीं की है। विचार प्रसंग में उन्होंने कहा है 'प्रमादकृतमतेदाचार्यस्य' (४।२।७० इत्यादि स्थलों में) पतञ्जलि के इस वाक्य का तात्पर्य क्या हो सकता है यह चिन्तनीय है।*

सूत्र रचना में आचार्यों की दो दुर्बलता का उल्लेख पतञ्जलि ने किया है—'न चेदानीमाचार्याः सूत्राणि कृत्वा निवर्तयन्ति' तथा 'भवति वै किञ्चद् आचार्याः क्रियमाणमपि चोदयन्ति' (६।१।६७) पहले का तात्पर्य यह है कि सूत्र की रचना करने के बाद उसमें संशोधन या परिवर्तन नहीं करते हैं, अर्थात् सूत्र इतना प्रतिष्णात होता है कि वह निर्दोष ही होता है। दूसरे वाक्य का अर्थ है 'आचार्य किया हुआ पदार्थ को कभी कभी पुनः करते हैं।' इसका कारण यह हो सकता है कि एक दृष्टि से जिसका प्रतिपादन किया गया है, दूसरी दृष्टि से पुनः उसका प्रतिपादन करना, जैसा भाष्यकार ने स्वयं कहा है—'दिर्बद्धं' सुबद्धं भवति (६।१।२२३) अथवा यह भी हो सकता है कि स्पष्टार्थता के लिये क्रियमाण अर्थ का पुनः कथन करते हैं। जो कुछ हो, यह कोई न्यायदोष नहीं है, क्योंकि इससे विपर्यस्त बोध नहीं होता है।

इसी प्रयोजनात्मक दृष्टि का अवलम्बन कर पतञ्जलि ने पाणिनिसूत्रस्थ व्यर्थप्राय शब्दों के विषय में कई बार कहा है 'तदतेद्वा-वचनं तिष्ठतु तावत् सांन्यासिकम् (लिटः कानज वा ३।२।१०७ सूत्र पर) या 'तदतेद् धातु ग्रहण तिष्ठतु तावत् सांन्यासिकम्' (६।१।८) सान्यसिक शब्द का क्या अर्थ हो सकता है—आलोचनीय है ३।२।१०७ की व्याख्या में कैयट ने कहा है कि सांन्यासिक शब्द से यह विज्ञापित होता है कि उत्तरवर्ती सूत्रों में इस पद की आवश्यकता है, जिससे सान्यासिक = इसमें सूत्र में त्याग करने योग्य—ऐसा होता है। पतञ्जलि की दृष्टि में यह व्याख्या सङ्गत है, क्योंकि आरम्भ में ही उन्होंने प्रतिज्ञा की है कि अष्टाध्यायी में कोई भी पद निरर्थक नहीं है। वस्तुतः ३।२।१०७ सूत्रीय 'वा'-पद निरर्थक नहीं है—ऐसा काशिकाकार ने स्पष्टतः कहा है। ६।१।८ सूत्र के 'सान्यासिक'-पद की व्याख्या में भी सूत्रीयपद की सार्थकता दूसरी दृष्टि में दिखायी गयी है, जिससे यह ज्ञापित होता है कि यदि सूत्र का कोई पद किसी दृष्टि में व्यर्थ प्रतीत हो, तो समझना चाहिए

*प्रमादकृत का कैयटानुसारी तात्पर्य यह है कि जब आचार्य शिष्यों में सुखबोध के लिये लाघव प्रति अवहित नहीं होते हैं, तब वह प्रमादकृत होता है (प्रदीप ४।२।७०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि अन्य दृष्टि में वह सार्थक है, और सांन्यासिक शब्द का यही तात्पर्य है, जैसा टिप्पणीकार श्री रघुनाथजी ने कहा—'प्रस्तुतस्तु संन्यसनं संस्थापनं तदेवास्य प्रयोजनं, तदतिरिक्त पयोजनाभाव इतितदाशयः' (३।२।१०७)

भाष्यकार ने कुछ स्थलों पर पाणिनीय मत का उल्लंघन किया है—ऐसा प्रतीत होता है। पाणिनि ने मघवत् शब्द को लौकिक कहा है, पर भाष्यकार ने उसको वैदिक कहा है। सम्भव हो कि पतञ्जलि के समय लोकभाषा से उसका प्रयोग उच्छिन्न हो गया था—इसीलिये पतञ्जलि ने ऐसा कहा है। इसका और अन्य कारण क्या हो सकता है, यह चिन्तनीय है।

पतञ्जलि ने कहीं कहीं प्राचीन आचार्यों के सूत्रों से पाणिनीय सूत्रों को तुलना कर पाणिनीय सूत्र को अधिक निर्दोष दिखाया है। तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारेच (२।१।५१) सूत्र भाष्य में उन्होंने इस विषय के काशकृत्स्नीय सूत्र (प्रत्ययोत्तरपदयोश्च) को न्यायदुष्ट बताया है। इस प्रकार का विचार चौ (६।३।१३८) सूत्र भाष्य में भी है। ४।१ ९८ भाष्य में तो उन्हों ने प्राचीन व्याकरणमत का उपन्यासकर पाणिनिमत को न्याय बताया है (किमत्र न्याय्यम्? ञवचनमेव न्याय्यम)। मेरे अंग्रेजी निबन्ध Paninian and prepaninian process' में इस विषय का विस्तृत विचार है।

(घ) विशाल दृष्टि का परिचय

प्रयोगक्षेत्र में पतञ्जलि की दृष्टि विशाल और उदार थी। वे जानते थे कि प्रयोग का क्षेत्र अतिविपुल है, और इसीलिये प्रयोग की अप्रयुक्तता या असाधुता का निर्णय सहसा नहीं हो सकता, ऐसा उन्होंने स्पष्टतः कहा है।* कैयट ने कहा है कि पाणिनि और कात्यायन से पतञ्जलि का प्रामाण्य अधिक है, क्योंकि वे अधिक लक्ष्य दर्शी हैं (प्रदीप २।४।२६)।

जैसे पतञ्जलि ने यह कहा है कि 'अमुक शब्द का प्रयोग नहीं है,' ऐसा कहना कठिन है, विपरीतपक्ष में उन्होंने कुछ प्रयोगों के विषय में यह भी कहा है—'नैषोऽस्ति प्रयोगः' (६।३।१ आदि स्थलों में)। इन दोनों वाक्यों का समन्वयात्मक अर्थ यह होगा कि व्याकरण का सूत्र प्राप्त होने से ही शब्द का प्रयोग सिद्ध नहीं होगा, जिसका लोक में प्रयोग है, वही प्रयुक्त होगा। वस्तुतः पतञ्जलि ने लक्ष्य के अनुसार सूत्रों की व्याख्या की है, जैसा आगे प्रमाणित होगा।

प्रयोग के विषय में पतञ्जलि के दो मुख्य न्याय हैं। (१) यथालक्षणमप्रयुक्ते (६।१।६८ आदि) तथा 'अनभिधान' (४।३।१ आदि)। पहले का पतञ्जलिसंमत अर्थ है—'अप्रयुक्त शब्दों की सिद्धि के लिये व्याकरण का सूत्र प्रवर्तित नहीं होता, और इस प्रकार असिद्ध शब्द न बनाना ही व्याकरण सूत्र का स्वभाव है'। दूसरे का अर्थ है कि यदि

*पस्पशाह्निक में 'अस्त्यप्रयुक्तः' वार्त्तिक व्याख्यान द्रष्टव्य।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिधान (=शिष्टों में अर्थबोध होना) हो तभी सूत्रों से शब्द को बनाया जा सकता है, अन्यथा नहीं, अर्थात् यह नहीं तर्क किया जा सकता है कि व्याकरण के अमुक सूत्र से जितने शब्द की सिद्धि होगी, वे सब अवश्यंभावी रूप से प्रयोग के योग्य भी होंगे। एक उदाहरण लीजिये—पाणिनि के 'तेन दीव्यति खनति जयति जितम्' (४।४।२) सूत्र से 'कुद्दालेन खनति' इस विग्रह से 'कौद्दालिक' ऐसा प्रयोग उपपन्न होता है (काशिका) पर 'अङ्गुल्या खनति' इस विग्रह में उक्त सूत्र की प्रवृत्ति नहीं होगी। इसका कारण क्या है? वैया-करण कहता है कि ऐसे प्रयोगों का अभिधान अर्थात् अर्थबोधनशक्ति नहीं है, अतः ऐसे प्रयोग नहीं होंगे। प्रयोग और व्याकरण के इस सम्बन्ध के विषय में हरिदीक्षित ने कहा—'अविद्यमानायाः शक्तेरेकशेषशास्त्र सहस्रेणापि उपपादयितुमशक्यतया बोधानुपपत्तिरेव स्यात्' (शब्दरत्न १।२।६५)।

विशालदृष्टि के प्रसंग में अनेक अवान्तर विषय आलोच्य होते हैं। हम एक-एक कर उन सबों की संक्षिप्त आलोचना करने जा रहे हैं :—

कुछ विशिष्ट पदार्थों का पतञ्जलि ने जो लक्षण दिया है, उससे उनकी गम्भीर दृष्टि का पता चलता है। हम यहाँ केवल वाक्यों का उदाहरण मात्र देंगे; उन सबों की युक्तता की आलोचना का यह स्थान नहीं है।

संस्कृत भाषा के लिये प्रमाणभूत शिष्ट पुरुषों का लक्षण भाष्य में निम्नप्रकार है—'एतस्मिन् आर्यावर्ते आर्यनिवासे ये ब्राह्मणाः कुम्भीधान्या अलोलुपाः अगृह्य मान कारणाः किञ्चिदन्तरेण कस्याश्चिद् विद्यायाः पारंगताः तत्र भवन्तः शिष्टाः' (६।३।१०९)।

इसी प्रसंग में आर्यावर्त का जो लक्षण दिया गया है, वह ऐतिहासिक दृष्टि से परमोपादेय है—'प्राग् आदर्शात् प्रत्यक कालवनात् दक्षिणेन हिमवन्तम् उत्तरेण पारि-यात्रम्' (६।३।१०९)। आदर्श आदि-पर्वत् विशेष हैं—ऐसा कैयट ने कहा है।

पाणिनि ने अनिरवसित शूद्रों का उल्लेख किया है (२।४।१०)। पतञ्जलि ने इन शूद्रों का जो मार्मिक लक्षणात्मक विवरण दिया है, वह आचार्य की गम्भीर सामाजिक दृष्टि का ज्ञापक है।

शब्द प्रयोग सम्बन्धी कुछ ऐसी विलक्षणताओं का उल्लेख आचार्य ने किया है, जिनसे उनकी सूक्ष्म अन्तर्दृष्टि का ज्ञान हो जाता है। दाक्षिणात्य के लोग तद्धितान्त शब्द के प्रयोग में अधिक रुचि रखते थे (प्रियतद्धिता दाक्षिणात्या—पस्पशाह्निक)। तद्धितान्त प्रयोग का एक असाधारण वैशिष्ट्य का परिचय आचार्य ने दिया है—'विचित्रा स्तद्धित-वृत्तयः' (६।१।९९)। लौकिक व्यवहार से तद्धित प्रयोग का अतिनिकट सम्बन्ध ही इस प्रकार उक्ति का मूल है—ऐसा जानना चाहिये।

पतञ्जलि की दृष्टि में सूत्रार्थ के लिये उदाहरण एक असाधारण सहायक है। उदाहरण के अनुसार सूत्रार्थ करना आचार्य का स्वभाव-विशेष है—यह कहना अत्युक्ति

४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं होगा। कैयट ने कहा है---'एवं तर्हि स्पष्टोदाहरण सद्भावात् भाष्यकारेण नैतत् सुष्ठु निरूपितम्' (६।१।१६२), जो उक्त तथ्य का सुस्पष्ट ज्ञापक है।

पतञ्जलि ने प्रश्नों के जो उत्तर दिये हैं, उनमें एक ज्ञातव्य रहस्य है। कुछ ऐसे समाधान हैं, जो अन्तिम निर्णय नहीं हैं, जिसे 'एकदेशी भाष्य' कहा जाता है। इसके साथ यह भी जानना चाहिये कि पतञ्जलि के कुछ उत्तर शंकाकारी के प्रश्न के अनुसारी हैं, और वे यथार्थ उत्तर नहीं है। ४।१।११२ सूत्रभाष्य में इस प्रकार के उत्तर का एक उदाहरण है। वस्तुतः ऐसे निर्णयों को निर्णय भी नहीं कहा जा सकता है (एवं तर्हि परिहारान्तरामि धानान् न विचारितमतेद् भाष्यकारेण---प्रदीप)।

(ङ) अन्याय्य अन्स का परिवर्जन

व्याकरण शास्त्र के प्रचलित सिद्धान्तों में से पतञ्जलि ने कुछ मतों का परित्याग किया है, और परिवर्जन के लिये हेतु भी दिये हैं। इस प्रकार परिवर्जनों से जो सिद्धान्त निर्गलित होता है, उसे सोदाहरण दिखाया जा रहा है। प्रसंग में यह जान लेना चाहिये कि पतञ्जलि का मौलिक दर्शन था---'न हि अनिष्टार्था शास्त्र प्रवृत्तिः भवितुमर्हति' (६।१।२) अर्थात् व्याकरण से कदापि अनिष्ट प्रयोग नहीं बन सकता। सुतरां सूत्र या मतों का ऐसा अर्थ करना होगा जिससे अनिष्ट प्रयोग न बनता हो।

हंस शब्द का निर्वचन इसका एक उदाहरण स्थल है। कोई वादी कहता था—'हम्मतेः हंसः' (६।१।१३) अर्थात् 'हम्म' धातु से हंस शब्द बनता है। इस पर पतञ्जलि ने कहा है—'कः पुनराह हम्मतेर्हंस इति ? किंतर्हि, हन्तेर्हंसः, हन्ति अध्वानम्' (तत्रैव)। पतञ्जलि ने सयुक्तिक अपने पक्ष का समर्थन किया है, यद्यपि यह नहीं कहा कि 'हम्म' धातु से 'हंस' क्यों नहीं होगा। परिवर्जन का हेतु आचार्य ने क्यों नहीं दिया—यह चिन्तनीय है। इस प्रकार निर्णय नहीं करने का अन्य उदाहरण ६।१।३६ भाष्य में भी है।

कितने ही ऐसे स्थल हैं, जहाँ व्याख्याकारों ने यह प्रमाणित किया है कि भाष्य के अनुसार अमुक सूत्र अमुक शब्द का पाठ वर्जनीय है, यद्यपि पतञ्जलि ने कण्ठरव से ऐसा नहीं कहा ('एतद्भाष्य प्रामाण्यात् च तत्र सूत्रे कक्षीवत्शब्द पाठोऽनार्ष इत्यन्ये—उद्द्योत ६।१।३७)।

सूत्र सम्बन्धी परिवर्जन का एक उदाहरण दिया जा रहा है। ई ३ चाक्रवर्मणस्य (६।१।१३०) सूत्रभाष्य में पतञ्जलि ने कहा---'ईकारग्रहणेन नार्थः; अविशेषेण चाक्रवर्मणस्य आचार्यस्य अप्लुतवद् भवतीत्येव'। यहाँ यह चिन्तनीय है कि क्यों पाणिनि ने 'ई३' शब्द का ग्रहण किया कि वह चाक्रवर्मण का मत है, और पतञ्जलि ने कहा कि चाक्रवर्मण के मत में अविशेष रूप से अप्लुतवद् भाव होता है। भावी खोज इस रहस्य का उद्घाटन करेगा।

पतञ्जलि से परिवर्जित सूत्रों का रहस्य गम्भीर रूप से मननीय है। यह सोचना मूलतः गलत होगा कि जिस सूत्र का प्रत्याख्यान पतञ्जलि ने किया है, वह वस्तुतः अन्याय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, सुतरां प्रत्याख्येय है। इसका एक अवधातव्य उदाहरण उद्द्योत में वर्णित है— 'इदं भाष्यं न सूत्र प्रत्याख्यानपरम् किन्तु वृत्त्याद्युक्तोदाहरणेषु अन्यथासिद्धिप्रतिपादन परम्' (६।४।१६३)। अतएव प्रत्येक प्रत्याख्यान स्थल के लिये यह सोचना होगा कि किस कारण से यह प्रत्याख्यान किया गया है। वस्तुतः पतञ्जलि का एक भी प्रत्याख्यान इसलिये नहीं है कि पाणिनि का सूत्र असंगत है, पर अन्य दृष्टि से उस सूत्र का प्रत्याख्यान हो सकता है—इतना ही पतञ्जलि का तात्पर्य है। वार्त्तिकोक्त दोषों से सूत्र का उद्धार करना पतञ्जलि का मुख्य कार्य जान पड़ता है, जैसा नागेश भट्ट ने दिखाया है—'एवं च वार्त्तिकेन सूत्र-प्रत्याख्यानं न युक्तम् इति भाष्याशय उचितः' (उद्द्योत ४।१।१४)। वस्तुतः पतञ्जलि वार्त्तिक की अपेक्षा सूत्र के प्रति अधिक आस्था रखते थे—कई उदाहरणों से यह बात प्रमाणित होती है (इदं तर्हि प्रयोजन मित्यादितु भाष्यकृतः सूत्र प्रयोजन प्रदर्शनन वार्त्तिकप्रत्याख्यान मित्याहु—उद्द्योत ४।१।१४)।

अन्याय अंश के परिवर्जन में हम उन उन अंशों को भी ले सकते हैं, जो संशोधनात्मक हैं। जैसे पाणिनि का सूत्र है—'उप सर्गादनोत् परः (६।४।२६)। भाष्यकार ने कहा है कि यह सूत्र 'उपसर्गाद् बहुलम्' होना चाहिये। 'सामान्यवच्चनं विभाषितं विशेष वचने' (८।१।६०) सूत्र में भाष्यकार ने 'बहुवचन' शब्द से सूत्र का पूरण किया है। अनेक स्थलों पर ऐसे संशोधनात्मक वाक्य हैं। ऐसे स्थलों का विशेष विचार पृथक रूप में किया जायगा।

कुछ ऐसे भी शब्द हैं, जिनको भाष्य प्रामाण्य से व्याख्याकारियों ने असाधु कहे हैं, यद्यपि कोष में उनका प्रयोग है। यथा ३।२।६९ सूत्र भाष्य प्रामाराय से 'क्रव्याद' शब्द असाधु कहा गया है (उद्द्योत)। इसी प्रकार भाष्य स्वारस्य से धातुपाठ में भी टीकाकारों ने संशोधन किया है, जैसा उद्द्योतकार ने कहा है—'केचित्तु एतत्सूत्रस्थ भाष्यप्राभारायात् × × × हेड वेष्टने इति धातोः वटादो असांप्रदायिकः पाठ इत्याहुः (१।२।२९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सफल-परीक्षा

वी० एस० माथुर

'प्रचलित परीक्षा प्रणाली' सदा से ही सन्देहास्पद विषय रहा है। इसका सम्बन्ध अधिकतर अनुचित अभ्यासों, यथा प्रश्न-पत्र का पता लगा लेने, परीक्षकों तथा विश्व-विद्यालय के सत्ताधारियों तक पहुँच होने से लगाया जाता है; यह कारण भय का संचार करने के लिये पर्याप्त थे अब तो परीक्षार्थियों ने परीक्षकों तथा निरीक्षकों के ऊपर बल-प्रयोग भी प्रारम्भ कर दिया है। हाल ही में अलीगढ़ से सूचना मिली थी कि एक डिग्री-कालेज के प्रिंसिपल की केवल इसी कारण हत्या कर दी गई थी कि उन्होंने एक परीक्षार्थी को परीक्षा देते समय नकल करते हुए पकड़ लिया था। यदि इस दिशा में शीघ्र ही कोई कठोर कार्यवाही नहीं की गई, तो मुझे भय है कि कोई भी व्यक्ति परीक्षक अथवा परीक्षा के समय सुपरिंटेन्डेन्ट या निरीक्षक बनने का साहस न करेगा, और परीक्षायें पुलिस के कठोर निरीक्षण में लेनी पड़ेंगीं।

परन्तु मैं विद्यार्थियों में इस बढ़ती हुई विरोध की भावना का उत्तरदायी केवल विद्यार्थियों को ही नहीं मानता। हमारी सामाजिक तथा शैक्षणिक व्यवस्था भी समय के साथ चलने में पीछे रह गई है। आज का युग प्रतियोगिता का युग है—इसमें केवल विभिन्न राष्ट्रों में ही नहीं, वरन् व्यक्तियों में भी प्रतियोगिता की तीव्र भावना है। आर्थिक तथा बेकारी की कठोर समस्याएँ इस युग की प्रधान अंग हैं, अनेक व्यवसायों के लिये डिग्री या डिप्लोमा का होना आवश्यक है, यही कारण है कि विद्यार्थियों का एक मात्र ध्येय केवल परीक्षा पास कर लेना है। सहायक-पुस्तकें तथा 'कोचिंग-कालेजों' की भरमार सी हो रही है, और वास्तव में शिक्षा जिसको 'पूर्ण-जीवन के लिये तैयारी' माना जाता था, अब कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होती। उचित अथवा अनुचित रीति से पास होने मात्र के मार्क्स मिलना प्रत्येक परीक्षार्थी आवश्यक समझता है। यही कारण है कि फेल होने पर अथवा परीक्षा में किसी कारणवश पकड़े जाने पर विद्यार्थी व्यग्र हो उठता है, उसे अपना जीवन नष्ट हुआ दिखाई देता है, और वह उचित अनुचित, अच्छा बुरा सब कुछ भूल जाता है, परिणाम यह होता है कि वह या तो आत्म-हत्या कर लेता है, अथवा परीक्षकों आदि की हत्या कर डालता है।

अस्तु हमें शिक्षा की प्रत्येक समस्या पर, विशेष कर परीक्षा के विषय पर पुनः विचार करना तथा उसका अध्ययन करना चाहिये। शिक्षा का उद्देश्य क्या है? तथा वर्तमान परीक्षा-प्रणाली उस उद्देश्य की पूर्ति में कहाँ तक सहायता पहुँचा सकती है?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्तमान परीक्षा, यह सत्य है, कि विद्यार्थी की स्मरण-शक्ति की परिचायिका अवश्य है। दो वर्ष के समग्र कार्य की परीक्षा केवल पाँच या छः प्रश्नों पर अवलम्बित होती है, यद्यपि विद्यार्थी इन प्रश्नों को किसी प्रकार ठीक कर दे, तो कोरा होने पर भी वह डिग्री प्राप्त करने का अधिकारी मान लिया जाता है। इसके विपरीत जो विद्यार्थी सारे वर्ष ठीक तरह काम करता रहा हो, परन्तु किसी कारणवश परीक्षा-प्रश्नों को ठीक न कर सके, तो उसके अन्य गुणों व शक्तियों की अवहेलना करके उसे असफल घोषित कर दिया जाता है।

परीक्षा-प्रश्नों पर अंक देना भी पूर्णतः वैयक्तिक विषय है, जो अधिकतर परीक्षक की मनोदशा पर अवलम्बित होता है। प्रयोगों व अनुभव से प्रमाणित होता है कि एक ही उत्तर-पत्र को यदि दो परीक्षक पृथक-पृथक देखें तो उनके अंक देने में लगभग ५० प्रतिशत तक का अन्तर हो जाता है। यही नहीं एक ही परीक्षक एक ही पत्र को यदि पुनः किसी अन्य अवसर पर देखे तो उसी पर भिन्न अंक देता है, ऐसा भी कई बार देखा जा चुका है। परीक्षा की यह दशा अत्यन्त असन्तोष जनक है। आधुनिक 'ओब्जेक्टिव टेस्ट्स' परीक्षा की इस वैयक्तिकता को तो कुछ अंशों में दूर कर सकते हैं, परन्तु अन्य समस्याएँ सम्मुख रह जाती हैं।

परीक्षा की इस समस्या को सुलझाने के लिए कुछ ऐसा प्रयत्न करना चाहिये जिससे वार्षिक परीक्षा को ही सबसे अधिक महत्व न दिया जाये। यदि यह सम्भव हो जाये तो परीक्षार्थियों को परीक्षकों से मित्रता गाँठने, विश्व विद्यालय के अधिकारियों को रिश्वतें देने अथवा अन्य कोई अनुचित कार्य करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ सकती। यह समस्या अत्यन्त जटिल है, प्रयोगों तथा अनुभवों से ही इसको सुलझाया जा सकता है। नीचे मैं अपने कतिपय तुच्छ सुझाव रखता हूँः—

१—विद्यार्थियों की उन्नति की परीक्षा करने के लिये मासिक 'आश्चर्य-परीक्षण' अत्यन्त सहायक सिद्ध हो सकते हैं। वार्षिक परीक्षाओं के कुल अंकों में से लगभग बीस प्रतिशत अंक इन मासिक परीक्षणों को मिलने चाहिये।

२—लगभग २५ प्रतिशत अंक कार्यक्रम के अतिरिक्त कार्य, तथा व्यायाम-शिक्षा, वाद-विवाद, पुस्तकालय आदि में पठन पाठन, तथा आचरण व व्यवहार आदि, के लिये निश्चित होने चाहिये। इसके लिये इन विषयों से सम्बन्धित अध्यापक ही उत्तरदायी होगें।

३—वार्षिक परीक्षा के सम्बन्ध में कुछ सुझाव (वार्षिक परीक्षा के अंक कुल अंकों का ५०% भाग होना चाहिये।)

(अ) वार्षिक परीक्षा के लिये परीक्षा से पूर्व ही कोई समय-विभाग परीक्षार्थियों को नहीं बताना चाहिये, उन्हें केवल इतना ही बताना चाहिये कि परीक्षा इस तिथि से प्रारम्भ होगी तथा अमुक तिथि पर समाप्त होगी। प्रश्न-पत्र का विषय उसकी परीक्षा से केवल २४ घंटे पूर्व बताना चाहिये।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(आ) प्रश्न-पत्र बनाते समय वास्तव में परीक्षक को उस विषय पर कोई भी शीर्षक लेकर प्रश्न बनाने चाहिये, जिससे उस विषय में विद्यार्थी के वास्तविक ज्ञान का परिचय मिल सके। इसका उद्देश्य यह है कि दो वर्ष के समय में विद्यार्थी यथा-शक्ति उस समय उस विषय का अधिक ज्ञान प्राप्त करके, उसमें निपुणता प्राप्त कर सके। अब तो हम जानते ही हैं, कि केवल परीक्षा के निकट आने पर ही विद्यार्थी अपनी पढ़ाई प्रारम्भ करते हैं और किंचित निर्वाचित अध्ययन ही कर पाते हैं, यही कारण है कि सस्ते लेखक तथा प्रकाशकों को बहुत लाभ होता है, और दुकानों पर सस्ती सहायक पुस्तकों का ढेर दृष्टि-गोचर होता है। इन सहायक पुस्तकों में कतिपय महत्त्वपूर्ण निर्वाचित विषयों के निर्वाचित प्रश्नोत्तर प्रकाशित किये जाते हैं, परीक्षा से कुछ दिन पूर्व छात्र इन उत्तरों को कंठाग्र कर लेते हैं और परीक्षा में सफल भी हो जाते हैं। अतः सर्व प्रथम इस प्रकार की सस्ती सहायक पुस्तकों का प्रकाशन बन्द कर देना चाहिये।

परीक्षा में बैठने से पूर्व प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम पाठ्य-क्रम के तीन चौथाई भाग का विधिपूर्वक अध्ययन अवश्य कर लेना चाहिये; सम्भवतः इस कार्य की सिद्धि के लिये यह उचित हो कि परीक्षा प्रारम्भ होने से एक मास पूर्व, प्रत्येक प्रश्न-पत्र के विषय में लगभग पन्द्रह प्रश्न, सर्वसाधारण की सूचनार्थ प्रकाशित कर दिये जायें। इस प्रकार विद्यार्थी कम से कम प्रत्येक विषय के उन पन्द्रह प्रश्नों को अवश्य ही भलीभाँति पढ़ेंगे, और हमारी शिक्षा का कुछ उद्देश्य पूर्ण हो जायेगा।

मैं यह भी सुझाव रखता हूँ कि परीक्षा के हॉल में प्रत्येक विषय की चुनी चुनी 'रेफरेन्स बुक्स' होनी चाहिये, शब्द-कोष भी वहीं रखे जा सकते हैं, जिससे विद्यार्थी उनसे लाभ उठा सकें। लॉ (Law) की परीक्षाओं में ऐसा अब भी होता है। भूगोल आदि विषयों में प्रायोगिक तथा बाह्य-कार्य भी परीक्षा का एक प्रमुख अंग होना चाहिये। सातवीं श्रेणी के विद्यार्थी से 'भारत के प्राकृतिक विभाग' के सम्बन्ध में मौखिक प्रश्न करके उसकी स्मरण-शक्ति की परीक्षा लेने की अपेक्षा भारत का रिलीफ-मान चित्र पढ़ाना अधिक श्रेयस्कर होगा।

४—उत्तर-पत्र पर अंक देने के लिये मनोवैज्ञानिक आधार होना चाहिये परीक्षक अथवा प्रधान-परीक्षक की मनोदशा नहीं। स्वच्छता, हस्त-लेखन, भाषा, मौलिकता तथा किसी विशेष विषय के विस्तार के लिये विद्यार्थी को श्रेय देना चाहिये।

साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिये कि स्वयं परीक्षक अपने आलस्यवश किसी प्रकार का अनुचित कार्य न करें। अतएव परीक्षकों की एक स्थानीय समिति नियुक्त कर दी जाये तो उचित रहेगा, इस समिति के सदस्य शिक्षक स्वयं होगें।

उपर्युक्त योजना को भलीभाँति समझने के लिये मेरे शिक्षा दर्शन को समझ लेना भी आवश्यक है। मेरा विश्वास है कि शिक्षा-प्रक्रिया की परिगति परीक्षा ही नहीं है, ऐसा न मानने पर हम सच्चे अर्थों में शिक्षाऽज्ञ नहीं कहला सकते, हम अपने व्यवसाय में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

असफल रहेंगे। एक प्रसिद्ध शिक्षाविज्ञ का कथन है—"जो कुछ हमने सीखा है, उस सब के विस्मृत हो जाने पर जो शेष रहता है, वही वस्तुतः शिक्षा है।" हममें से अधिकांश शिक्षक इन शब्दों के गूढ़ अर्थों को नहीं समझते हैं। एक साधु अध्यापक कुछ ज्ञान प्रदान करके ही संतुष्ट नहीं हो जाता वरन् वह तब ही संतुष्ट होता है जब उसके विद्यार्थी स्कूल या कालेज छोड़ने के पश्चात् भी शिक्षार्जन करना सीख जाते हैं। अस्तु परीक्षा का रूप ऐसा होना चाहिये जिससे वे शिक्षा-प्रक्रिया में उत्तेजक बनने में समर्थ हो सकें, उसमें बाधक नहीं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माध्यमिक शिक्षा की प्रगति

(गतांक से आगे)

मोती लाल भार्गव, एम० ए०

पाठ्यक्रम निर्धारण

उत्तर प्रदेश इन्टरमीडिएट एक्ट १९२१ की धारा १३ (१) के अन्तर्गत बोर्ड को यह अधिकार दिया गया है कि वह बोर्ड के कार्य-संचालन-हेतु विभिन्न समितियाँ चुने। इन समितियों में मुख्य यह हैं।

(१) परीक्षा-समिति
(२) पाठ्यक्रम-समिति
(३) मान्यता-समिति
(४) अर्थ-समिति
(५) विषय-समितियाँ

उपरोक्त समितियों का चुनाव बोर्ड के चुनाव के पश्चात् प्रथम वार्षिक बैठक में होता है। साधारणतः प्रत्येक समिति में ५ सदस्य होते हैं और वे २ सम्बद्ध (Co-opt) कर सकते हैं। केवल पाठ्यक्रम-समिति तथा कृषि समितियों की संख्या भिन्न होती है। प्रत्येक समिति को यह अधिकार है कि वह आवश्यकता पड़ने पर अनु-समिति (Sub-committee) नियुक्त कर सके। कुछ अनु-समितियाँ धीरे-धीरे कार्य बढ़ने से महत्व पूर्ण बन गई हैं, जैसे परीक्षाफल-समिति (Results committee), व्यक्तिगत-परीक्षार्थी-समिति (Private candidates committee), जाँच-समिति (Scrutiny committee) उपस्थिति-पूरक-समिति (Condonation committee)......

विभिन्न समितियों की आख्याएँ बोर्ड की बैठकों में प्रस्तुत की जाती हैं, बोर्ड उन पर विचार-विनिमय करता है तथा निर्णय करता है। जिन प्रस्तावों के विषय में मतभेद हो जाता है उन्हें या तो रद्द कर दिया जाता है अथवा समिति को वापिस भेज दिया जाता है। बोर्ड की समस्त समितियों में परीक्षा-समिति प्रधानतया सर्वशक्तिशाली समिति है। परीक्षा-संचालन, परीक्षकों, गणकों आदि की नियुक्ति, केन्द्र-स्थापना व तत्सम्बन्धी अन्य जाँच इत्यादि, तथा विभिन्न परीक्षाओं को हाई स्कूल के समान स्वीकार करना इसी समिति की आख्या पर निर्भर होता है। इसी को बोर्ड के विनियमों में सुधार आदि करने का अधिकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। बोर्ड की स्थापना-काल से आज तक अनेक शिक्षा विशेषज्ञों ने इस समिति के कार्य में सहयोग दिया है।

विषय समितियाँ तथा पाठ्यक्रम समितिः—विषय समितियों की आख्याएँ पाठ्यक्रम समिति के सम्मुख प्रस्तुत की जाती हैं। बोर्ड के विधान में यह योजना है कि विषय-समितियों के अध्यक्ष (Convener) पाठ्यक्रम-समिति में अपनी समिति की आख्या पर विचार विनिमय करने में सहयोग देते हैं। अधिकतर अध्यक्ष स्वयं बोर्ड के सदस्य होते हैं, इसलिए वे अपना पूर्ण उत्तरदायित्व समझ कर पाठ्यक्रम समिति में तथा बोर्ड में अपनी समिति के निर्णयों पर प्रकाश डालते तथा वाद विवाद में भाग लेते हैं।

गत ३० वर्षों में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रसार तथा सुधार की ओर प्रान्तीय शासन तथा केन्द्रीय शासन दोनों का विशेष ध्यान रहा। बोर्ड ने भी समय-समय पर इस प्रगति में पूर्ण योग दिया। गत पाँच वर्षों में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य बोर्ड ने किया वह अद्वितीय रहा। बोर्ड का विधान इस ढंग का बना है कि उसके द्वारा समस्त प्रान्त का शिक्षक वर्ग, शिक्षा-विशेषज्ञ तथा विभागीय अधिकारी गण अपने मन्तव्यों द्वारा शिक्षा-सुधार में योग दे सकते हैं। शिक्षा-संचालक अध्यक्ष होने के नाते विभागीय आज्ञाओं तथा निरीक्षकों की आख्याओं द्वारा माध्यमिक शिक्षा की प्रगति आँक सकता है। बोर्ड तो शिक्षा-संचालक के लिए एक दर्पण रूप है, जिसमें वह अपने विभाग का वास्तविक चित्र देख सकता है, व दोनों विभागों का कार्य एक गुत्थी में बाँध सकता है। माध्यमिक शिक्षा सचिव जिला निरीक्षकों द्वारा संस्थाओं का निरीक्षण करा कर तथा परीक्षार्थियों तथा विद्यार्थियों के बारे में जाँच करा कर विभागीय अनुशासन को दृढ़ बनाता है। बोर्ड के सदस्यों में धारा सभा के सदस्य हैं जो राजनैतिक तथा सामाजिक क्षेत्र से स्वतन्त्र विचार धारा को बोर्ड में प्रदर्शित कर सकते हैं। विश्व-विद्यालयों के सदस्य, प्रधानाध्यापकों के चुने हुए सदस्य तथा अन्य विभागीय विशेषज्ञ बोर्ड की नीति-निर्धारण में सराहनीय सहयोग देते रहे हैं। ऐसे बोर्ड में जब जब प्राठ्यक्रम समिति ने सुधार योजनाएँ रखीं, बोर्ड ने उनके तत्व को ग्रहण किया व प्रान्तीय शासन को अपनी आख्या प्रस्तुत की।

प्रान्तीय शासन को विनियम तथा नियमों में संशोधन करने का सर्वाधिकार है। इस प्रकार गत ३० वर्षों में बोर्ड ने जो पाठ्यक्रम निर्धारित किया उसमें शासकीय नीति, विभागीय आदेश, शिक्षा विशेषज्ञों के मन्तव्य तथा बोर्ड के अपने अनुभवों का सुन्दर समन्वय है। क्योंकि भारत में इतना पुराना बोर्ड अपने ढंग का एक ही था इसलिए उसका प्रयास अपने रूप में अनोखा रहा। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा प्रान्त होने के कारण और भी विशेषता रखता है। अस्तु भारत में माध्यमिक शिक्षा प्रगति में उत्तर प्रदेश का विशेष स्थान रहा व रहेगा।

आंग्ल शिक्षा का ध्येय :—१६१७–२२ सर माईकेल सैडलर कमिटी की आख्या

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रकाशित होते ही विभिन्न प्रान्तों की माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के सुझाव रखे गए। संस्थाओं का विभाजन अब भी दो भागों में रहा।

(१) आंग्ल-शिक्षा विद्यालय
(२) हिन्दुस्तानी विद्यालय

शिक्षा का मुख्य ध्येय २०वीं शताब्दी के आरम्भ में वही रहा जो मैकाले ने ७ मार्च, १८३५ के मिनट में इस प्रकार प्रदर्शित किया था :—

"that the great object of the British Government ought to be the promotion of European Literature and Science among the natives of India, and that all funds appropriated for the purpose of education would be best employed on English Education alone."

१८५४ ई० में कोर्ट आफ डाइरेक्टर्स ने भी अपने आदेशों में यही ज़ोर दिया कि शिक्षा का सर्व प्रथम ध्येय ऐसे पुरुषों को तैयार करना है जो शासकीय कार्य में योग दे सकें। इसकी आवश्यकता इस कारण से भी बढ़ती गई कि अंग्रेजी शासकीय भाषा स्वीकार की गई। बंगाल में १८२९ से ही अंग्रेज़ी में शासकीय पत्र-व्यवहार होता था। उत्तर प्रदेश में १८३६ तक न्यायालयों का कार्य फारसी में होता था। १ नवम्बर, १८३६ को प्रथम आज्ञा दी गई जिसके अन्तर्गत फारसी लिपि में लिखी गई हिन्दी न्यायालयों में प्रयोग में लाई जा सकती थी। १ जुलाई १८३९ में यह आज्ञा दी गई कि न्यायालयों में कोई कार्य फारसी में न होगा। इस प्रकार १८३९ के पश्चात् शासकीय कार्य के लिए अंग्रेजी जानना अथवा फारसी लिपि में लिखित हिन्दी का ज्ञान आवश्यक हो गया।

१९वीं शताब्दी के अन्तिम चरण तक उत्तर प्रदेश में अंग्रेज़ी का प्रचार अन्य प्रान्तों के देखते हुए बहुत कम हुआ था। इलाहाबाद में म्युर सेन्ट्रल कालेज की स्थापना की योजना प्रस्तुत करते समय यू० पी० के गवर्नर सर विलियम म्यूर का २४ मई १८६९ के इलाहाबाद दरबार में दिया हुआ भाषण बतलाता है कि आंग्ल शिक्षा प्रसार के पृष्ठ में सरकारी नौकरी प्राप्त करने का ध्येय कितना महत्वपूर्ण था :—

"In lower education we are much in advance of our neighbours in Bengal. But in other respects we are far behind them on whichever side you turn, the railway, the telegraph, the medical, the legal, the engineering, wherever an advanced knowledge of English and science is required, that is in all the highest and the best remunerated posts, you have Bengalees for your successful competitors. They are invading the land and taking possession of that which is your

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

birth-right. I warn you that unless you arouse yourselves from your slumber of indifference, you and your children will be left behind in all the walks of knowledge and enlightenment, and you will discover your mistake when it is too late."

(See:—"The Muir Central College, its origin, foundation and completion" edited by W. H. Wright. Published 1886 P. 2. 3.)

अस्तु उपरोक्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए आंग्ल शिक्षा का प्रसार शासन का सर्व प्रथम ध्येय रहा व तदनुसार पाठ्यक्रम का मुख्य विषय अंग्रेज़ी रहा।

आंग्ल शिक्षा का पाठ्यक्रम:—बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में तो समस्त अंग्रेजी स्कूलों में प्राइमरी तथा मिडिल स्कूलों की कक्षाओं में शिक्षण का माध्यम अंग्रेजी था परन्तु १९११ ई० तक अंग्रेजी माध्यम को हटा दिया गया। उच्च विद्यालयों में माध्यम अंग्रेजी ही रखा गया। १९१७-२० की शिक्षा विभागीय पंचवर्षीय रिपोर्ट द्वारा मालूम होता है कि माध्यम परिवर्तन के पश्चात् यह अनुभव किया गया कि शिक्षा का स्तर नीचा हो गया है। फलतः महायुद्ध के पश्चात् पुनः यह प्रयत्न किया गया कि पाठ्यक्रम तथा विषय अध्यापन में ऐसे सुधार किए जायँ कि अंग्रेजी शिक्षा स्तर ऊँचा हो, व शिक्षित वर्ग विश्वविद्यालयों में जाकर विषयों को अंग्रेजी माध्यम द्वारा पढ़ सकें व शासकीय कार्य में योग दे सकें।

प्रथम महायुद्ध के पश्चात्—माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में १९१७—२२ में निम्नलिखित विषय पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप में रखे गए :—

विषय	पूर्णाङ्क	उत्तीर्णाङ्क
(१) अंग्रेजी	१००	३५
(२) गणित	१००	३५
(३) इतिहास (भारतवर्ष का) तथा भूगोल	१००	३४
(४) भारतीय भाषा	१००	४०
(५) एक ऐच्छिक विषय	१००	

उपरोक्त पाठ्यक्रम को कार्यान्वित रूप देने में विभागीय नीति संकुचित ही बनी रही। अंग्रेजी की प्रधानता जैसी की तैसी रही बीच बीच में यह प्रयत्न किया गया कि उसका स्तर ऊँचा हो जाये।

उत्तर प्रदेश में सर हारकोर्ट बटलर के उत्साह से १९१९-२० में माध्यमिक शिक्षा के प्रसार की प्रथम तीन वर्षीय योजना रखी गई। **आंग्ल शिक्षा क्षेत्र में पाठ्यक्रम में**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दो विशेष परिवर्तन किए गए:—

प्रथम :—अंग्रेजी का स्तर ऊँचा करना।

द्वितीय :—विज्ञान की पढ़ाई का प्रबन्ध करना।

इसकी पूर्ति के लिए आठ राजकीय विद्यालयों में १६२१–२२ ई० इन्टरमीडिएट कक्षाएँ खोली गईं। शिक्षा का स्तर ऊँचा रखने के लिए इन्टरमीडिएट कक्षाओं के अध्यापकों को P. E. S. ग्रेड में रखा गया। हाई स्कूलों में अच्छे विद्यार्थियों को प्राप्त करने के लिए बहुत से नए इंगलिश मिडिल स्कूल खोले गए, व अन्य हिन्दुस्तानी मिडिल स्कूलों में अंग्रेजी वैकल्पिक विषय रखा गया। जिला बोर्डों को अंग्रेजी के पढ़ाने के लिए पूर्ण प्रोत्साहन तथा प्रलोभन दिया गया। जिन स्कूलों में अच्छे शिक्षकों का प्रबन्ध हो सका वहाँ अंग्रेजी के पढ़ाने के लिए Direct method का प्रयोग किया गया। स्कूल लीविंग परीक्षा के आंकड़े अंग्रेजी की व्यवस्था इस प्रकार बताते हैं:—

१६१८	५१%
१६१६	६६%
१६२०	५०%
१६२१	६३%
१६२२	६३%

निरीक्षकों तथा परीक्षकों की तत्कालीन आख्याओं से स्पष्ट होता है कि शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यक्रम के समस्त विषयों में अध्यापक, प्रधानाध्यापक, निरीक्षक तथा विभागीय अधिकारियों का एक मात्र लक्ष्य था किसी प्रकार अंग्रेजी के शिक्षण का स्तर ऊँचा करना।

बोर्ड की स्थापना के पश्चात् पाठ्यक्रम—१९२२—२७ ई०

बोर्ड ने माध्यमिक शिक्षा का भार संभालते ही सर्व प्रथम पाठ्यक्रम में निम्नलिखित परिवर्तन किए:—

(१) अंग्रेजी—में दो प्रश्न-पत्रों के स्थान पर तीन कर दिये व १५० पूर्णाङ्क जिनका विभाजन इस प्रकार था:—

प्रथम प्रश्न-पत्र—गद्य व पद्य तथा व्याकरण	५० अंक
द्वितीय प्रश्न-पत्र—अपठित तथा व्याकरण	४५ अंक
तृतीय प्रश्न-पत्र—अनुवाद तथा प्रबन्ध	४० अंक

तथा १५ अंक का इमला।

(२) आधुनिक भारतीय भाषाओं में १६२५ ई० की परीक्षा के लिए हिन्दी, उर्दू व बंगला में मराठी, गुजराती, उड़िया, तैलगू व तामिल शामिल कर ली गई।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(३) १९२६ ई० की परीक्षा से "उच्च गणित" Further mathematics हटा दिया गया व संगीत को विशेष स्थान दिया गया।

(४) इन्टरमीडिएट परीक्षा के लिए अंग्रेजी अनिवार्य विषय बना रहा है व उसके पूर्णाङ्क १५० रहे। इसके अलावा कोई से तीन विषय लिए जा सकते थे। ऐच्छिक विषयों में भी भारतीय भाषाओं को स्थान नहीं था। **१९२५ की इन्टरमीडिएट परीक्षा के लिए केवल बालिकाएँ भारतीय भाषाएँ ले सकती थीं।**

(५) इन्टरमीडिएट परीक्षा के निमित्त Physiology, Hygiene and Child study or Elementary Psychology विषय जोड़े गए।

शिक्षण का माध्यम हाई स्कूल तथा इन्टरमीडिएट में अंग्रेजी ही रही। उच्च कक्षाओं में तो हिन्दी तथा संस्कृत भी अंग्रेजी के ही माध्यम से पढ़ाई जाती थी, प्रश्न पत्र अंग्रेजी में आते थे व उत्तर भी अंग्रेजी में दिया जाता है।

औद्योगिक शिक्षा के बारे में बोर्ड ने पर्याप्त विचार विनिमय तथा वाद विवाद के पश्चात् यह निर्णय किया कि ऐंग्लो हिंन्दुस्तानी स्कूलों में ऐसे विषयों का होना अनिवार्य नहीं। उनको वैकल्पिक विषयों में स्थान अवश्य मिल सकता है।

इलाहाबाद विश्व-विद्यालय के पुनर्संगठन तथा बोर्ड की स्थापना के दो तीन वर्ष बाद ही जनता की ओर से माध्यमिक शिक्षा परिषद् तथा इन्टरमीडिएट कालेजों की आलोचना होने लगी। प्रान्तीय सरकार ने दिसम्बर १९२५ में ए० एच० मेकन्जी, डी०पी०आई० की अध्यक्षता में एक "इन्टरमीडिएट एजूकेशन कमेटी" नियुक्त की जिसने पाठ्यक्रम के विषय में निम्नलिखित आख्या प्रस्तुत की :—

(१) हाई स्कूल से इन्टरमीडिएट कालेज होने पर संस्था में से छोटी कक्षाएँ अलग कर दी जायँ—केवल दो प्रकार के कालेज हों VII से XII तक अथवा IX से XII तक।

(२) मान्यता समिति मान्यता देते समय शर्तें अवश्य पूर्ण करवाले।

(३) (१) प्रिन्सिपल इन्टरमीडिएट कालेजों को ६५०—३०—९५० का ग्रेड दिया जाए तथा उन्हें रहने के लिए फ्री मकान।

(२) **प्रत्येक इन्टरमीडिएट कालेज में अंग्रेजी पढ़ाने के लिए एक विशेष अध्यापक नियुक्त हों जो P. E. S. ग्रेड का हो।**

(३) इन्टरमीडिएट कक्षा के सभी अध्यापक P.E.S. ग्रेड के हों।

(४) प्राइवेट इन्टरमीडिएट कालेजों को मान्यता उसी समय दी जाए जब वे अध्यापकों को १५०—१०—३५० दे सकें व प्रिन्सिपल को ४०० प्रति मास।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) इन्टरमीडिएट कक्षाओं के अध्यापन विधि में सुधार किया जाए।
(५) हाई स्कूल तथा इन्टरमीडिएट के लिए **निम्नलिखित पाठ्यक्रम स्वीकार** किए जांए।

हाई स्कूल	अनिवार्य	अंग्रेजी, भारतीय भाषा, गणित, इतिहास व भूगोल
	वैकल्पिक विषय	एक
इन्टर आर्ट्स	अनिवार्य	अंग्रेजी, इतिहास
	वैकल्पिक विषय	दो
इन्टरमीडिएट साइंस	अनिवार्य	अंग्रेजी
	वैकल्पिक विषय	विभिन्न ग्रुपों में से कोई एक
		भूगोल, गणित

१९२२—१९२७ ई० के पंच वर्षीय काल में सब से महत्वपूर्ण कार्य भारतीय भाषाओं को पाठ्यक्रम में स्थान प्राप्त होना था—हाई स्कूल की परीक्षा के लिए एक भारतीय भाषा लेना अनिवार्य हो गया, मिडिल कक्षाओं तक माध्यम भारतीय भाषा हो गई, हाई स्कूल परीक्षार्थी कुछ विषयों का उत्तर भी अपनी भाषा में लिख सकते थे, तथा इन्टरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए भारतीय भाषाएँ वैकल्पिक विषय स्वीकार कर ली गईं।

इतिहास—भारतीय भाषाओं के अलावा पाठ्यक्रम में इतिहास का महत्व दिन प्रति दिन बढ़ता गया। जैसे-जैसे असहयोग आन्दोलन स्वराज्य आन्दोलन ने ज़ोर पकड़ा तथा राष्ट्रीयता की जागृति हुई इतिहास का शिक्षण आवश्यक समझा गया। आरम्भ में केवल भारतवर्ष का इतिहास तथा भूगोल पढ़ाया जाता था परन्तु धीरे-धीरे इतिहास का पाठ्यक्रम बढ़ाया गया व उसमें इंगलैण्ड का इतिहास शामिल करके पूर्ण विषय बना दिया गया जिसे भूगोल के साथ अथवा अलग करके रखा गया। विद्यालयों में इतिहास तथा भूगोल के शिक्षण की शिक्षण-पद्धति में भी सुधार किए गए।

शिक्षा माध्यम में परिवर्तन १९२८—३७

माध्यमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में इस दस वर्षीय काल में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ। जनता की ओर से यह आग्रह बढ़ता जाता था कि **शिक्षा का माध्यम हिन्दी**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या उर्दू हो। अस्तु प्रान्तीय शासन ने Education Code में निम्नांकित सुधार स्वीकार किया :—

"Aided schools may with the Permission of the Director conduct teaching upto and in class X in English or Urdu or Hindi. A school which has been permitted to use Urdu or Hindi as the medium of instruction in class IX and X may continue to use English text-books in these classes".

१९३७ तक समस्त स्कूलों में माध्यम हिन्दी या उर्दू हो गया। जिला-विद्यालय-निरीक्षक लखनऊ इस परिवर्तन पर आख्या देते हुये लिखते हैं :—

"It is reported by all Head-masters that with the introduction of Vernacular as medium of instruction boys take a greater and more intelligent interest in the subject but the standard of English has, as a result gone down considerably."

(See Quinquenium report ending March 31, 1937 P. 47)

पाठ्यक्रम में अंग्रेजी की प्रधानता होते हुए भी अधिकतर जिला-विद्यालय-निरीक्षकों की आख्याओं से स्पष्ट होता है कि अंग्रेजी शिक्षण का स्तर गिरता गया व असन्तोष बढ़ता ही गया। यद्यपि अधिकतर प्रधानाध्यापक अंग्रेजी पढ़ाते थे, अंग्रेजी के शिक्षक भी ट्रेन्ड होते थे तब भी अंग्रेजी विद्यार्थीगण ठीक तौर से न पढ़ सके। बोर्ड के अंग्रेजी पाठ्यक्रम में भी सुधार हेतु अनेक परिवर्तन किये गये। कभी इमला (Dictation) पर जोर दिया जाता था कभी व्याकरण पर कभी पुस्तकें बदली जाती थीं और कभी परीक्षकों को कसा जाता था, परन्तु विद्यार्थीगण अंग्रेजी से दूर भागते जाते थे, अध्यापक अंग्रेजी शिक्षण का स्तर गिराते जाते थे व असन्तोष बढ़ता जाता था।

अंग्रेजी शिक्षण से बुरी दशा हिन्दी तथा उर्दू की थी। न तो उनके शिक्षकों की उतनी योग्यताएँ थी न वेतन ही। हिन्दी व उर्दू के अध्यापक पंडित व मौलवी होने के कारण संस्थाओं में अंग्रेजी वातावरण में अछूत बने रहे। उस काल के मेरठ जिला विद्यालय-निरीक्षक लिखते हैं कि—

"Perhaps the worst taught subject in Anglo-Vernacular Schools is the Vernacular language".

हिन्दी उर्दू के अध्यापकों की ट्रेनिंग की भी कोई व्यवस्था न थी।

वैकल्पिक विषय—हाई स्कूल के पाठ्यक्रम में निम्नलिखित विषय जोड़े गये।

(१) सामान्य विज्ञान (General Science)

(२) धातु कर्म (Metal work)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(३) ग्रन्थ कला (Book-binding)
(४) कताई बुनाई (Spinning weaving)

आर्थिक सङ्कट तथा सुधार योजनाएँ—१९२९—१९३१ में साईमन कमीशन की एक उप-समिति ने सर फिलिप हारटोग की अध्यक्षता में भारतीय शिक्षा-पद्धति की जाँच की, व आख्या प्रस्तुत की। १९३१–३२ में आर्थिक संकट का प्रभाव शिक्षा-प्रसार पर भी पड़ा। बहुत से अनावश्यक स्कूलों को बन्द करने का निश्चय किया व ८ अगस्त, १९३४ ई० को संयुक्त प्रान्त सरकार ने प्रस्ताव नं० १०८३—। ५९२-१९३४ किया। जिसके द्वारा माध्यमिक शिक्षा में सुधार की आवश्यकता अनुभव कर के सर तेज बहादुर सप्रू की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की गई। प्रस्ताव में शासन ने यह सुझाया कि माध्यमिक शिक्षा का पाठ्यक्रम ऐसा बनाया जावे कि विद्यार्थीगण शिक्षा पूर्ण कर के जीवन क्षेत्र में प्रविष्ट हो सकें, तथा विश्व-विद्यालयों में बिना लक्ष्य के बेरोक टोक विद्यार्थीगण की बाढ़ न जाये।

प्रस्ताव में यह भी सुझाव दिया गया कि हाई स्कूल कोर्स चार प्रकार का हो—

(१) वाणिज्य-सम्बन्धी
(२) औद्योगिक
(३) कृषि
(४) आर्ट व साईन्स

मिडिल कक्षाओं में हस्तकला Manual work अनिवार्य किया जाये।

उपरोक्त सुझाव से जन साधारण में विवाद तथा विचार विनिमय खूब हुआ। अन्तरविश्वविद्यालय बोर्ड, केन्द्रीय शिक्षा परामर्श बोर्ड, तथा इन्टर बोर्ड सब ने सुधार की ओर अनुमति प्रकट की। एक बात पर सब सहमत थे कि शिक्षा इस प्रकार की हो कि उसके पूर्ण होते ही विद्यार्थीगण कार्य में, उद्योग-धन्धे या किसी व्यवसाय में लग जायें।

फलतः माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने १९३५ की फरवरी १४ व १५ तारीख की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव (प्रस्ताव ५ व १३) पास किए, जिनके अन्तर्गत, कृषि का पाठ्यक्रम पुनः निर्धारित किया गया, इन्टरमीडिएट परीक्षा के लिये Physiology, Hygiene and Elementary Psychology (लड़कों के लिए) तथा Physiology, Hygiene and child-study (लड़कियों के लिए) स्वीकार किये गए। (देखिए बोर्ड का प्रस्ताव नं० ३, ८ नवम्बर, १९३४) जिसका आशय था लड़कियों को अध्यापिका बनने अथवा घरेलू जीवन के योग्य बनाना।

१९३७ की हाई स्कूल परीक्षा के लिए वैकल्पिक विषयों में वाणिज्य, विज्ञान, साधारण विज्ञान, कृषि, चित्र कला, काष्ठ कला, कताई बुनाई, ग्रन्थ कला, गृह विज्ञान, संगीत स्वीकार किए गए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन्टरमीडिएट परीक्षा के लिए अंग्रेज़ी अनिवार्य रहा तथा गणित, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, विज्ञान, कला, अर्थ शास्त्र, नागरिक शास्त्र, इतिहास, भूगोल, भारतीय भाषाएँ, संस्कृत इत्यादि।

वियर कमिटी :—फरवरी, १९३६ में संयुक्त प्रान्त शासन के आर० एस० वियर की अध्यक्षता में सप्रू कमिटी के सुझावों पर विचार करने तथा परामर्श देने के लिए एक समिति नियुक्त की। मई में वियर ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की परन्तु सुझाव में अधिक व्यय होने के कारण कुछ कार्य न हो सका। जनवरी, १९३७ में सरकार ने पुनः एक समिति सर तेज बहादुर सप्रू की अध्यक्षता में नियुक्त की। इसी अरसे में केन्द्रीय सरकार ने भी एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमें **दो विशेषज्ञों, ए० एवट तथा एस० एच० वुड, ने** दिल्ली, पंजाब तथा संयुक्त प्रान्त का दौरा करके **व्यवसायिक शिक्षा सुधार पर अपना परामर्श दिया।**

वुड एवट ने पाठ्यक्रम के बारे में यह सुझाव दिए :—

(१) देहात के मिडिल स्कूल का पाठ्यक्रम वातावरण से संबन्धित होना चाहिए। अंग्रेजी का अध्ययन अनिवार्य न होना चाहिए।
(२) हाई स्कूल कक्षाओं में शिक्षण का माध्यम हिन्दी या उर्दू हो। अंग्रेजी का अध्ययन अनिवार्य रह सकता था।
(३) हस्त कला का पाठ्यक्रम में स्थान होना चाहिए।
(४) शारीरिक व्यायाम तथा शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये।
(५) व्यवसायिक शिक्षा साधारण शिक्षा से सम्बन्धित होनी चाहिए बिल्कुल भिन्न नहीं।
(६) व्यवसाय तथा उद्योग धन्धों का संस्थाओं से योग होना चाहिए।
(७) कुछ हाई स्कूलों में तो केवल कृषि सम्बन्धी पाठ्यक्रम होना चाहिए।
(८) औद्योगिक विद्यालयों को व्यवसाय में संलग्न युवकों के लिए भी कक्षाएँ चलानी चाहिए।
(९) विद्यार्थियों के लिए व्यवसाय सम्बन्धी सूचना पुस्तिका रूप में प्रकाशित की जाए।

१९२८–१९३७ ई० के काल में अनेक सुधार योजनाएँ बनी परन्तु आर्थिक संकट तथा राजनैतिक असन्तोष, असहयोग आन्दोलन के कारण अधिक कुछ न हो सका।

राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति की ओर :—१९३७-४७ ई०

१९३५ ई० में भारतीय शासन का नियम पास हुआ, जिसके अन्तर्गत १ अप्रैल १९३७ ई० को प्रान्तों में प्रान्तीय शासनों की स्थापना हुई। अधिकतर धारा सभाओं में काँग्रेस पार्टी ने बहुमत प्राप्त किया। संयुक्त प्रान्त में २८ मार्च १९३८ ई० को प्रथम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काँग्रेस मन्त्रि मन्डल ने दो उप-समितियाँ नियुक्त कीं। प्रथम उप-समिति के अध्यक्ष श्री करनसिंह काने थे व सचिव, डा० इबादुर रहमान खाँ, द्वितीय कमिटी के अध्यक्ष आचार्य नरेन्द्र देव तथा सचिव पं० श्री नारायण चतुर्वेदी। परन्तु कुछ समय पश्चात् दोनों समितियाँ नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में मिलीं। १६३६ ई० में समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। परन्तु काँग्रेस मन्त्रि मन्डल के इस्तीफा देने के कारण रिपोर्ट पर कार्य न हो सका।

१६४४ ई० में केन्द्रीय शिक्षा परामर्श बोर्ड की रिपोर्ट सरजॉन सारजेन्ट के प्रयत्नों द्वारा प्रकाशित हुई। समस्त भारत के राष्ट्रीय शिक्षा प्रसार की यह प्रथम योजना थी, परन्तु आर्थिक संकट के कारण यह कार्यान्वित रूप न धारण कर सकी।

इस काल में माध्यमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। संयुक्त प्रान्त सरकार ने १६४१ ई० में उत्तर प्रदेश इन्टरमीडिएट शिक्षा संशोधन एक्ट बना जिसके द्वारा बोर्ड से मिडिल स्कूल से पाठ्यक्रम बनाने का अधिकार ले लिया गया।

हाई स्कूल के पाठ्यक्रम में वैकल्पिक विषयों में धातु कला तथा कृषि सम्बन्धी अर्थशास्त्र बढ़े तथा १६४७ ई० की हाई स्कूल परीक्षा के लिए चर्मकारी तथा सिलाई बढ़े। भाषाओं में नैपाली तथा पाली पाठ्यक्रम में शामिल किए गए।

इन्टरमीडिएट परीक्षा के लिए भारतीय संगीत, Physiology, Hygiene and Elementary Psychology बढ़े, तथा बालिकाओं के लिए गृह विज्ञान तथा घरेलू अर्थ शास्त्र।

१९४७ में सुधार :—इस प्रकार माध्यमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में समय समय पर परिवर्तन हुए, विशेषतः व्यवसायिक उद्योग धन्धे सम्बन्धी विषय बढ़ाये गए अथवा बालिकाओं की शिक्षा व्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए। परन्तु सुधार सम्बन्धी योजना अभी योजना ही रही। इसी अरसे में १६४७ ई० में हाई स्कूल परीक्षा के लिए एक नवीन योजना प्रस्तुत की गई। इसके अनुसार निम्नलिखित पाठ्यक्रम निर्धारित हुआ।

अनिवार्य विषय	प्रश्न-पत्र	प्राप्तांक	
१. अंग्रेजी	२	१००	३००
२. अंक-गणित	१	५०	
३. इतिहास अथवा	१	५०	
भूगोल	१	५०	
४. भारतीय भाषा	२	१००	

५. एच्छिक विषय:— कम से कम दो व अधिक अधिक से चार २००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन्टरमीडिएट परीक्षा के लिए अंग्रेजी अनिवार्य रही व २१ एच्छिक विषयों में से कोई से तीन लिए जा सकते थे। केवल वाणिज्य तथा कृषि के लिए अलग पाठ्यक्रम निर्धारित थे।

इस योजना के अन्तर्गत ३ वर्ष हाई स्कूल परीक्षा ली गई, १९४७, १९४८ और १९४९। १९४८ में बोर्ड शासन के आदेशानुसार पाठ्यक्रम में पूर्णतः परिवर्तन कर दिया, जिसके अन्तर्गत पहली हाई स्कूल परीक्षा १९५० ई० में हुई।

स्वतन्त्रता के पश्चात् १९४८ की सुधार योजना

१९४८ की केन्द्रीय शिक्षा परामर्श बोर्ड की संस्तुति तथा प्रथम नरेन्द्र देव कमिटी के आधार पर एक सुधार योजना प्रस्तुत की गई, जिसने १८५४ के वुड डिसपैच के आधार पर निर्धारित आंग्ल शिक्षा-पद्धति को डांवाडोल किया। संयुक्त प्रान्त ने योजना की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए एक कमिटी बुलाई जिसमें विश्व-विद्यालयों के निर्वाचित सदस्य, बोर्ड के दो सदस्य तथा दो प्रमुख शिक्षक संस्थाओं के निर्वाचित सदस्यों को लखनऊ दिसम्बर माह में बुलाया गया। माननीय शिक्षा मन्त्रि की अध्यक्षता में सभा हुई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें मुख्य यह थे :—

(१) प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा का काल १२ वर्ष रहेगा।

(२) शिक्षा काल का विभाजन इस प्रकार होगा।

(अ)	बेसिक काल	१ से ५ कक्षा तक	५ वर्ष
(ब)	जूनियर हाई स्कूल काल	६ से ८ कक्षा तक	३ वर्ष
(स)	उच्चतर माध्यमिक काल	९ से १२ कक्षा तक	४ वर्ष

(३) हिन्दुस्तानी तथा इंग्लिश मिडिल स्कूलों का भेद दूर होगा। जूनियर हाई स्कूल कक्षा में अंग्रेजी अनिवार्य नहीं होगी।

(४) उच्चतरमाध्यमिक काल में हिन्दी अनिवार्यतः पढ़नी होगी।

(५) माध्यमिक विद्यालयों का वर्गीकरण विषयों के अनुसार होगा जिससे विद्यार्थियों को जीवन में प्रविष्ट होने में सुगमता हो।

सुधार योजना स्वीकार होने के पश्चात् इन्टरमीडिएट बोर्ड ने प्रान्तीय सरकार के आदेशानुसार पाठ्यक्रम में परिवर्तन किए। समस्त पाठ्य विषयों को हाई स्कूल परीक्षा के लिए निम्नलिखित वर्गों में बांटा गया।

(१) साहित्यिक

(२) वैज्ञानिक

(३) रचनात्मक अः—बालकों के लिए
बः—बालिकाओं के लिए

(४) कलात्मक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनिवार्य विषयों को वर्गानुसार छाँटा गया जैसे, गृह विज्ञान तथा सिलाई रचनात्मक वर्ग (बालिकाओं के लिए) संगीत, कलात्मक वर्ग में। धातु कला, कुलाल विज्ञान, रचनात्मक (बालकों के लिए)

उच्च हिन्दी अथवा प्रारम्भिक हिन्दी सब वर्गों में अनिवार्य रही। अंग्रेजी रचनात्मक तथा कलात्मक वर्गों में वैकल्पिक विषय रखा गया। शिक्षण का, तथा परीक्षा का माध्यम पूर्णतया हिन्दी कर दिया गया है। १६५४ की हाई स्कूल तथा इन्टरमीडिएट परीक्षा के प्रश्न-पत्र हिंदी में होंगे। उत्तर देने का माध्यम केवल हिंदी होगा परन्तु कुछ समय तक उर्दू व अंग्रेजी में उत्तर देने की विशेष आज्ञा प्रदान की जायगी।

माध्यमिक शिक्षा संस्थाओं में शारीरिक व्यायाम तथा शिक्षा अनिवार्य कर दी गई है। सामान्य ज्ञान पाठ्यक्रम में अनिवार्य विषय है।

पाठ्यक्रम परिवर्तन क्षेत्र में केन्द्रीय शासन के प्रयास :—

गत पाँच वर्ष में केन्द्रीय शिक्षा परामर्श बोर्ड तथा, विश्व-विद्यालयों के डा० राधा कृष्णन कमीशन ने, यह सुझाव दिया कि माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हेतु भारतीय शासन को एक कमीशन नियुक्त करना चाहिए। फलतः २३ सितम्बर, १६५२ के प्रस्ताव नं० ६-५-५२-बी १ में भारतीय सरकार ने डा० ए० एल० मुदेलियर, वाईस चान्सेलर मद्रास विश्व-विद्यालय की अध्यक्षता में एक ६ सदस्यों का कमीशन नियुक्त किया। जून १६५३ में कमीशन ने अपनी संस्तुति दे दी।

पाठ्यक्रम क्षेत्र में मुदेलियर कमीशन ने यह संस्तुति दी :—

(अ) १. मातृ भाषा अथवा प्रादेशिक भाषा अथवा मातृ भाषा तथा संस्कृत का मिश्रित पाठ्यक्रम।

२. निम्नलिखित भाषाओं मे से एक और :—

(क) हिंदी (जिनकी मातृ भाषा दूसरी भाषा हो)
(ख) प्रारम्भिक अंग्रेजी (जिन्होंने पहले अंग्रेजी नहीं पढ़ी)
(ग) उच्च अंग्रेजी (जिन्होंने अंग्रेजी पहले पढ़ी हो)
(घ) आधुनिक भारतीय भाषा (हिंदी के अलावा)
(च) आधुनिक विदेशी भाषा (अंग्रेजी के अलावा)
(छ) प्राचीन भाषा

(ब) १. सोशल स्टडीज (प्रथम दो वर्षों के लिए)

२. सामान्य विज्ञान जिसमें गणित भी शामिल होगा (प्रथम दो वर्षों के लिए)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(स) निम्नलिखित रचनात्मक विषयों में से एक :—
(क) कताई बुनाई (ख) काष्ठ कला (ग) धातु कला
(घ) बागबानी (च) सिलाई (छ) टङ्कन विद्या
(ज) कारखानेमें अभ्यास (झ) सीना, काढ़ना तथा कसीदा
(ञ) रंजन कला

(य) निम्नलिखित वर्गों में से किसी एक में से तीन विषय :—
वर्ग
1. Humanities
2. Sciences
3. Technical
4. Commercial
5. Agriculture
6. Pure Arts
7. Home Science

(ल) एक अतिरिक्त वैकल्पिक विषय.

× × ×

संयुक्त प्रान्त सरकार ने भी मार्च १८, १९५२ को पुनः डा० नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में एक माध्यमिक शिक्षा जाँच समिति नियुक्त की, जिसकी आख्या मई १९५३ में प्रस्तुत की गई। उसके अनुसार पाठ्यक्रम सम्बन्धी यह सुझाव दिए गए।

प्रथम दो वर्षों में :—
९वीं व १०वीं कक्षा के लिए

अनिवार्य विषय :—३
(१) हिंदी व संस्कृत का मिश्रित पाठ्यक्रम
(२) एक अन्य भारतीय भाषा अथवा विदेशी भाषा
(३) गणित अथवा गृह विज्ञान (बालिकाओं के लिए)

वैकल्पिक विषय :—३
निम्नलिखित वर्गों में से
(१) साहित्यिक वर्ग
(२) वैज्ञानिक वर्ग
(३) कृषि वर्ग
(४) रचनात्मक या औद्योगिक वर्ग
(५) कलात्मक वर्ग

अतिरिक्त विषयः—१
साहित्यिक वर्ग के वैकल्पिक विषयों में से।

अन्तिम दो वर्षों में
११ व १२वीं कक्षाओं के लिए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनिवार्य विषय :—२

(१) हिंदी व संस्कृत मिश्रित पाठ्यक्रम

(२) एक अन्य भारतीय भाषा अथवा विदेशी भाषा

वैकल्पिक विषय :—३

निम्नलिखित वर्गों में से

(१) साहित्यिक वर्ग (३) कलात्मक वर्ग

(२) वैज्ञानिक वर्ग (४) कृषि व वाणिज्य वर्ग

कमिटी ने यह भी संस्तुति दी कि मुख्य तथा गौण विषयों का विभाजन समाप्त कर दिया जाय।

× × ×

हाई स्कूल तथा इन्टरमीडिएट बोर्ड की संस्तुति

दिसम्बर, १६५३ की वार्षिक बैठक में बोर्ड ने पाठ्यक्रम सम्बन्धी योजनाओं पर तथा अन्य परीक्षा सम्बन्धी विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

हाई स्कूल कक्षाओं के लिए
(९वीं व १०वीं)

अनिवार्य विषय :—४

(१) हिंदी व संस्कृत का मिश्रित पाठ्यक्रम

(२) अंग्रेजी

(३) सोशल स्टडीज (इतिहास, भूगोल, नागरिक-शास्त्र तथा अर्थशास्त्र का मिश्रित पाठ्यक्रम)

अथवा

दैनिक विज्ञान

अथवा

एक भारतीय भाषा हिन्दी के अलावा

(४) गणित (लड़कों के लिए)

अथवा

गृह विज्ञान (लड़कियों के लिए)

वैकल्पिक विषय:—२

११ मुख्य तथा १४ गौण विषयों की सूची में से कोई दो

इन्टरमीडिएट कक्षाओं के लिए

अनिवार्य विषय:—२

(१) हिन्दी व संस्कृत मिश्रित पाठ्यक्रम

(२) अंग्रेजी साहित्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथवा

अन्य भारतीय भाषा (हिन्दी के अलावा)

अथवा

अन्य विदेशी भाषा फ्रांसीसी, (जर्मन, रूसी, चीनी या जापानी)

वैकल्पिक विषय:—३

१९ विषय की सूची में से कोई तीन:—

(१)	इतिहास	(२)	भूगोल	(३)	नागरिक शास्त्र
(४)	गणित	(५)	अर्थशास्त्र	(६)	प्राचीन भाषा
(७)	शिक्षण शास्त्र	(८)	तर्क शास्त्र	(९)	गृह विज्ञान
(१०)	संगीत	(११)	कला	(१२)	मूर्ति निर्माण कला
(१३)	नृत्य	(१४)	भौतिक विज्ञान	(१५)	रसायन विज्ञान
(१६)	जीव विज्ञान	(१७)	सैनिक विज्ञान	(१८)	भूगर्भ शास्त्र
(१९)	रंजनकला				

वाणिज्य तथा कृषि वर्ग पृथक् रहेंगे उनके लिए एक एक वर्षीय पाठ्यक्रम दो भागों में बनेंगे।

औद्योगिक शिक्षा के क्षेत्र में बोर्ड ने दो महत्व-पूर्ण निश्चय किए।

(१) १९५५ की परीक्षा से बोर्ड उत्तर प्रदेश के औद्योगिक तथा व्यवसायिक विद्यालयों को अपने अन्तर्गत लेकर उन्हें परीक्षा लेकर हाई स्कूल तथा इन्टरमीडिएट स्तर के प्रमाण पत्र देगी।

(२) नवीन पाठ्यक्रम लागू होने के वर्ष से रचनात्मक तथा औद्योगिक पाठ्यक्रम का समन्वय करने के लिए दो विशेष समितियाँ नियुक्त कीं। यह ऐसा पाठ्यक्रम प्रस्तुत करेंगी जो अपने आप में पूर्ण होंगे व जीवन क्षेत्र में प्रविष्ट होने योग्य बनायेंगे।

× × ×

बोर्ड की संस्तुति तथा अन्य सुधार योजनाएँ

विभिन्न योजनाएँ कई बातों में एक निर्णय पर पहुँची हैं जिनमें मुख्य यह हैं :—

(१) हिन्दी मातृ भाषा तथा राष्ट्र भाषा के रूप में अनिवार्य रहेंगी।

(२) अन्य अनिवार्य विषयों में लड़कों के लिए गणित, विज्ञान, सोशल स्टडीज, तथा लड़कियों के लिए गृह विज्ञान रहेंगे।

(३) मातृ-भाषा, राष्ट्रभाषा के अतिरिक्त एक अन्य प्रादेशिक भाषा तथा विदेशी भाषा का अध्ययन आवश्यक होगा।

(४) कम से कम दो या तीन वैकल्पिक विषय पढ़ना अनिवार्य होगा।

(५) विद्यार्थियों को एक अतिरिक्त विषय पढ़ने की स्वतन्त्रता होगी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुदेलियर कमीशन की संस्तुति अनुसार माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र में पाठ्य-काल ३ वर्ष अथवा ४ वर्ष का हो सकता है। प्रथम दो वर्ष का पाठ्य क्रम हाई स्कूल के स्तर का होगा। विश्व-विद्यालयों में बी० ए० का ३ वर्षीय पाठ्य-क्रम होगा। परन्तु कमीशन की आख्यानुसार कुल माध्यमिक तथा प्राथमिक शिक्षा का काल १२ वर्ष का होना चाहिए, जो उत्तर प्रदेश में इस समय भी है। १९४८ ई० की योजना में १ वर्ष कम कर दिया गया था। उस वर्ष को बी० ए० के पाठ्य क्रम में जोड़ना या न जोड़ना विश्व-विद्यालयों के हाथ में है।

मुदेलियर कमीशन के सुझाव के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को एक रचनात्मक विषय अवश्य पढ़ना चाहिए। यह सुझाव वास्तव में अनोखा व सराहनीय है, यदि आर्थिक अवस्था अच्छी हो तो यह अवश्य होना चाहिए। महात्मा गांधी के शिक्षा आदर्श का यह प्रधान स्तम्भ था। संसार के किसी भी देश के पाठ्यक्रम में इसकी इतनी महत्ता को अभी नहीं आंका गया। परन्तु भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति, जिसका श्री गणेश १९५४ में, आंग्ल शिक्षा के १०० वर्षीय काल (१८५४ से १९५४) के पश्चात् होता दिखाई देता है, इसी स्तम्भ पर खड़ी होकर दृढ़ हो सकती है।

मातृ-भाषा को सर्वोत्तम स्थान देना मुदेलियर कमीशन ने पूर्ण रूप से स्वीकार किया है। यदि प्रादेशिक भाषावादी खींचातानी को समाप्त करना है तो इसी की संस्तुति मानना पड़ेगा।

सामान्य विज्ञान व सोशल स्टडीज को प्रथम दो वर्षों के पाठ्यक्रम में विशेष स्थान दिया गया है। इसको बोर्ड ने भी अंगीकार करने का प्रयत्न किया है। बोर्ड तथा नरेन्द्र देव कमिटी का गणित को अनिवार्य रखने का निश्चय अपनी विशेषता रखता है।

नरेन्द्रदेव कमेटी तथा मुदेलियर कमीशन ने वैकल्पिक विषयों को वर्गों में बाँटा है। अथवा दूसरे शब्दों में बोर्ड की १९४८–५३ की पाठ्यक्रम योजना तथा पाठ्यक्रम तत्व योजना (Core of curriculum) का समन्वय किया। बोर्ड ने अपनी संस्तुति में न केवल अपने १९४८ के वर्गीकरण को छोड़ दिया वरन् वैकल्पिक विषयों की चुनौती में पूरी छूट दे दी है, केवल वाणिज्य, कृषि तथा औद्योगिक विषयों को छोड़ कर इन्टरमीडिएट कक्षाओं के लिए तो आर्ट व साईन्स का इतना पुराना भेद भी हटा दिया है।

पाठ्यक्रम निर्धारण, परीक्षा संचालन तथा विद्यार्थियों के चुनाव सम्बन्धी हित से तो वैकल्पिक विषयों का वर्गीकरण, जबकि उनकी संख्या इतनी बढ़ गई है, अत्यन्तावश्यक प्रतीत होता है। इसमें मुदेलियर कमीशन का वर्गीकरण वैज्ञानिक ढंग पर मालूम होता है।

बोर्ड की संस्तुति में अंग्रेजी के साधारण पाठ्यक्रम को प्रथम दो वर्षों में रखने का प्रयत्न किया गया है। परन्तु इस क्षेत्र में नरेन्द्रदेव कमीटी तथा मुदेलियर कमीशन की स्पष्ट संस्तुतियों के समक्ष यह युक्तिसंगत नहीं प्रतीत होता है। इस विषय में १९४८ ई०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में यू० पी० बोर्ड ने स्वयं ही कदम बढ़ाया था। बोर्ड के पाठ्यक्रम में द्वितीय अनिवार्य विषय अंग्रेजी अथवा एक भारतीय भाषा अथवा विदेशी भाषा रखने तथा तृतीय अनिवार्य विषय केवल सोशल स्टडीज, अथवा दैनिक विज्ञान (Everyday Science) रखने से पाठ्यक्रम अत्यन्त सुन्दर व उपयोगी हो जाता है।

मुदेलियर कमीशन की रचनात्मक विषयक संस्तुति यदि प्रारम्भ में अतिरिक्त विषय में रखी जाएँ तो शायद अधिक लाभ हो सके परन्तु इसमें कोई सन्देह नहीं कि भारत की शिक्षा पद्धति में रचनात्मक विषयों को अनिर्वायत: रखने से कल्याण होगा।

नवीन शिक्षा-पद्धति का निर्माण

अस्तु राष्ट्र-पिता महात्मा गांधी का भारत को पूर्णत: स्वाधीन बनाने का स्वप्न तभी सत्य हो सकता है जब कि भारतीय शिक्षा पद्धति का पूर्ण भारतीकरण हो जाए। १८५४ ई० के सर चार्ल्स वुड डिसपैच के अन्तर्गत चालू किए "आंग्ल शिक्षा दुर्ग" का विध्वंस होना अनिवार्य है।

कांग्रेस के तथा भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के इतिहासकार डा० पट्टाभी सीता रामैय्या ने अपने एक लेख में कितनी सुन्दर उपमा देते हुए बताया है कि १८५७ के विद्रोह के दमन के पश्चात् ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने तलवार म्यान में डाल ली व कलम व शिक्षा के द्वारा भारत पर राजनैतिक व सांस्कृतिक विजय प्राप्त की। भारतीय युवकों को ब्रिटिश साम्राज्य की ओर झुकाया।

Canning and Sir Charles Wood were the high priests of this philosophy. Instead of building forts or forging weapons or multiplying soldiers on the old model, the British with their shrewdness and foresight built these new models forts in the Universities of Madras, Bombay and Calcutta (1858), trained a new soldiery in the graduates of these Universities and forged new weapons in pens and tongues that the new soldiery were made to employ......... . The Universities were followed by the High Courts in 1860, and the Legislative Council in 1861. From that day forward a new class of citizen soldiers of the British Government, a second line reserve of intellectuals, who began to imbibe English culture, learn the English language, quote English law and poetry, who revelled in the English drama, spoke, wrote, and thought in English, held high posts under the

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

English Govt. , enjoyed salaries and pensions under English rule and exercised the authority delegated to them by the English rulers and be-decked themselves in English titles.

इस प्रकार की आंग्ल शिक्षा द्वारा भारत की सांस्कृतिक विजय का चक्र-व्यूह सत्याग्रह आन्दोलन ने भेदा। अब ठीक १०० वर्ष पश्चात् नव भारत की शिक्षा पद्धति की नींव नवीन पाठ्यक्रम द्वारा पड़नी आवश्यक है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिट्टी के बर्तनों का आदि उद्योग

राम नरेश सिंह

आज मानव समाज जीविका के लिये अनेक प्रकार के उद्योगों में व्यस्त है। ज्यों-ज्यों मानव की आवश्यकतायें बढ़ती गईं, उसी क्रम से नये उद्योगों का विकास होता गया। स्पर्द्धा मानव का स्वाभाविक गुण है इसी से प्रेरणा पाकर उद्योगों में भी होड़ लग जाती है। सृष्टि के आदि काल से इस होड़ में कितने मिट चुके हैं अथवा भविष्य में कितने मिट जायेंगे और कितने नये बनेंगे इसका अनुमान करना कठिन ही नहीं वरन् असम्भव भी है। इस उथल पुथल की आड़ में परिवर्तनकारी भावना रहती है। इससे वे ही बच सकते हैं जो औरों की तुलना में कुछ विशेष गुण रखते हों तथा निर्माण के लिये सुगम साधन एवं सुलभ पदार्थ हों। इसी प्रकार के उद्योग धीरे धीरे सामाजिक परम्पराओं में महत्वपूर्ण स्थान ग्रहण कर लेते हैं।

उपरोक्त बातों को केन्द्रित कर यदि कल्पना की जाय तो एक ऐसा उद्योग सामने आता है जिसे मानव ने सभ्यता के प्रारंभिक काल से आरम्भ किया है। उसके जीवन के लिये वह बड़ा महत्वपूर्ण रहा है। वह है कुलाल-कला अथवा मिट्टी का बर्तन बनाना। यह कहना अत्यन्त कठिन है कि मिट्टी का बर्तन सबसे पहले किसने बनाया और कैसे बना ? किन्तु मिट्टी के विशेष गुणों को देखते हुये इस कला के विकास तथा उद्योगीकरण की कल्पना की जा सकती है। प्रागैतिहासिक काल में मनुष्य जंगल में रहता था और फल, फूल तथा जानवरों के शिकार द्वारा अपना जीवन निर्वाह करता था। उसकी ही खोज में सदा इधर उधर भटकता फिरता था। उसने किसी दिन किसी गीले स्थान से होकर यात्रा की होगी। उस स्थान पर उसके गहरे पद-चिन्ह बने होंगे। कुछ दिनों पश्चात् वह दूसरी बार उसी रास्ते गया होगा और देखा होगा कि उसके पद चिन्ह मिटे नहीं और सूर्य की गर्मी से सूख कर कठोर हो गये। उस दृश्य से मिट्टी की सरलता, लस और सूख कर कठोरता प्राप्त कर लेना आदि गुणों का संकेत मिला होगा। फल स्वरूप मिट्टी से बर्तन बनाने की कला का प्रादुर्भाव हुआ होगा। आगे चल कर मानव ने यह भी देखा होगा कि वृक्षों की रगड़ से उत्पन्न आग की आंच से मिट्टी पक कर लाल हो गई और अधिक सबल हो गई। उस पर पानी का प्रभाव नहीं होता। इससे मिट्टी के पात्रों को पकाने की प्रेरणा मिली होगी तथा उसके स्थायित्व और अदाह्यता के गुण प्रकट हुये होगें। यह सब कल्पना मात्र है। क्या सत्य है कोई नहीं कह सकता। इतिहास को साक्षी मानकर इतना अवश्य कहा जा सकता है कि सर्वप्रथम मिट्टी से ही बर्तन बने और उस समय समाज के लिये उनकी बड़ी आवश्यकता थी। प्रागैतिहासिक काल में इस कला का विकास होने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगा था। भारतवर्ष, चीन, मिश्र तथा ग्रीस जहाँ से सभ्यता का श्रोत आरंभ हुआ वहाँ खुदाई करने पर पन्द्रह हजार वर्ष प्राचीन हाथ के बने मिट्टी के बर्तन मिले हैं। यह भी पाया जाता है कि उस काल की निर्मित मिट्टी की वस्तुओं पर अनेक प्रकार के चित्राङ्कन हैं जो उस काल के भेष भाषा तथा अन्य प्रकार की रीति रिवाजों पर प्रकाश डालते हैं। वेदों में भी मिट्टी के पात्रों की पर्याप्त चर्चा की गई है। मनुस्मृति में जो ईसा से पूर्व नवीं सदी में लिखी गई थी मिट्टी के पात्रों की उपयोगिता भली भांति बताई गई है। सिंध नदी की घाटी में खोज एवं खुदाई करने पर हड़प्पा और मोहेञ्जोदाड़ो नामक स्थानों में अनेक प्रकार के प्राचीन मिट्टी के समान मिले हैं जिनके चार हजार वर्ष पुराने होने का अनुमान लगाया गया है। इसी प्रकार ऐतिहासिक काल के प्रारम्भ में भी इस कला की उन्नति पाई जाती है। उसी समय से हाथ के अलावा चाक पर पात्र बनने लगे थे। इस बात का प्रमाण मिट्टी के सामानों पर बने चित्रों के द्वारा मिलता है। शनैः शनैः आवश्यकतानुसार यह कला मानव का प्रथम उद्योग बन गई और अनेक इस कार्य में लग गये। इस बात का भी काफी प्रमाण मिलता है कि वसुन्धरा के कोने कोने में यह उद्योग होता था। विद्वानों का मत है कि पोर्सलेन जो मिट्टी से बनी सबसे उच्चकोटि की वस्तु मानी गई है ईसा से १८५ वर्ष पूर्व सर्वप्रथम चीन में बनी थी। चीन वालों ने इसके बनाने की विधि को गोपनीय रखा और इससे काफी लाभ उठाया। लगभग १५१८ ई० में कुछ पुर्तगाल निवासी जब चीन में मैकाओ नाम के स्थान में बसे तो उन्हीं के द्वारा यूरोप में पोर्सलेन के बने पात्र प्रविष्ट हुये। उस पोर्सलेन को चीन निवासी 'सेकी' कहते थे। इन प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि मिट्टी से सामान बनाने का उद्योग बहुत प्राचीन है और संभवतः सबसे प्राचीन है इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता। सर्व प्रथम मानव की कलात्मक एवं रचनात्मक प्रवृत्तियों का प्रदर्शन मिट्टी के ही ऊपर हुआ था।

जैसा ऊपर कहा जा चुका है वही उद्योग स्थायी हो सकता है जिसके लिए पदार्थों का मिलना कठिन न हो। जो बड़ी सरलता से निर्मित की जा सके तथा उसमें कुछ ऐसे विशेष गुण हों जो किसी अन्य में न पाये जाते हों। यदि मिट्टी के कुछ सरल गुणों पर जिनका सभी को अनुभव है दृष्टिपात किया जाय तो ज्ञात होता है कि पानी मिलाने पर मिट्टी कितनी लचीली हो जाती है और उसे बड़ी सरलता से कोई भी रूप दिया जा सकता है। इस गुण के कारण भोले भाले मानव ने प्रथम पात्र इसी से अवश्य बनाया होगा। इसके लिए कहीं दूर जाना भी नहीं पड़ता। मिट्टी सभी के पाँव के नीचे पायी जाती है। इसका रूप बनाने में किसी जटिल यन्त्र की भी आवश्यकता नहीं होती। इसके अलावा मिट्टी का एक विशेष गुण उसकी अदाह्यता अर्थात् अग्नि की आंच सहन करने की शक्ति है। इन गुणों के कारण मिट्टी अधिक उपयोगी बन गई है। इन्हीं ने इस कला को विनाश से बचा कर मानव समाज के विकास के लिए बहुप्रयोजनीय बना दिया है। विज्ञान की उन्नति के साथ मिट्टी के इन गुणों को दृष्टि में रखकर अनेक खोज किये गये हैं। इस कला से संबन्धित विज्ञान को 'कुलाल विज्ञान' कहते हैं। भूगर्भ शास्त्र के पण्डितों ने इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बात का पता लगाया है कि मिट्टी अपने रूप में बनने के पहले कौन कौन अन्य रूप धारण करती है तथा उनके क्या गुण हैं। इन गुणों का क्या प्रभाव होता है। इन्हीं प्रभावों को आधार मान कर इस कला ने बड़ी उन्नति की है और इसकी अनेक शाखायें बन गई हैं। उनमें मुख्य पांच है :—कुम्भकार, तामचीन कलायें, काँच बनाना, सिमेन्ट तथा अदाह्य अथवा रिफ्रैक्टरी। इन वस्तुओं की आवश्यकता इतनी बढ़ गई है कि आज यह एक प्रमुख उद्योग बन गया है। यदि अदाह्य वस्तु अथवा रिफ्रैक्टिरी न हो तो इतनी बड़ी मात्रा में धातुओं का बनना असंभव हो जाये। तामचीन और काँच के सामानों की उपयोगिता किसी से छिपी नहीं है। कुम्भकार कला के अन्तर्गत, सभी प्रकार के ताप तथा विद्युत-अवरोधक बने हैं जिनकी सहायता से दूर दूर तक के लिये परिचालन तथा परिवाहन संभव हुआ है और सामाजिक जीवन का स्तर इतना ऊँचा उठा है। प्रथम विश्व-युद्ध के पश्चात समाज के आर्थिक जीवन तथा किसी देश की सुरक्षा के लिये यह बहुत ही महत्वपूर्ण हो गया है। अब तो इस उद्योग द्वारा इतने प्रकार के सामान बनने लगे हैं जिनकी कल्पना नहीं हो पाती। कौन कह सकता था कि कांच जैसी निर्बल वस्तु से अत्यन्त सबल रेशे बनने लगेंगे जो सेन्ट्रीफूगल जैसी मशीन में उपयोग होंगे। यह सब सम्भव हुआ इसलिये कि मानव इसके लिये सतत प्रयत्नशील था और आदि काल से ही इस चिंतन में था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषा की शिक्षा में श्रुतलेख का स्थान

रमापति शुक्ल एम० ए०

भाषा की शिक्षा में अनेक प्रकार के लिखित अभ्यासों के साथ श्रुतलेख का अभ्यास भी आवश्यक समझा जाता है। परन्तु इस अभ्यास का जो ढंग हमारे विद्यालयों में प्रायः देखने में आता है, वह सन्तोषजनक नहीं। इसी कारण उससे कोई विशेष लाभ होता नहीं दिखाई पड़ता। वास्तव में अधिकांश भाषा-शिक्षकों को श्रुतलेख की उपयोगिता का ठीक-ठीक ज्ञान ही नहीं है। अतएव प्रस्तुत लेख में श्रुतलेख की उपयोगिता पर विचार किया जायगा।

श्रुतलेख का व्यवहार हमारे विद्यालयों में अंग्रेजी की शिक्षा के साथ-साथ आया है। इसी से हमारे यहाँ इसके लिए कोई शब्द भी नहीं था। अब आवश्यकता पड़ने पर 'श्रुतलेख' या 'अनुलेख' शब्द गढ़ लिया गया है। उर्दू का अधिक बोलबाला रहने पर 'इमला' शब्द का प्रयोग होता था। अंग्रेजी की शिक्षा में श्रुतलेख का अभ्यास अधिकतर शुद्ध वर्ण-विन्यास (Spelling) सीखने के लिए होता था। अंग्रेजी भाषा का वर्ण-विन्यास ध्वन्यात्मक नहीं है। उसमें किसी शब्द की ध्वनि के साथ उसमें प्रयुक्त होने वाले वर्णों का सामञ्जस्य नहीं होता। प्रयुक्त वर्णों की ध्वनि के अनुसार शब्द का उच्चारण कुछ और होना चाहिए, परन्तु होता कुछ और है। उदाहरणार्थ 'नेबर' (Neighbour) शब्द में **न, ब, र** ध्वनियों के अतिरिक्त अनेक ऐसी ध्वनियाँ हैं जिनका उच्चारण शब्द के उच्चारण के साथ नहीं होता। अर्थात् वे वर्ण शब्द में व्यर्थ ही समाविष्ट हैं। इसी प्रकार 'थ्रू' (Through) में **र** और **ऊ** के अतिरिक्त सभी ध्वनियाँ निरर्थक हैं। **ट** की ध्वनि देने वाले t और ह् की ध्वनि देने वाले h को मिला कर **थ** का उच्चारण होता है। अतएव अंग्रेजी भाषा में प्रत्येक शब्द का वर्ण-विन्यास जानना आवश्यक है। अभ्यास न होने पर अच्छे-अच्छे विद्वान् वर्ण-विन्यास की भूल कर बैठते हैं। यही कारण है कि अंग्रेजी भाषा की शिक्षा में श्रुतलेख के द्वारा वर्ण-विन्यास का अभ्यास कराया जाता है।

हिन्दी भाषा का वर्ण-विन्यास ध्वन्यात्मक है। इसमें शब्द का जैसा उच्चारण होता है अर्थात् जिन-जिन ध्वनियों का उच्चारण होता है उन-उन ध्वनियों के व्यंजक वर्ण उस शब्द में लिखे जाते हैं। अतएव हमारी भाषा में वर्ण-विन्यास की शिक्षा के लिए श्रुतलेख की आवश्यकता नहीं है। परन्तु इसका यह तात्पर्य नहीं कि हिन्दी की शिक्षा में श्रुतलेख को कोई स्थान ही नहीं मिलना चाहिए। हमारी भाषा ध्वन्यात्मक होते हुए भी कुछ कारणों से उसकी शिक्षा में श्रुतलेख आवश्यक होता है। हमारे ह्रस्व और दीर्घ स्वरों के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्चारण में कभी-कभी इतना कम अन्तर ज्ञात होता है कि बहुत से विद्यार्थी लिखने में अशुद्धि कर देते हैं। वे प्रमादवश ह्रस्व के स्थान पर दीर्घ और दीर्घ के स्थान पर ह्रस्व का प्रयोग कर देते हैं। इसी प्रकार कुछ वर्णों का उच्चारण भी सभी लोग ठीक-ठीक नहीं कर पाते—जैसे **श**, **ष**, और **स** का उच्चारण प्रायः दूषित होता है। इन उच्चारणों को स्पष्ट करने एवं उच्चारण के अनुसार शब्द लिखने का अभ्यास कराने के लिए हिन्दी भाषा के शिक्षक को श्रुतलेख का अभ्यास कराना आवश्यक होता है। जब शिक्षक शुद्ध उच्चारण सहित वाक्य बोलता है तब विद्यार्थी उसे सुन कर एक ओर तो उसका शुद्ध उच्चारण करना सीखते हैं और दूसरी ओर उन ध्वनियों के द्वारा उसका शद्ध रूप व्यक्त करते हैं। इस प्रकार शब्दों के शुद्ध रूप सीखने के लिये श्रुतलेख का अभ्यास बड़ा उपयोगी होता है।

परन्तु हिन्दी भाषा के शिक्षक के लिए कुछ अन्य दृष्टियों से श्रुतलेख का अधिक महत्व है। श्रुतलेख के द्वारा पूर्वपठित शब्दों की बोध परीक्षा होती है। यहाँ पर यह जान लेना आवश्यक है कि श्रुतलेख के लिए पठित अवतरण ही देना चाहिए, अपठित अवतरण से श्रुतलेख लिखाने से अपरिचित शब्दों के आने और छात्रों द्वारा उनके अशुद्ध लिखे जाने का भय रहता है। एक बार जब कोई शब्द अशुद्ध लिखा जाता है तब मानस-पटल पर पड़ी हुई उसकी छाया शीघ्र नहीं मिटती। इससे शुद्ध शब्द का सीखना बहुत कठिन हो जाता है। कभी-कभी तो अशुद्ध लिखे हुए शब्द की छाप ऐसी अमिट हो जाती है कि शुद्ध शब्द की छाप उसके ऊपर पड़ती ही नहीं और लिखते समय बार-बार वही अशुद्ध शब्द आ जाता है। मनोवैज्ञानिकों का मत है कि एक बार कोई चीज सीख लेने पर उसे भूलना इतना कठिन होता है कि पहली बार सीखने में जो प्रयत्न लगता है उसका बीस गुना प्रयत्न उसे भूलकर उसके स्थान पर दूसरा कुछ सीखने में लगता है। अतः छात्रों के मानस-पटल पर अशुद्ध शब्द की छाया पड़ना बहुत हानिकारक है। इसी से अपठित अवतरण से, जिसमें अपरिचित शब्दों का बाहुल्य हो, श्रुतलेख नहीं लिखाना चाहिए।

पठित अवतरण से जब श्रुतलेख बोला जाता है, तब छात्र अपनी स्मृति का उपयोग करते हैं और पठित शब्दों को शुद्ध रूप में लिखने का प्रयत्न करते हैं। यदि असावधानी अथवा प्रमादवश कोई छात्र किसी शब्द को अशुद्ध लिखता है तो उसे शुद्ध शब्द लिखने का अनेक बार अभ्यास कराना चाहिए। उचित तो यह है कि अधिकांश छात्रों द्वारा लिखे गए अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप मोटे-मोटे अक्षरों में श्यामपट्ट पर लिखे जायँ और अध्यापक उन छात्रों से उसका कई बार शुद्ध उच्चारण कराए जिन्होंने अशुद्धि की है। मोटे-मोटे अक्षरों में लिखे हुए शब्द मानस-पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ देते हैं; फिर उच्चारण के साथ उनका साहचर्य हो जाने पर उनका रूप स्थायी हो जाता है। अतः शुद्ध शब्दों को सिखाने के लिए श्यामपट्ट का उपयोग बहुत लाभदायक होता है। इस प्रकार पठित अवतरणों के कठिन शब्दों को शुद्ध रूप में लिखने का अभ्यास कराने एवं बोध-परीक्षा के लिए श्रुतलेख का उपयोग करना लाभदायक होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रुतलेख द्वारा छात्रों की श्रवणेंद्रिय और हाथ के स्नायुओं का सहयोग भी सिखाया जाता है। अध्यापक द्वारा बोला गया लेख एक ओर तो छात्र सुनता है और दूसरी ओर उसका हाथ उस लेख को लिखता है। यदि उसका ध्यान केवल एक ओर रहे अर्थात् यदि वह केवल सुनने में ही रह जाय तो लिखने में उसे विलम्ब होगा और यदि केवल लिखने की ओर ध्यान रहे तो वह ठीक से न सुन सकने के कारण पूरा अंश लिख नहीं सकेगा। अतः दोनों इन्द्रियों का सहयोग आवश्यक होता है। अध्यापक को चाहिए कि आरम्भ में बड़ी सावधानी से वह इन दोनों इन्द्रियों में सहयोग करने का अभ्यास करावे। इसका तात्पर्य यह है कि आरम्भिक कक्षाओं में श्रुतलेख के लिए बहुत छोटे-छोटे पद अथवा केवल एक दो शब्द एक साथ बोले जायँ जिससे बच्चे उन्हें सुनकर ठीक-ठीक लिख सकें। इस प्रकार उनकी स्मरण-शक्ति तीव्रतर होती जायगी और वे अधिक बड़े शब्द या शब्द समूह सुनकर स्मरण रख सकेंगे। जब उनका यह अभ्यास और आगे बढ़ जाता है तब एक ओर तो उनकी श्रवणेन्द्रिय सुनती रहती है और दूसरी ओर उनका हाथ लिखता रहता है। अर्थात् सुनने और लिखने की क्रियाएँ साथ-साथ होती रहती हैं। व्यावहारिक जीवन में इस प्रकार अभ्यास कितना उपयोगी होता है यह कहने की आवश्यकता नहीं है। अतएव भाषा के शिक्षक को श्रुतलेख लिखाते समय यह उद्देश्य ध्यान में रखना चाहिए।

श्रुतलेख का अभ्यास कराते समय यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि शुद्ध लिखने के साथ ही शीघ्र लिखने का भी अभ्यास बढ़े। छात्र ज्यों-ज्यों ऊँची कक्षाओं में जाते हैं, त्यों-त्यों उनके लिखने की गति बढ़नी चाहिए। अतएव श्रुतलेख का एक उद्देश्य त्वरालेखन भी होता है। अभ्यास हो जाने पर बहुत शीघ्रता पूर्वक श्रुतलेख लिखा जा सकता है। इस संबंध में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि आरंभ में शीघ्र लेखन की ओर अधिक झुकाव नहीं होना चाहिए क्योंकि शुद्धलेखन ही श्रुतलेख का मुख्य उद्देश्य है। जब छात्रों को शुद्ध लिखने का अभ्यास हो जाय तभी उनकी लेखन-गति बढ़ाने का प्रयत्न करना चाहिए। दूसरी ध्यान देने की बात यह है कि शीघ्रलेखन में अक्षरों का स्वरूप न बिगड़ने पावे। यह तो स्वाभाविक है कि शीघ्र लिखने में अक्षर सुन्दर नहीं हो सकते। फिर भी कुछ सीमा तक अक्षरों का स्वरूप इतना नहीं बिगड़ता कि वह देखने में भद्दा लगे अथवा सुवाच्य न हो। परन्तु उस सीमा का उल्लंघन करने पर अक्षर दुर्वाच्य हो जाते हैं। उनकी आकृति इतनी विकृत हो जाती है कि वे सरलता से बाँचे नहीं जा सकते। अतएव अस्पष्टता के दोष से बचने के लिए अक्षरों की आकृति पर भी ध्यान रखना आवश्यक है।

श्रुतलेख लिखाने के साथ साथ अनुशासन की भी शिक्षा हो जाती है। श्रुतलेख लिखाते समय पूर्ण शान्ति होना आवश्यक है। कक्षा में शब्द होने पर श्रुतलेख में बाधा पड़ेगी। बोला हुआ अवतरण यदि सुनाई नहीं पड़ेगा तो छात्र उसकी आवृत्ति कराना चाहेंगे और बीच बीच में रोक कर अध्यापक के कार्य में बाधा पहुँचाएँगे। अतः श्रुतलेख बोलते समय पूरी कक्षा में सन्नाटा होना चाहिए। पूर्ण शान्ति रहने पर ही अध्यापक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वारा एक बार बोला हुआ अंश सबको ठीक ठीक सुनाई देगा और उसकी आवृत्ति की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

श्रुतलेख लिखाने का ढंग भी ध्यान देने योग्य है। ऊपर कहा जा चुका है कि पठित अंश में से ही श्रुतलेख लिखाना चाहिए। यदि किसी अपठित अंश को लिखाना हो तो एक दिन पूर्व छात्रों से कह देना चाहिए कि कल अमुक पाठ में से श्रुतलेख लिखाया जायगा जिससे छात्र उसे पढ़कर तैयार हो जायँ। छोटी कक्षाओं में बहुत कठिन शब्दों को पहले श्याम पट्ट पर लिख देना चाहिए जिससे छात्र उन शब्दों के अशुद्ध रूप न लिखें। श्रुतलेख लिखाने योग्य अवतरण के वाक्यों को छोटे छोटे खंडों में इस प्रकार तोड़ लेना चाहिए कि एक एक खंड के शब्दों का परस्पर संबंध हो। असंबद्ध शब्दों को एक साथ नहीं जोड़ना चाहिए। इस प्रकार कक्षा के योग्य छोटे या बड़े खंडों में वाक्यों को विभक्त करके एक बार संपूर्ण अवतरण उच्च स्वर से शुद्ध शुद्ध उच्चारण करते हुए पढ़ देना चाहिए और छात्रों को ध्यान से सुनने को कहना चाहिए। जब पाठ समाप्त हो जाय तब लिखने का आदेश देना चाहिए। लिखाते समय एक एक खंड धीरे धीरे बोलना चाहिए और एक के बाद दूसरा खंड बोलने में इतना विराम देना चाहिए जितने में वह अंश कक्षा के अधिकांश छात्रों द्वारा लिख लिया जाय। कुछ तीव्र गति से लिखने वाले छात्र तो उतने समय से पूर्व लिख लेंगे और कुछ छात्र जो मन्द गति से लिखने वाले होंगे पिछड़ जायेंगे। अध्यापक को औसत लड़कों की गति को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जिस छात्र का कुछ अंश छूट जाता है वह पीछे उसकी पूर्ति कर सकता है। अध्यापक को श्रुतलेख बोलने का इतना अच्छा अभ्यास होना चाहिए कि उसका स्वर एक बार ही सबको स्पष्ट सुनाई दे जाय और उसे दुहराने की आवश्यकता न पड़े। इस प्रकार जब संपूर्ण अंश लिखा दिया जाय तब एक बार उसकी पुनरावृति करनी चाहिए जिससे मन्दगति वाले छात्र अपने छूटे हुए अंशों की पूर्ति कर लें और जिन्होंने सुनने में भूल के कारण अथवा प्रमाद-वश कुछ अशुद्धि कर दी हो वे उसे शुद्ध करलें।

श्रुतलेख का संशोधन भी बड़ी सावधानी से होना चाहिये। छोटी कक्षाओं में अध्यापक द्वारा ही संशोधन का कार्य होना चाहिये। संशोधन के समय छोटी बड़ी प्रत्येक अशुद्धि पर ध्यान रखना चाहिये। **ब** और **व** का स्पष्ट अन्तर, अनुस्वार का ठीक स्थान पर लगाना, रेफ का शुद्ध प्रयोग, ह्रस्व-दीर्घ का ठीक ठीक प्रयोग इत्यादि का ध्यान रखना आवश्यक है। कभी-कभी कुछ छात्र संदिग्ध रूप लिख देते हैं; जैसे स्त्री को 'स्त्रि' लिख देते हैं। ऐसे संदिग्ध रूपों को बहुत सावधानी से शुद्ध करना चाहिये। संशोधन के पश्चात् अशुद्धियों का शुद्ध रूप लिखने को कहना चाहिये। प्रत्येक अशुद्धि का शुद्ध रूप बीस बार लिखाना आवश्यक है। शुद्ध रूप लिखते समय उच्च स्वर से शब्द का उच्चारण करना आवश्यक है। इससे शब्द लिखने की ओर ध्यान रहता है और स्मृति-पटल पर उसकी स्थायी छाप पड़ती है।

८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि श्रुतलेख एक उपयोगी अभ्यास है जिसके द्वारा भाषा की शिक्षा में बड़ी सहायता मिलती है। जितने प्रकार के लिखित अभ्यास हैं उनमें सबसे अधिक उपयोगी यही अभ्यास है। अतएव यदि अध्यापक उसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उचित रीति से इसका उपयोग करे तो यह निश्चय है कि वह छात्रों को शुद्ध भाषा सिखाने में बहुत सफल होगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नवीन पाठ्यक्रम में हिन्दी का स्थान

गणेश प्रसाद सिंह

साधारण परिस्थितियों में किसी देश का शिक्षा सम्बन्धी पाठ्यक्रम निर्धारित करते समय उस देश की मातृभाषा का भी उसमें स्थान सीमाबद्ध करना उतना ही विचित्र तथा परिहासात्मक है जितना कि किसी परिवार में माता या गृहिणी के स्थान, दायित्व, कर्त्तव्य आदि को सीमाबद्ध करना। जिस प्रकार परिवार की व्यवस्था माता पर निर्भर है, उसी प्रकार किसी देश की शिक्षा का विकास वहाँ की मातृभाषा पर निर्भर है। जिस प्रकार धन-धान्य तथा विभिन्न आमोद-प्रमोद के साधन होते हुये भी माता-रहित अथवा माता-पदच्युत-परिवार के कतिपय संस्कार छिन्न-भिन्न हो जाते हैं ठीक उसी प्रकार मातृभाषा के पदच्युत अथवा तिरस्कृत होने पर, देश की शिक्षा की सांस्कृतिक प्रवृति, चाहे उसमें (देश में) बड़ी-बड़ी शिक्षा-संस्थाएँ, बड़ी-बड़ी शिक्षा-योजनाएँ, बड़े-बड़े विद्वान, योद्धा, राजनीतिज्ञ आदि क्यों न हों, यदि पूर्णतया छिन्न-भिन्न नहीं तो अस्त-व्यस्त अवश्य ही हो जाती है। गुणवती माता अपने पति की अनुपस्थिति में परिवार का लालन-पालन, गुणवान परन्तु पत्नी-हीन पिता की अपेक्षा, अधिक सफलता से कर लेती है। पिता का अधिक सम्बन्ध बाहर से होता है और माता का घर से। हम लोग बाहर काम करते हैं और घर में आकर विश्राम करते हैं तथा कमरों में अकेले-अकेले हो जाते हैं—उस समय घर की उचित व्यवस्था होने पर ही हमें शान्ति मिल सकती है और हम सुख से सो सकते हैं। बाहर के लिये यदि पिता के पथ-प्रदर्शन में कोई त्रुटि है तो अन्य बहुत से लोग हमें प्रभावित करते रहते हैं, पर घर के लिये यदि माता के पथ-प्रदर्शन में कोई त्रुटि रह गई तो सुधरने का अवसर प्रायः नहीं मिलता। हम बाहर सब से सुविधापूर्वक हिल-मिल सकते हैं पर सब के घर नहीं जा सकते। ठीक यही विशेषता मातृभाषा के सम्बन्ध में भी है।

किसी देश की मातृ-भाषा यदि सुविकसित है और उसकी राजनीतिक परिस्थितियाँ क्षुब्ध हैं तो वहाँ के नागरिकों का जीवन, उस देश के नागरिकों से, जहाँ की मातृभाषा तो अव्यवस्थित है और राजनीतिक परिस्थितियाँ अनुकूल हैं, अच्छा होगा। हमारा जीवन सुखी उस अनुपात से नहीं होता जिस अनुपात से हमारे साधन तथा वैभव बढ़ते हैं, प्रत्युत उस अनुपात से होता है जिससे कि हम प्रस्तुत तथा उपलब्ध सामग्री का उचित सदुपयोग करते हैं। सदुपयोग की परिभाषा देश, काल और पात्र के अनुसार परिवर्तित होती रहती है। मातृभाषा तथा तत्सम्बन्धी साहित्य का विकास प्रायः अपनी ही परिस्थितियों के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुकूल होता है—फलतः सदुपयोग की जो परिभाषा हमें अपने साहित्य में मिलती है वही हमारे लिये हितकर तथा उपयुक्त है। राजनीतिक क्रीड़ाङ्गनों से हम जीत कर अथवा हार कर जब लौटते हैं तो हमारा साहित्य अवसरानुकूल हमें क्रम से नियन्त्रित करता है अथवा सान्त्वना देता है। अपनी जीत से न तो हम फूल कर कुप्पा ही होने पाते हैं और न तो अपनी हार से हतोत्साहित होकर फिसलने ही पाते हैं। स्मरण रहना चाहिए कि राजनीतिक क्षेत्र में असीमित ख्याति तथा अन्य भाषाओं और साहित्यों का चूड़ान्त ज्ञान प्राप्त कर लेने पर भी यदि हम मातृभाषा से उदासीन रहे हैं, तो हमारे जीवन में प्रायः अनेक ऐसे अवसर आयेंगे जब हम अपने को उसी प्रकार विवश तथा चिन्तित पायेंगे जिस प्रकार विभीषण ने अपने को 'राम-भरत-मिलाप' के अवसर पर पाया था।

शिक्षा-शास्त्रियों ने शिक्षा के अनेक उद्देश्य बताए हैं। उनको हम यदि चाहें तो इस रूप में भी ले सकते हैं—भाव-सृजन; भाव-प्रकाशन; भाव-सञ्चय तथा भाव-तुलना। भाव-सृजन में मातृभाषा का विशेष महत्व होता है। यों तो बच्चा पृथ्वी पर गिरते ही रो उठता है और एक प्रकार से एक भाव का सृजन तथा प्रकाशन साथ ही साथ हो जाते हैं। आँख, हाथ आदि के संकेतों द्वारा भी हम बहुत कुछ करते हैं—पर इन सबको हम समुचित-भाव के अन्तर्गत नहीं ले सकते। संकेतों से कुछ धारणा तो हो जाती है पर उनसे हमें मात्रा, क्रम, आधार आदि का बोध नहीं होता। ये सब हमें तभी स्पष्ट होते हैं जब उनको हम किसी भाषा के माध्यम से सोचते हैं। किसी प्रिय अथवा अप्रिय वस्तु को देखते ही हमारे मन में अनुकूल अथवा प्रतिकूल विकार होने लगते हैं पर इनकी तीव्रता, शिथिलता आदि हमें तभी स्पष्ट होती हैं जब हम उपयुक्त शब्दों से उनका नाम-करण करते हैं। मातृ-भाषा की शब्दावली अपनी परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुकूल विकसित होती है अस्तु उसके माध्यम से जो भाव बनते हैं उनमें सरलता, सुगमता, स्वाभाविकता आदि होती हैं। कई भाषाओं के जानने वाले व्यक्ति प्रायः मातृ-भाषा में ही स्वप्न देखते हैं। '△' को हिन्दी में त्रिभुज तथा अंग्रेजी में ट्रैंगिल कहते हैं। यों तो छात्रों को रटा दिया जाता है—पर जहाँ तक उचित भावों के सृजन का प्रश्न है—इसमें कठिनाइयाँ आ सकती हैं। हिन्दी में नामकरण 'भुजाओं' को लक्ष्य करके किया गया है पर अंग्रेजी में 'कोणों' के आधार पर है। यह अन्तर यों ही नहीं आ गया है—इसके पीछे कोई न कोई सांस्कृतिक रहस्य होगा। बच्चों के कोमल मस्तिष्क में इस अन्तर के फलस्वरूप संघर्ष हो सकता है।

भावों का सृजन भौगोलिक परिस्थितियों पर भी निर्भर होता है। प्रायः ठण्डे देशों में भावोद्रेक देर में होता है और देर में मिटता है—उसका प्रवाह अधिक तीव्र नहीं होता। गर्म देश में भावोद्रेक शीघ्रता से होते हैं और शीघ्रता से मिटते हैं। मातृ-भाषा की लिपियों तथा स्वर-व्यञ्जन की रूप-रेखा इन्हीं भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल रहती है। जितना प्रवाह संस्कृत तथा हिन्दी में है उतना अंग्रेजी में नहीं है। संस्कृत और हिन्दी में हम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिस शीघ्रता से बोल सकते हैं, उस शीघ्रता से अंग्रेजी में नहीं बोल सकते। अंग्रेजी को प्रायः चबा-चबा कर बोला जाता है। किसी पदार्थ को देखने पर एक भारतवासी के मन में जो भाव उठेंगे उनका व्यवस्थित तथा स्वाभाविक नामकरण अंग्रेजी भाषा में कदापि नहीं हो सकता। साथ ही, भारतवर्ष में रहते हुए यदि कोई उर्दू भाषा-भाषी अपने भावों का नामकरण अरबी लिपि के माध्यम से करता है तो उसमें वह स्वाभाविकता कदापि न आएगी जो कि अरब देश में रहने पर आती। ये अन्तर सूक्ष्म से सूक्ष्म हो सकते हैं—पर होते हैं अवश्य। भौगोलिक परिस्थितियों के भिन्न होने पर लिपियों के उच्चारण तथा उपयोगिता में अन्तर आ जाता है। फलतः हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि किसी देश के नागरिकों के भावों का उचित तथा स्वाभाविक सृजन केवल उस भाषा तथा लिपि के माध्यम से सम्भव है जो वहाँ की मातृ-भाषा हो और वहाँ की भौगोलिक तथा सांस्कृतिक परिस्थितियों के फलस्वरूप धीरे-धीरे वहीं पर विकसित हुई हो।

भाव-सृजन के उपरान्त भाव-प्रकाशन का प्रश्न उठता है। भावों की शुद्धता, स्वाभाविकता, उपयोगिता आदि बहुत अंशों में उसके उचित प्रकाशन में है। कभी कभी व्यक्ति विशेष के मन में भाव-सृजन बहुत सुन्दर होता है पर उसका उचित प्रकाशन न होने से अर्थ का अनर्थ हो जाता है। निस्सन्देह भाव प्रकाशन पर वाणी की मधुरता आदि का भी बहुत प्रभाव पड़ता है। भाव-प्रकाशन के दो रूप हैं :—मौखिक तथा लिखित। कुछ लोग मौखिक-प्रकाशन में सिद्धस्त होते हैं और कुछ लिखित में; ऐसे बहुत कम व्यक्ति हैं जो दोनों में समान रूप से सफल हों। पर इन दोनों के लिये भाषा की सजीवता मुख्य है। प्रभावोत्पादकता बहुत अंशों में भाषा सौष्ठव पर ही निर्भर रहती है। कुछ विद्वानों की सम्मति है कि भाव की जब अधिकता होती है तो भाषा साथ दे ही जाती है, उदाहरणार्थ वे 'कबीर' को लेते हैं। पर यह धारणा बहुत खरी नहीं उतरती। भाषा की अस्थिरता के ही कारण हम कबीर की अनेक उक्तियों को समझ नहीं पाते हैं और उन्हें 'रहस्यवाद' के मत्थे पटक कर अपना पिण्ड छुड़ाते हैं। किसी अन्य भाषा में आत्म-प्रकाशन करते समय हमारी वाणी तथा लेखनी दुविधा में पड़ कर प्रायः रुकती जाती है। जिस भाषा के माध्यम से हमें बोलना है या लिखना है, उसी से सम्बन्ध रखने वाली संस्कृति से भी हम उस समय प्रभावित रहते हैं—फलतः संस्कृति तथा संस्कारों की भिन्नता से हम चौंक उठते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरुजनों के चरण छूकर हम उनके आशीर्वाद के लिये लालायित रहते हैं पर पाश्चात्य संस्कृति में उनसे हाथ मिलाकर उनकी शुभकामनाओं को प्राप्त करते हैं। छात्रों को इस प्रसङ्ग पर कुछ बताते समय अथवा उनके पथ-प्रदर्शन के लिये कुछ लिखते समय प्रत्येक सहृदय वक्ता अथवा लेखक के मन में एक दुविधा, एक संघर्ष, चाहे कितना ही क्षणिक तथा सुप्तावस्था में क्यों न हो परन्तु, अनिवार्य है।

भाव-सञ्चय को हम सुविधापूर्वक साहित्य-रचना कह सकते हैं। भाव को हम विचार की कसौटी पर कसते हैं और उसे खरा उतरने पर उसे स्थायी रूप देते हैं। विचार का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आधार एक ओर अपनी व्यक्तिगत धारणा या भाव और दूसरी ओर समाज हैं। भाव-सञ्चय के लिये विचारों को समाजानुकूल होना सर्वदा आवश्यक नहीं होता। ऐसा होने पर तो विकास, क्रान्ति आदि का, जो इतने आवश्यक हैं, मार्ग ही रुक जाएगा। पर उन्हें अनुकूल नहीं तो प्रतिकूल अवश्य होना चाहिये। दूसरे शब्दों में हमारे विचारों को समाज से ही सम्बन्धित होना चाहिये, चाहे उनका दृष्टिकोण प्रतिकूल ही क्यों न हो। प्रस्तुत समाज की त्रुटियाँ बिना प्रतिकूल चित्रण के स्पष्ट तथा प्रकट नहीं हो पातीं। हमारे विचारों की पुष्टि उदाहरणों से होती है और उपयुक्त उदाहरण हमें अपनी ही भाषा के साहित्य में स्वाभाविक रूप से प्राप्त होते हैं। वे समाज के सभी संभ्रान्त व्यक्तियों को विदित होते हैं। हमारे धार्मिक ग्रन्थों की अन्तर्गत-कथाओं की प्रायः खिल्लियाँ उड़ाई जाती हैं—यद्यपि प्रत्येक धर्म की पुस्तकों में विचित्र से विचित्र कथायें मिलती हैं। हँसने वाले जान-बूझ कर ऐसा नहीं करते, प्रत्युत एक, दूसरे की कथाओं को सुनकर हँसने के लिये स्वभावतः विवश होते हैं। इसीलिये कहा जाता है कि जो भाव-सञ्चय अपनी मातृ-भाषा के माध्यम से होगा उसमें क्रम तथा स्वाभाविकता के लिये प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कोई विद्वान अन्य भाषाओं की ऐतिहासिक तथा समालोचनात्मक रचनाओं में तो प्रयत्न करने पर सफल हो सकता है पर उन भाषाओं से सम्बन्धित समाज-संस्कार के क्षेत्र में उसे निश्चित रूप से हताश होना पड़ेगा।

भाव-तुलना से तात्पर्य है विभिन्न भाषाओं तथा उनसे सम्बन्ध रखने वाले साहित्यों और समाजों की मूल और मुख्य प्रवृत्तियों का तुलनात्मक अध्ययन करना। वर्तमान काल में विज्ञान ने समस्त संसार को मिला दिया है। यह एक प्रकार से अनिवार्य हो गया है कि हम अपने दृष्टिकोण को (राष्ट्रीय होने के साथ-साथ) अन्तर्राष्ट्रीय भी बनाते रहें। इस प्रसङ्ग के विचार-विनिमय भी अपनी मातृभाषा में ही हमारे लिए सुलभ और सुगम होंगे। एक मूल आधार पर अवलम्बित होकर हम दूर-दूर देशों का भ्रमण कर सकते हैं और फिर वहीं लौटकर उस पर मनन कर सकते हैं। यदि एक भारतवासी (यद्यपि वर्त्तमान परिस्थितियों में वह ऐसा करने के लिये कुछ समय तक विवश है) प्राचीन संसार का इतिहास अंग्रेजी में लिखता है तो सम्भव है कि उससे संसार का कुछ कल्याण हो जाय, पर यदि वह संसार के विभिन्न पारिवारिक-जीवन का विकास अंग्रेजी में लिखे तो उस रचना से न तो भारतवर्ष का कल्याण होगा और न तो किसी अन्य देश का। उसकी विद्वत्ता के कारण उसकी रचना में कहीं-कहीं सुन्दर कल्पनाएँ देखने को मिल सकती हैं पर संस्कार-मूलक और संस्कार-पोषक क्रमिक भावनाओं का सर्वथा अभाव रहेगा। यदि वह उपर्युक्त वर्णन हिन्दी में करता है तो हमारे सामने एक ऐसा चित्र उपस्थित होगा जिसमें भारतीय-पारिवारिक-जीवन के विकास के साथ संसार के अन्य देशों के पारिवारिक जीवन के विकासों की समुचित तुलना मिलेगी। अंग्रेजी भाषा में यदि हम लिखेंगे तो हमें उस संस्कृति के माध्यम से अग्रसर होना पड़ेगा और वह हमारे लिये कठिन ही नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रत्युत असम्भव सा है। उपयोगिता के दृष्टिकोण से भी यदि हम इन कार्यों को अपनी मातृ भाषा में करते हैं तो एक ओर अपने साहित्य-भण्डार की वृद्धि होगी और दूसरी ओर अपने समाज के अधिक से अधिक लोग हमारे प्रयत्नों से लाभ उठाएँगे। यदि रचना वास्तव में महत्वपूर्ण है तो संसार की विभिन्न भाषाओं में उनका अनुवाद हो ही जायगा।

मातृ-भाषा हिन्दी की दशा वास्तव में बड़ी दयनीय रही है। लगभग एक सहस्र वर्ष से या यों कहा जाय कि अपने शैशव काल से ही इसे राज-भाषा होने से वञ्चित कर दिया गया। छोटे-मोटे देशी दरबारों में तथा अपने भाषियों के झोपड़ों में यह अपना समय बिताने लगी। इन परिस्थितियों में कोई व्यक्ति या तो आत्म-हत्या कर लेता है अथवा भगवान की शरण में जाता है। आत्म-हत्या का भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान नहीं-फलत: हिन्दी को भी भगवान की शरण में जाना पड़ा। यही कारण है कि आध्यात्मिक, दार्शनिक, नैतिक विचारावली की तो इसके साहित्य में प्रचुरता है परन्तु व्यावहारिक स्पष्टीकरण के लिये, जो इतने आवश्यक हैं, उपयुक्त शब्द इस भाषा में नहीं मिलते। इस प्रस्तुत स्वतन्त्रता के पूर्व ऊँची-ऊँची कक्षाओं में भी हिन्दी का पठन-पाठन होता था पर उसका दृष्टिकोण गौण ही रहा। प्राथमिक और माध्यमिक पाठशालाओं में, जिनका पाठ्यक्रम प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में, शिक्षा-विभाग द्वारा निर्धारित किया जाता था, मातृभाषा हिन्दी की दशा अस्त-व्यस्त थी। हिन्दी-अध्यापकों को दीक्षित होना आवश्यक नहीं समझा जाता था। अध्यापन और अध्ययन का स्तर उपयुक्त नहीं था। अब परिस्थितियाँ बिलकुल पलट गई हैं—बहुत कुछ वाद-विवाद के उपरान्त हिन्दी को समस्त भारतवर्ष की राष्ट्रभाषा घोषित कर दिया गया है। प्राथमिक तथा माध्यमिक कक्षाओं में हिंन्दी, किसी न किसी रूप में, अनिवार्य कर कर दी गई है। अन्य प्रान्तों में भी हिन्दी का पठन-पाठन आरम्भ हो गया है। किसी व्यक्ति, जाति, देश आदि में जब तक व्यक्तिगत विशेषताएँ न हों तब तक केवल वैधानिक सुविधाओं के आधार पर वह प्रतिष्ठित तथा उपयोगी नहीं हो सकता। यही सिद्धान्त इस समय हिन्दी के सम्बन्ध में भी चरितार्थ हो रहा है। नवीन पाठ्य-क्रम में हिन्दी का स्थान निर्धारित करते समय एक ओर तो यह ध्यान रखना है कि उपर्युक्त परिस्थितियों के फलस्वरूप हमारी संस्कृति, भाषा तथा साहित्य को जो अपार क्षति हुई है उसे पूरा करना है और दूसरी ओर यह देखना है कि साधारण परिस्थितियों में किसी देश की मातृभाषा तथा राष्ट्र-भाषा वहाँ की शिक्षा में जो स्वाभाविक योग देती हो वह हमारी शिक्षा में हिन्दी भी सुगमता पूर्वक दे सके।

सर्व प्रथम हमें हिन्दी की व्यावहारिक शब्दावली को स्वाभाविक रूप से बढ़ाना है। यह कार्य एक दिन अथवा एक वर्ष में सम्भव नहीं। कुछ विद्वान संस्कृत से कठिन शब्दों को लेते हैं, कुछ सन्धि तथा समास की सहायता से नए शब्द बना रहे हैं। ठीक ही है—पर ऐसा करने में यह ध्यान रहना चाहिए कि हम उतने ही और उन्हीं शब्दों को संस्कृत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से लें जिनको कि वर्त्तमान हिन्दी सुविधापूर्वक पचा सके। देश, काल और पात्र का ध्यान रखते हुए हिन्दी की पाचन-शक्ति को हमें पग-पग पर टटोलते रहना चाहिए। साथ ही भारत की अन्य प्रचलित और सुविकसित मातृभाषाओं से (बङ्गाली, गुजराती, मराठी, तामिल, तेलगू, उर्दू, पञ्जाबी आदि से) उपयुक्त शब्दों को लेने में हमें हिचकना नहीं चाहिए। हिन्दी में शासन-सम्बन्धी तथा विज्ञान-सम्बन्धी शब्दों की न्यूनता है। नैपाली, मराठी तथा अन्य दक्षिणी भाषाओं से सम्भवत: हमें शासन-सम्बन्धी शब्द मिल सकते हैं। छत्रपति शिवाजी से लेकर पेशवाओं तक मरहठा-शासन-प्रबन्ध तथा मैसूर का (हैदर अली और टीपू) का शासन प्रबन्ध भारतीय भाषाओं में होता था। सम्भवत: उनसे हमें बहुत से शब्द मिल सकते हैं। विज्ञान का चमत्कार अंग्रेजों के समय में हुआ और बङ्गाल, मद्रास तथा बम्बई उनके सम्पर्क में पहले आए अस्तु बङ्गाली भाषा तथा गुजराती, मराठी, तामिल, तेलगू आदि में कुछ शब्द हमें मिल सकते हैं। धीरे-धीरे इन शब्दों की तालिकाएँ कक्षानुसार तथा अवस्थानुसार बननी चाहिए। ऐसी कहानियाँ तथा वाद-विवाद-सामग्री कक्षानुसार तैयार कराई जाँय, जिनमें जिस भाषा के शब्द लेने हों उसी के भाषियों की कृषि, उद्योग-धन्धे, रहन-सहन आदि का सरल, स्वाभाविक परन्तु प्रभावोत्पादक चित्रण हो। इससे छात्र भाषा, संस्कृति, भूगोल आदि सभी कुछ एक साथ सीखेंगे। कभी-कभी मुख्य पाठ्य-पुस्तक में भी दो-एक पाठ इसी प्रकार के हो सकते हैं। पर यह कार्य शीघ्रता का नहीं है—इसे सावधानी तथा तत्परता से पूरा करना है। क्रमश: बढ़ने से प्रभाव स्वाभाविक रूप से स्थायी तथा उपयोगी होता चलेगा।

दूसरे, हमें बहुत कुछ हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के विरामचिन्हों के बारे में विचार करना है। लगभग समस्त भारतीय भाषाओं के साहित्य में विराम-चिन्हों तथा विरामों का वही क्रम होता है जो कि अंग्रेजी भाषा में है। ऊपर इसका संकेत किया गया है कि प्रत्येक भाषा का प्रवाह तथा आरोह-अवरोह अपनी भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल विकसित हुआ रहता है। अंग्रेजी के लगभग सभी विरामों को हिन्दी के ऊपर भी केवल इसलिये लाद देना कि यह भी एक भाषा है— स्वाभाविक नहीं दीखता। प्रौढ़ लेखकों, वक्ताओं, साहित्यकारों, कवियों आदि के ऊपर इस विषाक्त प्रणाली का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट नहीं होता पर अबोध छात्रों के उच्चारण तथा पठन-प्रवाह को बहुत धक्का पहुँचता है। छात्रों के स्वर का अपनी भाषा और लिपि के अनुकूल स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता। छात्रों को पढ़ते समय प्राय: 'अँ……' 'ऊँ……' आदि जिन कारणों से होते रहते हैं उनमें सम्भवत: मुख्य यही है कि उन्हें विश्राम या विराम उनकी आवश्यकताओं के अनुकूल नहीं मिलता। इसमें भी हमें माया-वश शीघ्रता नहीं करनी चाहिए। बड़े-बड़े विद्वानों तथा शिक्षा-शास्त्रियों को इस पर विधिवत् विचार करना चाहिए और यदि उचित जान पड़े तो इन विरामों में अपनी आवश्यकताओं के अनुसार उचित हेर-फेर किया जाय। ऐसा होने पर जितनी पुस्तकें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्यावाचस्पति ... हिन्दी द्वारा गुरुकुल कांगड़ी पुस्तकालय को भेंट

बच्चों की शिक्षा के दृष्टिकोण से लिखी जाँय उन सबमें विरामों के प्रयोग सुधरे हुए ढङ्ग से किए जाँय। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं की पाठ्य-पुस्तकों को तो सम्भवत: अवश्य ही ठीक कर देना है।

तीसरे, हमें अपनी लिपि के सुलेख के बारे में सावधान होना है। अंग्रेजी और उर्दू के सम्पर्क से आजकल हिन्दी-सुलेख बिलकुल तिरस्कृत सा है। अंग्रेजी-कलम से प्राय: सभी छात्र हिन्दी लिखते हैं। शीघ्रता से लिखने की होड़ में वे प्राय: अक्षरों को नष्ट-भ्रष्ट कर देते हैं। देव नागरी लिपि का विकास प्राय: देवताओं की पूजा के लिये तैयार की गई विभिन्न प्रकार की वेदियों के आधार पर हुआ है। यह लिखना आवश्यक नहीं कि पूजा के सभी कार्यों को हम किस सावधानी तथा तत्परता से करते हैं। देवनागरी लिपि को जितनी ही सावधानी तथा तत्परता से हम लिखेंगे उतनी ही उसकी सांस्कृतिक तथा शिक्षा-सम्बन्धी उपयोगिता बढ़ेगी। देश के अनेक शिक्षा-शास्त्री तथा विद्वान इस समय लिपि-सुधार में लगे हुए हैं। यह कहना कठिन है कि सुधार की आवश्यकता इन लिपियों की है अथवा हमारे दृष्टिकोण की। सम्भवत: देवनागरी लिपि की सुलेख सम्बन्धी विशेषता के बारे में लोगों में मत भेद न होगा। प्राथमिक तथा माध्यमिक कक्षाओं के हिन्दी-पाठ्य-क्रम में जहाँ हम और सुधार करना चाहते हैं वहाँ सुलेख को भी विशेष महत्व देना है। यह कहा जा सकता है कि सुलेख का तिरस्कार कभी भी नहीं किया गया। कुछ भी हो वर्तमान सयय में हिन्दी की लिखावट का स्तर बहुत गिर गया है। यही परिस्थिति लिखने की अशुद्धियों के बारे में भी है। ऊँची-ऊँची कक्षाओं के विद्यार्थी भी ऐसी त्रुटियाँ करते हैं जिनसे ग्लानि होती है। प्राथमिक कक्षाओं में जो धारणाएँ तथा प्रवृत्तियाँ छात्रों के मन में अङ्कुरित हो जाती हैं, ऊँची कक्षाओं में प्राय: उनका पोषण और विकास ही हो पाता है। उनका सुधार नहीं हो पाता। फलत: सुन्दर तथा शुद्ध लिखावट पर हमें विशेष ध्यान देना है।

चौथे, हमें भाषा के रूप पर भी ध्यान देना है। हिन्दी हमारी मातृ-भाषा और राष्ट्र-भाषा है पर इसमें प्रादेशिक तथा स्थानीय 'बोलियों' की भरमार है। कहा भी जाता है कि हमारे यहाँ 'बानी (बोली) और पानी' कोस-कोस अर्थात् थोड़ी-थोड़ी दूर पर बदलते रहते हैं। इस कठिनाई का सामना भी बड़ी सावधानी से हमें करना है। प्राथमिक और माध्य-मिक कक्षाओं के अध्यापकों का दायित्व इस दृष्टिकोण से बहुत बड़ा है। निश्चय है कि छात्र अपने भावों का प्रकाशन अपनी 'बोली' में करेगा। यदि उसको ऐसा बोलने से रोका जायगा तो उसकी शिक्षा और उसके संस्कार असम्भव हो जाँयगे। उसके भावों का विकास हो ही नहीं पाएगा। अध्यापक को चाहिए कि छात्रों की बातों को उनकी 'बोली' में सुनें पर अपनी व्याख्या तथा अपने उत्तर शुद्ध भाषा में दें। पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में छात्रों की घरेलू 'बोली' का तिरस्कार अथवा उपहास न होने पाये, ऐसा होने पर छात्र झेंपू हो जायेगा और फिर अपने भावों को वह कभी भी कक्षा के सामने प्रकट न होने देगा। इसके विपरीत, कभी-कभी घरेलू 'बोलियों' को अभिनय,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रयाग के शिविर को कुम्भ नगर में ही साभिप्राय रक्खा गया था जिसमें दो-दो सौ की संख्या में ६ दलों ने कार्य किया और प्रत्येक दल एक सप्ताह तक (अर्थात् १० जनवरी से २० फरवरी, १९५४ तक) शिविरों में रहा। भीड़ की—फरवरी २,३,४ की—तिथियों में दलों की संख्या ३५० तक कर दी गई थी। सैनिकों ने पूछ-ताछ, प्राथमिक सहायता देने, आग बुझाने, तथा मेले में कुचले व्यक्तियों को ढोने आदि का काम किया। लखनऊ के छात्र सैनिकों तथा समाज सेवकों ने कामनवेल्थ की टीम के आने पर क्रिकेट मैच का प्रबन्ध किया था और गत मास में १० दिनों तक 'शंकर वीकली' की 'बाल-कला प्रदर्शनी' में भी अपने कर्तव्यों का पालन किया।

शिक्षा सप्ताह, रायबरेली

जनवरी १९५४ के अन्तिम सप्ताह में जिला-प्रदर्शन के अवसर पर रायबरेली में एक अनेकांगी आयोजन शिक्षा-विभाग की ओर से हुआ जिसमें खेल-कूद तथा रचनात्मक और सांस्कृतिक कार्यों का एक सप्ताह से अधिक का प्रदर्शन रहा। खेल-कूद के कई विभाग थे, जैसे वयस्क, युवक तथा शिशु और इसी प्रकार के बालिकाओं के लिए भी तीन विभागों की व्यवस्था की गई थी। इन प्रतियोगिताओं की व्यवस्था औलिम्पिक ढंग पर की गई थी। पञ्चायत विभाग के सहयोग से ग्रामीण वयस्कों की एक बड़ी संख्या ने भी इसमें भाग लिया। इस अवसर पर जिला परिषद् के विद्यालयों ने भी अपना शिक्षा-सप्ताह इसी के साथ मनाया और उनकी प्रतियोगितायें भी उचित विभागों के साथ हुईं। इनमें से कुछ ऐसी भी प्रतियोगितायें थीं जो उनके लिये ही सुरक्षित थीं, विशेषकर प्राइमरी स्कूलों के लिए। प्रदेश के शिक्षा संचालक, श्री भैरव नाथ झा, ने भी एक दिन अपरान्ह में बालक और बालिकाओं के सामूहिक कार्य-क्रम के प्रदर्शन देखे। इसके अतिरिक्त राजकीय संस्थाओं के साल भर के रचनात्मक कार्यों से एक-एक पृथक् स्टाल बालक और बालिकाओं का खोला गया था। इन दोनों स्टालों ने प्रदर्शिनी में एक प्रमुख स्थान ग्रहण कर लिया था और इन दोनों की संयुक्त बिक्री १००० रु० से अधिक की हुई।

सांस्कृतिक कार्य में इस जिले में सदा से अच्छी श्रेणी का कार्य होता रहा है और उसी के अनुसार प्रदर्शिनी के संचालकों ने सांस्कृतिक कार्यों का सारा भार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दे दिया था। नित्य संध्या समय कुछ सांस्कृतिक प्रदर्शनों का कार्य-क्रम रहता था जिसमें लोकगीत, लोकनृत्य, संगीतनाट्य, एकांकी नाटक, मूक-अभिनय, छायाभिनय और कलात्मक वृत्तियाँ आदि मुख्य थे। इन्हीं में से कुछ चुने हुये अंश राज्यपाल श्री कन्हैयालाल माणिक लाल मुन्शी के समक्ष ३१ जनवरी, १९५४ को प्रस्तुत किये गये जिनमें कल्पना, मीरा के जीवन का एक दृश्य, स्वागत नृत्य, और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृषकगीत से श्री मुन्शी इतने प्रभावित हुये कि अपने आशीर्वाद में उन्होंने यह स्पष्ट कह दिया कि उन्हें ऐसे अच्छे स्तर के सांस्कृतिक कार्य-क्रम देखने की आशा ऐसे छोटे नगर में न थी।

इसके कुछ ही घंटे पूर्व उन्होंने 'द्विवेदी स्मारक' भवन का उद्घाटन किया था। यह स्मारक विशेष कर जिले की शिक्षा संस्थाओं के प्रयत्नों से इतने थोड़े समय में बन पाया है और इसकी ख्याति इतनी अधिक बढ़ गई है कि राजापुर के अतिरिक्त अन्य कई स्थानों में देव, शंकर तथा भूषण आदि महाकवियों के स्मारक बनाने का एक आन्दोलन सा चल पड़ा है। श्री मुन्शी 'द्विवेदी स्मारक समिति' के परिपालक हैं और इस अवसर पर उन्होंने व्यक्तिगत रूप से १०० रु० की सहायता समिति को दी जिससे जिले की समस्त जनता और विशेष कर शिक्षा संस्थाओं को अपने साहित्यिक प्रयत्नों के लिये बड़ा प्रोत्साहन मिला।

सब से विशेष बात यह थी कि 'अन्तस्कूल अनुशासन संघ' ने शिक्षा के कार्यक्रमों में ही नहीं सारी प्रदर्शिनी में अनुशासन स्थापित करने का भार अपने ऊपर ले लिया था और उन्होंने इस गुरुतर कार्य को लगभग डेढ़ सप्ताह तक कई टोलियों में विभाजित हो कर इतने परिश्रम से किया कि प्रदर्शिनी के अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में ही नहीं वरन प्रत्येक अवसर पर यह कहा कि ऐसे आदर्श अनुशासन और व्यवस्था का अनुकरण प्रदेश के अन्य जिलों में भी होना चाहिये।

संस्कृत के क्षेत्र में

गत तीन महीनों का इतिहास संस्कृत पाठशालाओं के जीवन में प्रगति का प्रसंग उपस्थित करता है। गत तीन वर्षों से प्रचलित उत्तरप्रदेशीय समस्त संस्कृत पाठशालाओं के निरीक्षण की नवीन योजना ने इस जनवरी मास में अपनी लक्ष्य पूर्ति द्वारा संस्कृत पाठशालाओं की दशा तथा उनकी समस्याओं का वास्तविक रूप प्रकट किया है। संस्कृत परीक्षाओं की मान्यता से उद्बोधित अब संस्कृत का छात्र आशापूर्ण हृदय से संस्कृत पाठशालाओं की ओर अनुरक्त हो रहा है। इस वर्ष छात्र तथा परीक्षार्थी संख्या में संतोषजनक वृद्धि हुई है। गत वर्ष संस्कृत परीक्षाओं में १०,१९२ छात्र सम्मिलित हुये थे, इस वर्ष ११,०६२ छात्र इन परीक्षाओं में सम्मिलित हुए। साथ ही साथ राज्यानुदान में भी गत वर्ष से ३६२८८ रु० की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त १८६६४ रु० का अनावर्तक अनुदान तथा १३,००० रु० का पुस्तकालय-अनुदान भी दिया गया है। इस राज्याश्रय से पाठशालाओं के अध्यापकों को भी पर्याप्त प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है।

विकास योजनायें

द्वितीय महायुद्ध के उपरान्त जो पुनर्गठन और प्रसार शिक्षा में हुआ है वह बहुत

२६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ही व्यापक है। अब प्रारम्भिक विद्यालयों की संख्या लगभग दुगुनी, जूनियर हाईस्कूलों की ढाई गुनी, और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की लगभग साढ़े चार गुनी हो गई है। इसके अतिरिक्त पाँच मनोवैज्ञानिक केन्द्र बालकों की व्यक्तिगत और सामूहिक सेवा कर रहे हैं।

इन सबके अतिरिक्त इस वर्ष से भारत सरकार ने अपनी योजना नं० १ और ४ की स्वीकृति दे दी है। योजना नं० १ के अन्तर्गत केन्द्रीय पेडागागिकल इंस्टीच्यूट को पुस्तकालय के लिए ५,००० रु० का अनुदान दिया गया। इलाहाबाद, लखनऊ और मुजफ्फरनगर के जूनियर प्रशिक्षण विद्यालयों का स्तर और ऊँचा करके उनको जूनियर बेसिक ट्रेनिंग कालेज के रूप में परिणत करने का निश्चय किया गया है और साथ ही वे एक सुसंगठित विकास क्षेत्र का केन्द्र भी बनेंगे। इन तीन क्षेत्रों में प्रत्येक ५ में जूनियर हाई स्कूलों में विकास केन्द्र और पुस्तकालय खोले जायेंगे जहाँ से १५ प्राइमरी स्कूलों का सर्वांगीण विकास किया जायगा। इन २२५ प्राइमरी स्कूलों की इमारत, सज्जा और अच्छे स्तर के अध्यापकों के लिए ३·१५ लाख रुपया स्वीकृत हुआ है। इन्हीं संगठित क्षेत्रों में से प्रत्येक में एक एक जनता कालेज, प्रतापगढ़, सहारनपुर, तथा बाराबङ्की के नार्मल स्कूलों के साथ खुलेगा जहाँ प्रौढ़ ग्रामीणों को विकास, कृषि, कुटीर उद्योग और सामाजिक शिक्षा के संगठन की शिक्षा दी जायगी।

केन्द्रीय सरकार योजना नं० ४ के अन्तर्गत प्रत्येक जिले में एक माध्यमिक विद्यालय को लगभग १०,००० रु० और एक प्राइमरी स्कूल को लगभग २,००० रु० उन्हें विकास केन्द्रों में परिवर्तित करने के लिए दिया गया है। योजना नं० ६ में कुछ ऐसी संस्थाओं को अनुदान देने का विचार हो रहा है जो बहुत ही अच्छे स्तर पर या नवीन शैली से शिक्षा का या सांस्कृतिक कार्य कर रही हैं।

द्वितीय पञ्च वर्षीय योजना (१६५६—६१) की रूपरेखा भी तैयार हो रही है और इसमें प्रसार और संगठन के अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए मंगल योजनायें, साधारण मनोवैज्ञानिक चिकित्सा, अंगहीन और अविकसित बच्चों की शिक्षा और वयस्कों तथा शिशुओं के लिए उचित साहित्य, फिल्म और पुस्तकालयों की प्रस्तुति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

जूलाई १६, १९५३ से १५, १९५४ तक हुये रचनात्मक कार्यों का विवरण

अन्न	तरकारी	धातु कला	पुस्तक कला	कताई तथा बटाई
१	२	३	४	५
१३२६५ सेर ६ छ,	४६००५ सेर १छि,	सूटकेस १ नेमप्लेट १२	लिफाफा १४६४७६ अदद गुलदस्ता १२०	सूत २००सेर४ छ,
भुट्टा ८२४ अदद	ककड़ी १६ अदद	तश्तरी ४ ढेबरी १२	और ३८७ सेर हार ६८	और
चरी ४० बोझ	मूली ५३३५ अदद	कलमदान ४ अंगेठी १	फाइल १५७६ अदद बेल ७०	१८२७१ गज
	गोभी १८०६ अदद	चम्मच १ हुक २	परीक्षाकीकापी ६२७२१ अदद फूल १४८	सुतली १५६७सेर ७छ,
		कीप १४ ब्लाटर ८	खिलौना १३७० पैड ७६८	बान २४२सेर ८छ,
		बटन ३८ चाक़ू १०	पतंग ३०८ चश्माकेस ७	और
		ऐश ट्रे ४३ थाली २	फिरकी २५६ कार्ड १७५	८०४० गज
		चमटा १६ साबुनदानी ४	एलबम १४५ डायरी २११	रस्सी ३१० सेर
		फूलदान ४ पैमाने २०	ट्रे ८ जिल्दबन्दी६६८	और
		डिब्बे २१३५ बास्केट ७	कलेन्डर २३५ लैम्प शेड ५	१०३७६६ गज
		बोर्ड २	रजिस्टर ६१ कंदील ६६	और
		अन्य वस्तु२१००	नोटबुक ४११ संकेत ४८	६८ अदद
			कवर ४८४ कैशमीमो ४५	तागा ४ सेर
			डिब्बे १५० चित्र ८४	ऊन १८५सेर१२छ,
			पोर्टफोलियो १२ अन्य ६८८१५	

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

बिनाई				मिट्टी		औद्योगिक रसायन			
६				७		८			
कपड़ा	१३५६ गज	नारा	१६ अदद	खिलौना	११५६२ अदद	साबुन	११०३ सेर १२ छ, और	लेमन ड्राप	२ पौन्ड
टाट	६ सेर ६ छ,	चिक	२३२ अदद	फूलदान	२३० अदद		६२६ बत्ती	मोम का खिलौना	८३
और	९८ गज	टोकरी	२४४५ अदद	दिया	४०० अदद	स्याही	६३ सेर १२ छ, और	चूर्ण	३ छ,
नवाड़	८५१ गज और	खाट	३१८ अदद	प्याला	१११ अदद		११५१ पुड़िया और	पटीन	२ सेर
	३१ सेर १३ छ,	कुर्सी	२३६ अदद	गिलास	३७ अदद		४६ दवात और	सलेट पेन्सिल	५४ अदद
दरी	२७ गज और	डलिया	१२ अदद	अन्य	३६४८७ अदद		१२४ बोतल	जेली	२ सेर ८ छ,
	२४ अदद	डोलची	३ अदद	ईंटा	४६६३७ अदद	मंजन	७४ सेर १२ छ, और	चाक	२० सेर
आसन	१७१ अदद	गमछा	२ अदद	दवात	२१५० अदद		८१६ पुड़िया	क्रीम	४ शीशी
पङ्खा	४६८ अदद	मेजपोश	४६ अदद	गमला	११० अदद	फिनायल	४२७ बोतल और	तेल	८६ सेर ३ छ,
बत्ती	१०० गज	कालीन	२४४ गज और				२० सेर ४ छ,		
तौलिया	३६ अदद		१७ अदद			पालिश	१२१ डिब्बी और		
चटाई	१०० गज और	जाल	१ अदद				४ बोतल		
	१६४३ अदद	पिलीवर	२ अदद			अमृतधारा	३० शीशी और		
चादर	१३ अदद	साड़ी	६ अदद				१ औंस		
		अन्य	२१२ अदद			वानिश	२ सेर ८ छ, और		
							२ बोतल		
						पाउडर	२१ पौंड		
						मोमबत्ती	१८२० अदद और		
							४०६ पैकेट		
						वैसलीन	२ पौन्ड और		
							६४ शीशी		

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

काष्ठकला				सिलाई		कढ़ाई बुनाई		चर्म कला		पुताई लिपाई सफाई	
९				१०		११		१२		१३	
पीढ़ा	१३ अदद	फ्रेम	५५	रूमाल	१८६ अदद	स्वेटर	११२ अदद	मनीबेग	२४ अदद	कमरा	८३
खिलौना	१२४	कुर्सी	६४	कवर	१६	रूमाल	२३३ ,,	चश्मादानी	१० ,,	गली	२ फर्लांग
कलमदान	४८	डेस्क	१६६	झोला	६३	गिलाफ	२६ ,,	बटुआ	८८ ,,	साईकिल	२३
ट्रे	६४	डस्टर	१६	फ्राक	६१	मोजा	७८ ,,	कवर	१ ,,	गैलरी	३
नकेल	१६	पाटला	३	आसन	१	पेटीकोट	६३ ,,	चप्पल	३६ जोड़ा	मैदान	२
मेज	२४	अल्मारी	२	टोपी	५	तौलिया	५० ,,	बेग	५ अदद	मकान	१
रैक	७	खूटी	१५५	गुड़िया	६६	साड़ी कीलेस	६ गज	पेटी	२७ ,,	दरवाजा	४२
अटेरन	६२	हैंगर	५४	गिलाफ	१४	झोला	१४ अदद	कंघी दानी	१ ,,	खिड़की	५६
चौकी	६	चट्टी	७० जोड़ा	ब्लाउज	६८	मफलर	१ ,,	अन्य वस्तु	३ ,,	शीशा	९८३
मथानी	१३	स्टूल	३८	पेटी कोट	५२					अन्य	५४८५३४८ वर्ग फीट
थापी	१२	दीपदान	६	कुर्तियां	३०					और	५६६० घन ,,
बोर्ड	५	बुकदान	१	गरारा	१५						
बैट	१८	तिपाई	१०	कमीज	४५						
हैन्डिल	२१	पाये	६०	अन्य	४६०						
मोंगरी	७	खडाऊँ	१								
नाम पट्टी	२५	दीवालगीर	१								
चकला	२	श्यामपट	२								
प्वाइन्टर	१३	खिड़की	१								
चिक की		चारपाई	१३८								
तीलियां	१०००	तकली	१००४								
होल्डर	२६	तख्ती	५२								
बेन्चस्टैन्ड	२५	रूल	२७								
तस्वीर	१३१	अन्यवस्तु	४१५५								

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

वार्निश कार्य		मरम्मत		खोदाई भराई		निर्माण		पाक विज्ञान	
१४		१५		१६		१७		१८	
बक्स	७ अदद	डेस्क	६७	भूमि	२०१८६६० वर्ग फिट	मार्ग	१४ और	पापड़	२०० अदद
कुर्सी	१५१ ,,	कुर्सी	५६३	पिट	७७६ और		११३७०८ वर्ग फिट	चाय	११२५ कप
मेज	४७५ ,,	ठेला	१		३३३६६०५ घन फिट		और	बिस्कुट	१६३७६ अदद
बेंच	४३७ ,,	खिड़की	४	नाला	२२०० गज		११३६० फिट	मिठाई	१४४५ सेर
श्यामपट	८१ ,,	स्टैन्ड	२	भीटा	१२००० वर्ग फिट	खाई	६५१ घन फिट	रेवड़ी	१५ सेर
		अलमारी	१			खम्भा	७	समोसा	५० अदद
दरवाजे	६००/१८६१७ वर्ग फिट	दरवाजा	८			दीवाल	४ और	हलवा	६ सेर
		दीवाल और सड़क	६४५८६ वर्ग फीट				४२३ फिट	पकौड़ी	१२६ सेर १२ छं०
खिड़की	२२०/१२०५६० वर्ग फिट						और २३८७१ वर्ग फिट		
						सीढ़ी	३	अन्य वस्तु	२३२ सेर
अलमारी	१२	क्यारी	१४						
डेस्क	६३८	शीशे	५११			चबूतरा	४ और		
दीवाल	६७१५० वर्ग फीट	कमरे	८				५६८ वर्ग फिट		
अन्य वस्तु	४००४	अन्य	८८५				और १०२१४ घन फिट		
						कमरा ४।	२००० ,,		
						स्टेडियम	५०० ,,		
						मेड	५४०० फिट		
						नाला	१२६ और		
							४८०० वर्ग फिट		

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्य कार्य		कच्चे माल का कुल दाम	श्रम मूल्य रुपये में	विक्रय द्वारा प्राप्त धन	कितने मूल्य का समान बचा
१९		२०	२१	२२	२३
दोना पत्तल	२२४५९५ अदद	रु० आ० पा०	रु० आ० पा०	रु० आ० पा०	रु० आ० पा०
जनेऊ	६७२ ,,	६६३६२ ८ ०	१६६१४४ ६ ०	६३३३६ २ ३	३२०६१ १० ०
बटन	३६६				
फोटोग्राफी	१३२१ ,,				
ढलाई	५६६२				
	३०० घन फीट				
डिवाइन	१६				
स्त्री करना	५० कपड़ा				
टट्टर	८				
वृक्षारोपण	५३६				
क्यारी	५३				
बागबानी	५०० वर्ग फीट				

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिक्षा जगत के समाचार

प्रदेश

शिक्षा पुनर्व्यवस्था सम्मेलन

उत्तर प्रदेश की शिक्षा में कृषि-शिक्षा को व्यापक रूप से समाविष्ट किये जाने के विषय में शिक्षा पत्रिका में १९५३-५४ के प्रारम्भ से ही समाचार दिये जा रहे हैं। परन्तु उस पर विस्तृत रूप से विचार-विनिमय के पश्चात विगत १० जनवरी को जिला परिषद के अध्यक्षों, जिला नियोजन अधिकारियों तथा जिला विद्यालय निरीक्षकों एवं शिक्षा विभागीय अन्य उच्चाधिकारियों का एक सम्मेलन मुख्य मंत्री पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त की अध्यक्षता में सचिवालय में हुआ जिसमें महत्वपूर्ण एवं निश्चयात्मक निर्णय लिये गये। मुख्य मन्त्री ने सर्वप्रथम शिक्षा को समाज की वास्तविक परिस्थितियों के मेल में लाने पर बल देते हुये इस विषय पर प्रकाश डाला कि समाज के अनेकांगी कार्य व्यापार में संलग्न जन समूहों से आने वाले बालकों के लिये उनकी पारिवारिक तथा परिस्थिति जन्य आवश्यकताओं के अनुकूल ही शिक्षा का स्वरूप बनना चाहिये। उन्होंने बताया कि प्रदेश की लगभग ८० प्रतिशत जनता के कृषि में रत होने के कारण विद्यालयी शिक्षा में प्रधान रूप से कृषि का समावेश होना अनिवार्य तो है ही इसके अतिरिक्त कुछ अन्य प्रकार के दस्तकारी के कामों का होना भी आवश्यक है, जिनका विशेष रूप से नगरों तथा कुछ अन्य स्थानों में, उनकी अपनी विशेषता के कारण, चलन अथवा प्रचार हो। इसके प्रश्चात अनेक अध्यक्षों ने अपने-अपने विचार प्रकट किये और यद्यपि उनमें से एकाध ने भूमि न मिलने और परिषदों में आर्थिक कठिनाइयों के उत्पन्न होने की आशंका प्रकट की, परन्तु 'यह योजना अति उत्तम है, इसको अविलम्ब लागू किया जाय', यह बात एक स्वर से कही गई। जिला विद्यालय निरीक्षक सभी इसके पक्ष में थे। कृषि विभाग के संचालक का भी भाषण हुआ, जिसमें उन्होंने बताया कि कृषि में, यदि उसे उचित रूप से किया जाय तो, कभी हानि होती ही नहीं और योजना का समर्थन करते हुये उन्होंने अपने विभाग द्वारा प्रत्येक संभव सहायता का आश्वासन दिया। तदोपरान्त उपमन्त्री श्री फूल सिंह ने अन्य उपयोगी बातों के अतिरिक्त यह बताया कि शिक्षा विभाग को इस कार्य में जिला नियोजन अधिकारियों तथा नियोजन विभाग का पूरा सहयोग प्राप्त रहेगा। इसी विषय पर बरेली परिषद के अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास हुआ और मुख्य मन्त्री ने योजना के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मथुरा में शिक्षा मंत्री

विद्यालय में भाषण देते हुये



वृक्षारोपण से पहले पूजा का टीका

के० जी० के० कालेज मुरादाबाद के छात्रों द्वारा बनाई गई कच्ची सड़क का उद्घाटन करते हुए शिक्षा मंत्री श्री हरगोविन्द सिंह



प्रदर्शिनी का निरीक्षण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डी० ए० वी० कालेज, अलीगढ़ में श्रम दान कार्य



गारा और ईंट ढोते हुए छात्र



ढूला खोलने का कार्य



जनवरी, ५४ में श्रमदान के अवसर पर शिक्षा संचालक के शिविर कार्यालय के कर्मचारी कार्य संलग्न



समाज सेवा की टोली



छत बनाते समय ओवरसियर द्वारा निरीक्षण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विस्तृत स्वरूप पर अपने विचार पुनः प्रकट किये जिसमें उन्होंने बताया कि इस कार्य द्वारा जनता और विद्यालयों का सम्पर्क और घनिष्ट हो सकेगा और ग्रामीण क्षेत्र में पाठशाला सम्बन्धी एक एक समितियों तथा जिले के स्तर पर भी एक समिति के निर्माण की आवश्यकता होगी। उन्होंने प्रदेश की ख्यातिप्राप्त भूदानी जनता से भी इस महायज्ञ में भूमि देकर पुण्य-लाभ की अपील की और आशा प्रकट की कि इस उत्पादक क्रिया द्वारा प्रारम्भिक पाठशालायें तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय आर्थिक दृष्टिकोण से किसी अंश तक स्वावलम्बी बन सकेंगे। सम्मेलन ने इस सम्बन्ध में यह भी निश्चय किया कि इस योजना को सफल बनाने के लिये मुख्य मन्त्री के नाम से एक कोष भी खोला जाय।

इसके पश्चात शिक्षा मंत्री श्री हरिगोविन्द सिंह ने मुख्यत: विभाग के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि नवीन योजना से आशा की जाती है कि उसके द्वारा वर्तमान शिक्षा-प्रयत्न में नवजीवन का संचार होगा। आज की शिक्षा का दृष्टिकोण उसे सक्रियता प्रधान तथा सप्रयोजन बनाने के पक्ष में है। इसके अतिरिक्त विद्यालय से निकलने वाले विद्यार्थियों की आधुनिक दयनीयता को दूर करने के लिये भी यह आवश्यक है कि वे अपने अध्ययन काल में अपने स्वभाव तथा अपनी परिस्थितियों की आवश्यकता के अनुसार किन्हीं कृषि जैसे उत्पादक कार्यों में कम से कम इतनी योग्यता प्राप्त कर लें कि अध्ययन के उपरान्त वे आत्मनिर्भर बन सकें। परन्तु, उन्होंने आगे कहा, किसी भी योजना का सफल होना उसे कार्यान्वित करने वाले कार्यकर्त्ताओं पर अवलम्बित होता है। अतः उन्होंने आशा प्रकट की कि इस दिशा में उनके जिला विद्यालय-निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी असुविधाओं की तनिक भी परवाह किये बिना योजना को सफल बनाने के लिये प्राणपण से जुट जायेंगे।

नवीन पाठ्य-क्रम तथा पाठ्य-पुस्तकें

इस वर्ष विभाग द्वारा नियुक्त अनेक विशेष पदाधिकारी कक्षा १ से ५ तक के लिये हिन्दी अंकगणित तथा कृषि और सरल विज्ञान पर पाठ्य पुस्तकें लिख रहे हैं। वर्तमान पुस्तकें विगत लगभग १५ वर्षों से प्रचलित थीं। इसके अतिरिक्त कक्षा ६ के लिये कृषि विज्ञान पर भी पुस्तकें लिखी जा रही हैं, जो अनिवार्य रूप से सम्बन्धित जूनियर हाई स्कूलों में पढ़ायी जायेंगी।

कक्षा १ से ८ तक नया पाठ्यक्रम भी बन रहा है। अतः कक्षा ६ से ८ तक जो पुस्तकें भिन्न-भिन्न विषयों में स्वीकृत हैं वे ही १९५४-१९५५ के शैक्षिक सत्र में भी रहेंगी। केवल कक्षा ६ से वैकल्पिक ग्रामोपयोगी शिक्षा तथा कृषि विषयों की पुस्तकें पाठ्य-क्रम में होने वाले परिवर्तन के कारण हटा दी गई हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत कालेज का दीक्षा समारोह

विगत ७ फरवरी १९५४ को अपरान्ह में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, काशी का आठवाँ उपाधि वितरण समारोह शिक्षा मन्त्री श्री हर गोविन्द सिंह के सभापतित्व में सम्पन्न हुआ। गृह मन्त्री डा० सम्पूर्णानन्द ने दीक्षांत भाषण देते हुये कहा कि अब लोगों की समझ में यह बात आ गई है कि न केवल वाङ्मय तथा भारतीय दर्शन का अध्ययन करने के लिए प्रत्युत राष्ट्र-भाषा हिन्दी तथा अन्य अनेक प्रदेशीय भाषाओं की उन्नति के लिये भी संस्कृत का न्यूनाधिक ज्ञान आवश्यक है। हिन्दी के राज्य-भाषा हो जाने के कारण यह और भी आवश्यक हो गया है क्योंकि हमको पारिभाषिक शब्द आदि संस्कृत के अक्षय भंडार से ही प्राप्त होंगे। इसके अतिरिक्त आधुनिक नवीन परिस्थितियां में उत्पन्न अथवा निर्मित नवीन शब्दों को संस्कृत का रूप देने के लिए संस्कृत व्याकरण की नितान्त आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि संस्कृत में अपार साहित्य अप्रकाशित है और इतिहास पर प्रकाश डालने वाली जो प्रभूत सामग्री भरी पड़ी है उसका भी उपयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने विद्वानों को भी संबोधित करते हुये कहा कि उन्हें प्राचीन शास्त्र एवं आधुनिक विज्ञान में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयत्न करना चाहिए।

शिक्षा मन्त्री ने सभापति पद से भाषण करते हुये कहा कि हमारी संस्कृति का आधार यह पुनीत देवभाषा संस्कृत ही है और इसी दृढ़ बुनियाद के कारण हमारी संस्कृति आज तक लुप्त नहीं हुई वरन सदैव विकसित ही होती रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमने संस्कृत की परिधि को धीरे धीरे इतना संकीर्ण कर दिया है कि वह कुछ विशेष लोगों की भाषा बन कर रह गई है। अतः जब हम निकट भविष्य में इस महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में परिणत करने जा रहे हैं तब आवश्यक है कि यह महाविद्यालय विस्तृत एवं उदार आधार शिला पर स्थापित हो।

नागरी प्रचारणी सभा की हीरक जयन्ती

नागरी प्रचारणी सभा ने गत ६० वर्षों में जो हिन्दी की सेवा की है वह एक ऐतिहासिक घटना है। इस बीच सभा ने न्यायालयों में नागरी के प्रचार, हस्तलिखित पुस्तकों की खोज, हिन्दी-कोष निर्माण, हिन्दी भाषा के इतिहास की प्रस्तुति तथा प्रकाशन आदि सम्बन्धी अनेक अमूल्य कार्य किये हैं। इस वर्ष सभा की हीरक जयन्ती काशी में अत्यन्त समारोह से मनायी गई है।

जयन्ती महोत्सव का उद्घाटन करते हुये राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सभी जीती जागती भाषाओं का यह गुण है कि वे अपने शब्द भंडार को बढ़ाने में नहीं हिचकतीं चाहे शब्द किसी भी उद्गम के हों। अतः यदि हम हिन्दी को एक सार्वभौम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषा बनाना चाहते हैं तो प्रान्तीय भाषाओं और मुहावरों के लिए द्वार मुक्त रखने होंगे। हिन्दी वास्तव में राष्ट्र-भाषा तभी कहला सकती है जब भारत के सभी निवासी उससे प्रेम करने लगें और उसकी उन्नति में अपना गौरव मानने लगें। यह भावना तब और भी परिपुष्ट हो सकेगी जब वे समझने लगेंगे कि हिन्दी में कुछ उनको भी अपनी देन है और उस पर उनका भी कुछ अधिकार है। डा० अमरनाथ झा ने राष्ट्रपति के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुये कहा कि राष्ट्र-भाषा हिन्दी के उपासकों का यह प्रथम कर्तव्य होना चाहिए कि अन्य प्रदेशों के रहने वालों के मन में यह आशंका कभी न होने दें कि राष्ट्र-भाषा की उन्नति से उनकी मातृ-भाषा की अवनति होगी।

दूसरे दिन बिहार के राज्यपाल श्री दिवाकर के सभापतित्व में राष्ट्र-भाषा सम्मेलन हुआ जिसमें पास हुये प्रस्तावों में यह कहा गया कि सभा सभी प्रान्तीय भाषाओं की उन्नति, समृद्धि, तथा संरक्षण चाहती है, क्योंकि उसका यह विश्वास है कि इससे राष्ट्र-भाषा की उन्नति में कोई बाधा उपस्थित नहीं होती और एक अन्य प्रस्ताव में संघ शासन से अनुरोध किया गया कि वह केन्द्र में अविलम्ब एक राष्ट्र-भाषा मन्त्रालय स्थापित करे जो राष्ट्र-भाषा के सम्बन्ध में विधान की ३९१वीं धारा में उल्लिखित केन्द्रीय शासन के संकल्पों की पूर्ति शीघ्र करा सके। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन के अध्यक्ष पद को सूचना-मंत्री पं० कमलापति त्रिपाठी ने सुशोभित किया था और उन्होंने अपने विस्तृत भाषण में विषय के इतिहास के महत्व, स्वातन्त्र्य संग्राम में पत्रों की देन, वर्तमान स्थिति तथा नवीन दायित्व आदि का विशद निरूपण किया। हिन्दी पत्रों के विकास के लिये आपने हिन्दी संवाद समिति संघटित करने तथा हिन्दी टेलीप्रिंटर के उपयोग की आवश्यकता बताई।

संस्कृति सम्मेलन में आचार्य नरेन्द्र देव ने बोलते हुये कहा कि जो संस्कृति भेद-भाव रखती हो, मनुष्य को मनुष्य रूप में देखना नहीं चाहती हो, उससे आज हम अपनी स्वतन्त्रता की रक्षा नहीं कर सकते।

देश

बिहार

बिहार शासन ने प्रारम्भिक शिक्षा-प्रणाली तथा शिक्षा-संचालन में पिछले दिनों महत्वपूर्ण परिवर्तन किये हैं। ये परिवर्तन १८८५ के स्वायत्त शासन सम्बन्धी पुरानी धारा में हुये हैं जिसके अनुसार प्रत्येक जिले में अब एक एजूकेशन सुपरिन्टेन्डेन्ट नियुक्त होगा जो जिले के शिक्षा-कोष पर नियन्त्रण रक्खेगा और अध्यापकों में शीघ्र वेतन-वितरण का भी उत्तरदायी होगा। सहायता-प्राप्त विद्यालय उसके अधिकार में होंगे और विशुद्ध परिषदों के विद्यालयों के प्रबन्ध में वह अध्यक्ष की सहायता भी करेगा। इस प्रकार परिषद द्वारा नियन्त्रित विद्यालयों की नियुक्तियाँ, उन्नतियाँ, स्थानान्तरण आदि सब सुपरिन्टेन्डेन्ट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एजूकेशन की सहायता से अध्यक्ष द्वारा होंगे और सहायता प्राप्त विद्यालयों का प्रबन्ध स्वयं सु०रिन्टेन्डेन्ट एजूकेशन जिला परिषद के अध्यक्ष के परामर्श से करेगा। इन दोनों अधिकारियों के बीच यदि कोई असहमति का अवसर आयेगा तो जिलाधीश की सम्मति को अंतिम निर्णय मान लिया जायगा।

प्रारम्भिक शिक्षा के प्रसार एवं सुधार की दिशा में प्रदेशीय शासन अब विशेष व्यय करने जा रहा है। इस योजना को केन्द्रीय शासन से भी अर्थ-समिति की संस्तुतियों के आधार पर तथा शिक्षित बेकारों को सहायता देने की योजनानुसार आर्थिक सहायता मिल रही है। योजना के फलस्वरूप यह आशा की जाती है कि ६ से ११ वर्ष तक की आयु वाले चार लाख नये छात्र विद्यालयों में प्रवेश पा जायेंगे। इसके अन्तर्गत नये स्कूल खोलने, वर्तमान स्कूलों को बेसिक स्कूल बनाने, छात्रों तथा अध्यापकों की संख्या बढ़ाने, पाठशाला भवन के निर्माणार्थ आर्थिक सहायता देने, अध्यापकों को अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रदान करने आदि की व्यवस्था भी रहेगी। अब प्रारम्भिक कक्षाओं में छात्र छात्रायें एक साथ विद्योपार्जन करेंगे और विचार है कि प्रत्येक पाठशाला में कम से कम दो अध्यापिकायें तदर्थ रक्खी जायँ। उत्तरप्रदेश की भाँति वहाँ भी आगामी जुलाई से शिशुकक्षा समाप्त कर कक्षा १ जोड़ दिया जायगा और प्रारम्भिक शिक्षा पाँच वर्ष की कर दी जायगी।

आन्ध्र

आन्ध्र विश्वविद्यालय के सिनेट ने अन्ततः शिक्षा का माध्यम तेलेगू को बनाने का निर्णय किया है। अभी तो भारतीय भाषाओं की शिक्षा के अतिरिक्त अन्य विषयों में अंग्रेजी ही माध्यम रहेगी। किन्तु तुरन्त ही आवश्यक स्तर पर अनेक विषयों की पुस्तकें प्रचलित करने के हेतु एक प्रकाशन विभाग स्थापित करने की योजना है और इसके पश्चात शीघ्र ही सभी विषयों में तेलेगू को अंग्रेजी के स्थान पर भारतीय भाषाओं के सामान्य शब्दावली के साथ शिक्षा का माध्यम बना दिया जायेगा। यह भी निर्णय हुआ है कि तब इन्टर की कक्षाओं में और दो वर्ष बाद डिग्री कक्षाओं में इस माध्यम का प्रयोग किया जाय। विषय के विवाद में कुछ व्यक्ति ऐसे भी थे जो प्रदेशीय भाषा की अपेक्षा हिन्दी को अधिक महत्व देते थे। परन्तु निर्णय तेलगू के पक्ष ही में हुआ। यह अनुभव किया जा रहा है कि इस माध्यम के लागू किये जाने के पूर्व एक सामान्य वैज्ञानिक शब्दावली की भी आवश्यकता होगी जिसे केन्द्रीय शासन प्रस्तुत कर रहा है।

बंगाल

अपने प्रदेश के अध्यापकों के आर्थिक संकट को देखते हुये बंगाल के शासन ने तीन वर्ष तक के लिए पाँच रुपये प्रति अध्यापक के हिसाब से विभिन्न व्यक्तिगत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माध्यमिक तथा मिडिल स्कूल के अध्यापकों को सहायता देने का निश्चय किया है। यह सहायता उन विद्यालयों को नहीं दी जा सकेगी जिनकी छात्र संख्या ७५० से अधिक है। तथापि ऐसी आर्थिक सहायता पाने वाले अध्यापकों की संख्या भी लगभग ११००० हो जाती है।

प्रदेश के मुख्य मंत्री ने प्रशिक्षित एवं योग्यता सम्पन्न सहायता-प्राप्त विद्यालयों के अध्यापकों की वेतन वृद्धि की भी घोषणा की है। इस प्रकार प्रशिक्षित एम० ए० अथवा बी० ए० आनर्स को ९० रु० के स्थान पर १२५ रु० प्रतिमास तथा साधारण बी० ए० बी० टी० अथवा एम० ए० को ७५ रु० के स्थान पर १०० रु० मासिक वेतन मिलेगा। अन्य प्रशिक्षित एवं योग्यता संपन्न शिक्षकों को भी १० से २० रु० तक की वेतन वृद्धि की जायगी। अनुमान है कि प्रदेशीय शासन को इस पर १५-१६ लाख का अतिरिक्त आवर्तक व्यय करना पड़ेगा।

बम्बई

गत जनवरी, १९५४ मास में बम्बई के प्रदेशीय शासन ने न्यूयार्क विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के प्रोफेसर डा० नैश के मार्ग-प्रदर्शन में कान्दीवली शारीरिक शिक्षा के राजकीय प्रशिक्षण केन्द्र में दो सप्ताह का पुर्नशिक्षण चलाया जिसमें ८० पुरुषों तथा १३ महिलाओं ने, जो शिक्षा विभाग के निरीक्षण एवं अध्यापन शाखाओं से सम्बन्धित थे, मद्य-निषेध विभाग, मजदूर हितकारी विभाग, तथा अन्य शारीरिक शिक्षण संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया। सभी को कान्दीवली में रहना आवश्यक था जिसमें डा० नैश के व्याख्यान विशेष रोचक एवं लाभप्रद थे।

डा० नैश ने अपने विवरण में प्रदेश के कार्यकर्ताओं की योग्यता की सराहना की है और लिखा है कि वहाँ के कुछ प्रदेशीय केलिकलाप संसार के सर्वोत्तम श्रेणियों में रखे जा सकते हैं क्योंकि उनमें शक्ति, स्फूर्ति, तथा दक्षता के विकास की क्षमता है। डाक्टर साहब ने केन्द्र के सेकेन्डरी एजूकेशन रिपोर्ट का जिक्र करते हुये कहा कि उसकी संस्तुतियों को प्रचलित करना लाभप्रद होगा तथा बम्बई के एजूकेश्नल कालेज आफ फिजिकल एजूकेशन एन्ड रिक्रियेशन के रिपोर्ट पर देश भर में ध्यान दिये जाने तथा चलाये जाने की संस्तुति की। डा० नैश ने अपने विवरण में २३ संस्तुतियाँ दी हैं।

केन्द्र

सेन्ट्रल एडवाइज़री बोर्ड

इस वर्ष सेन्ट्रल एडवाइजरी बोर्ड आफ एजूकेशन का २१वां सम्मेलन दिल्ली में ७ फरवरी को हुआ जिसमें केन्द्रीय शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम अजाद का पढ़ा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया भाषण विशेष महत्वपूर्ण था। उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक शिक्षा में बेसिक प्रणाली को मान लेने के बाद विश्वविद्यालय तथा माध्यमिक शिक्षा की दो महत्वपूर्ण समस्यायें रह जाती हैं। उन्होंने देश की वर्तमान आवश्यकता को देखते हुये माध्यमिक शिक्षा के पुर्नसंगठन को अत्यावश्यक बताया और इस सम्बन्ध में उन्होंने तीन बातों पर बल दिया। प्रथम, माध्यमिक शिक्षा अधिकांश छात्रों के लिए अपने में एक परिपूर्ण एकाई हो न कि विश्वविद्यालय के हेतु द्वार मात्र। द्वितीय, इसका ढाँचा तथा विषय-वर्ग ऐसा हो जो विभिन्न प्रवृत्तियों तथा समाज के अनेक कार्यकलाप में व्यस्त विभिन्न अंगों की आवश्यकता की पूर्ति कर सके, न कि वह एक ही प्रकार का बंधा हुआ पाठ्यक्रम हो। तृतीय, प्रारम्भिक शिक्षा में कार्यान्वित विषयों की इसमें परिणति होनी चाहिये जिससे छात्र में पूर्णता आये और वह भावी जीवन में अपने नागरिक उत्तरदायित्व का पालन कर सके। उन्होंने परिषद द्वारा इस कार्य को कम से कम समय में सिद्ध किये जाने की आशा प्रकट की।

बोर्ड ने विचार-विमर्श के पश्चात सेकन्डरी एजूकेशन कमीशन की संस्तुतियों को न्यूनाधिक मान लिया और यह प्रस्तावित किया है कि आगामी ७ वर्षों में ही बहु प्रयोजन-विद्यालय बनाने के प्रयत्न किये जायँ जिसमें ज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, उद्योग, कृषि, कला, गृह प्रबन्ध आदि अनेक प्रकार की शिक्षा दी जा सकती हो। बोर्ड ने यह भी निर्देश किया कि ऐसे विद्यालयों को, जो साधारण साहित्यिक शिक्षा के अतिरिक्त कम से कम एक क्रियात्मक वर्ग की शिक्षा न दें, उन्हें मान्यता ही न दी जाय। इसी प्रकार बोर्ड ने विद्यार्थियों के स्कूल के बाहर के क्रियाकलाप के नियन्त्रण तथा पथप्रदर्शन तथा विद्यालय से निकले छात्रों को जीविकोपार्जनार्थ उपयोगी कार्य में लगाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में भी अपनी संस्तुतियाँ दीं।

इतिहास-शिक्षण

केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रणालय ने विश्वविद्यालयों के इतिहास के अध्यापकों की विगत मार्च के प्रथम सप्ताह में दो दिन की एक सभा बुलाई, जिसका शिक्षा-सचिव श्री हुमायूँ कबीर ने उद्घाटन करते हुये कहा था कि मनुष्य अपने अतीत की धारणाओं के अनुसार ही वर्तमान के प्रति अपना दृष्टिकोण बनाता है और बहुधा इतिहास को भ्रमपूर्ण ढंग से समझने के कारण त्रुटिपूर्ण आस्थाये स्थिर कर लेता है। अतः क्षेत्रीय एवं देशीय तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय के समुचित भावों का सुन्दर सामंजस्य इतिहास की शिक्षा में मिलना चाहिये।

सभा ने संस्तुति दी कि इतिहास शिक्षण का माध्यम विश्वविद्यालयीय स्तर पर क्षेत्रीय भाषाओं द्वारा होना चाहिये। एक दूसरी संस्तुति यह थी कि प्रारम्भिक कक्षाओं में इतिहास जीवन-चरित्रों द्वारा पढ़ाया जाय, पांचवीं छठी कक्षाओं में संस्कृति पर भी बल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिया जाय और सातवीं आठवीं कक्षाओं में राजनीति पर। सभा ने यह भी कहा कि उच्च कक्षाओं में सभी के लिये, जिनका विषय इतिहास न हो, इतिहास का सामान्य ज्ञान दिया जाना चाहिये और इतिहास के विद्यार्थी को भी इसी प्रकार अर्थशास्त्र, सामाजिक-शास्त्र, राजनीति, साहित्य तथा एन्थ्रोपालोजी की शिक्षा दी जानी चाहिये।

इन्जीनियरिंग की ट्रेनिंग

केन्द्र के शिक्षा मंत्रणालय ने देश के उत्तरी तथा दक्षिणी क्षेत्रों में ४० स्थानों पर इन्जीनियरिंग तथा अन्य टेकनालाजिकल शिक्षा-प्रदान की व्यवस्था की है। इस प्रकार चुने गये ग्रेजुएटों को १५० रु० तथा डिप्लोमा प्राप्त छात्रों को ७५ रु० प्रतिमास की दर से दो वर्ष तक के लिए छात्रवृत्ति देने का भी प्रबन्ध है। १९५३ के ग्रेजुएट तथा डिप्लोमा प्राप्त छात्रों को तदर्थ प्रार्थना पत्र भेजने की सुविधा रही है।

विदेश

स्याम

यूनेस्को कार्यालय, पेरिस में अभी हाल ही में स्याम के उब्रोल स्थान में मूल शिक्षा केन्द्र (फन्डामेन्टल ऐजूकेशन सेन्टर) स्थापित करने का निश्चय हुआ है। इसके अनुसार स्थानीय भाषा एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन किया जायगा और देखा जायगा कि देश की आवश्यकताओं एवं समस्याओं का मूल शिक्षा के द्वारा कैसे निराकरण हो सकता है। इसका लक्ष्य आधार-भूत शिक्षा (फन्डामेन्टल एजूकेशन) के विशेषज्ञों एवं कार्यकर्ताओं को तैयार करना तथा पुस्तकों, पोस्टरों, फिल्मों आदि जैसी सहायक सामग्री का बनाना है। १ जनवरी, १९५४ से पाँच वर्ष तक यह योजना चलेगी। यूनेस्को भी चार विशेषज्ञ देगा जिनमें से एक सज्जन तो काम करने भी लगे हैं। देश के शासन द्वारा इस विषय में आवंश्यक इमारतों, यातायात पर व्यय, अध्यापकों तथा अन्य आवश्यक सामग्री का प्रबन्ध हो रहा है।

ब्रिटेन

दी आउटवर्ड बाउन्ड स्कूल्स (वाह्य क्षेत्रीय विद्यालय) नामक इङ्गलैंड में स्थापित योजना के प्रति अब समस्त संसार के युवक रुचि लेने लगे हैं। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है इसमें नवयुवकों को शब्दतः संसार-सागर की यात्रा करनी पड़ती है। अर्थात् उन्हें छात्र जीवन में ही बाहर के क्षेत्रों का अनुभव करना पड़ता है क्योंकि इस योजना का आधार कठिनाइयों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा जोखिमों से यथार्थ सम्पर्क के द्वारा चरित्र निर्माण का है। इसके पाठ्यक्रम के अनुसार युवकों में आत्मसम्मान, आत्मज्ञान, आत्म विश्वास, तथा निस्वार्थ सेवा की शिक्षा दी जाती है जिससे समाज तथा उनका दोनों का ही भविष्य उज्ज्वल हो सके।

इस प्रकार का प्रथम विद्यालय १६४१ में, जब इङ्गलैंड जीवन-मरण के विकट संग्राम में तल्लीन था, स्थापित हुआ था और उसका उद्देश्य यह था कि समुद्री जीवन तथा समुद्री युद्ध से उत्पन्न कठिनाइयों से सामना करने की युवक क्षमता प्राप्त कर सकें। अनेक व्यक्ति जो उन दिनों बम अथवा टारपीडो द्वारा नष्ट किये गये जहाजों से भाग कर जीवन रक्षक तरणियों में शरण लेते थे अपने आवश्यक बौद्धिक, शारीरिक, तथा टेकनिकल ज्ञान न होने के कारण जीवन का जोखिम उठाते थे। अतः उक्त योजना में इस प्रकार छात्रों को साहस एवं दृढ़ निश्चय की शिक्षा अवश्य मिलती थी।

लड़ाई के बाद से यह काम राजकीय विभागों तथा अन्य संस्थाओं में भी फैल गया। प्रथम समुद्र-तटीय विद्यालय वेल्स में एबरडोवी नामक स्थान में खोला गया था और शीघ्र ही इसमें स्थान की कमी के कारण इस संस्था की शाखायें दो अन्य स्थानों में भी खोल दी गईं जिनमें साल भर अनवरत कार्य होता रहता है। इन विद्यालयों की शिक्षावधि २६ दिन की होती है जिसमें १५ से १६ वर्ष तक १०० के लगभग छात्र होते हैं। इनके १२-१२ के दल बनते हैं और इन दलों के नेता और उपनेता चुन लिये जाते हैं। समुद्र और पहाड़ ही वे क्षेत्र हैं जहाँ उन्हें कठिनाइयों, जोखिमों तथा चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अनुशासन कठोरता पूर्वक लागू किया जाता है और कोई व्यक्ति सिगरेट अथवा सुरापान नहीं कर सकता। यद्यपि स्टाफ में काफी व्यक्ति होते हैं ताकि छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान रक्खा जा सके तथापि छात्रों के अपने न्यायालय भी होते हैं जो छोटे-मोटे दण्ड भी दे सकते हैं। शारीरिक स्वास्थ पर विशेष ध्यान दिया जाता है और अनेक प्रकार के खेल, नाविक के कार्य, तथा पहाड़ के कठिन जीवन का उनसे अभ्यास कराया जाता है।

इस संस्था के अधिकारी अपनी योजना का विस्तार अन्तर्राष्ट्रीय मानते हैं क्योंकि सन १६४८ के बाद से फ्रान्स, जर्मनी के नवयुवक भी इसमें सम्मिलित होने लगे हैं और अब बेलजियम, हालैंड, नार्वे, स्वीडेन, पुर्तगाल तथा एशिया एवं अफ्रीका के भी कुछ व्यक्ति सम्मिलित हो गये हैं। यहाँ अन्तर्जातीय सम्मिलन पर्याप्त मात्रा में सफल प्रतीत होता है और अब बालिकाओं के लिए भी यह सुविधा दी जा रही है जिससे उनमें भी लड़कों के कठिन कार्यों के करने की शक्ति एवं उनके सहनशीलता के गुणों के समान स्वावलम्बन तथा उत्तरदायित्व के पालन की भावना विकसित हो सके।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



अतिरिक्त शिक्षा संचालक श्री राजा राव सिंह, आई० ए० एस०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



गृह मंत्री डा० सम्पूर्णानन्द तथा शिक्षा मंत्री श्री हर गोविंद सिंह शिक्षा-विभाग द्वारा निर्मित 'बन्धन विहीन बन्दी गृह' तथा 'देव नागरी लिपि-सुधार सम्मेलन' नामक चलचित्रों का प्रदर्शन देख कर नावेल्टी सिनेमा, लखनऊ की सीढ़ियों से उतर रहे हैं।

उद्योग मंत्री श्री हुकुम सिंह १० मार्च, १६५४ को इटौंजा (लखनऊ) में हुए जिला परिषद के विद्यालयों के वार्षिक समारोह पर प्रदर्शिनी के उद्घाटन के पश्चात् स्थानीय अध्यक्ष तथा उप जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादकीय

शिक्षा-पुनर्व्यवस्था

आज के विद्यालयों से निर्गत नवयुवकों की अपार सेना और उमड़ती शक्तियों से निहित उनके जीवन के आगे का घोर अंधकार देख कर कौन चिन्ताशील व्यक्ति विचलित नहीं हो उठता ? किन्तु शिक्षा की प्रवृत्ति को अवरुद्ध करना उल्टी गंगा बहाने के सदृश ही नहीं वरन् जन साधारण के मौलिक अधिकारों पर कुठाराघात करना भी होगा। अतः शिक्षित युवकों की संलग्नता के मार्ग प्रस्तुत करने तथा उन्हें इस प्रकार दीक्षित करने के अतिरिक्त कि वे विद्योपार्जन के उपरान्त निरीह परमुखापेक्षी न होकर समाज में अपनी वृत्तियों एवं योग्यता के अनुकूल कार्य ढूंढ़ लें और उपाय भी क्या है। स्पष्टतः हमें देखना होगा कि समाज में कौन-कौन से व्यवसाय तथा जीवन-व्यापार प्रचलित हैं और उनमें से अधिकांश में अपने भावी नागरिकों को प्रवृत्त करने के हेतु हम क्या कर सकते हैं।

प्रदेश की अस्सी प्रतिशत से अधिक जनता गाँवों में बसी है और उसका रोज़गार खेती है। अतः ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय कृषि की नवीनतम प्रणालियों एवं साधनों से वहाँ के बालकों को अवगत करा सकें, यह नितान्त आवश्यक है। इससे देहात के शिक्षित समाज की नगर-प्रयाण की प्रवृत्ति में कमी आवेगी और वहाँ के शिक्षित अब निरीह नौकरी-लोलुप न होकर अपने परिवार अथवा ग्राम के व्यवसाय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं शैलियों से परिचित अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकेंगे। परन्तु ये छत्र कुशल कारीगर मात्र होंगे यह बात नहीं है। आधुनिक शिक्षा सिद्धांतों के अनुसार सामूहिक सहयोग पूर्ण कार्य संलग्नता में मनुष्य के सर्वांगीण विकास को अधिक अवकाश मिलता है। क्योंकि, शिक्षा का वास्तविक अर्थ न तो सैद्धान्तिक ज्ञानार्जन है और न गृहोद्योगों की निपुणता-प्राप्ति ही। उससे तो उसके मस्तिष्क, शरीर एवं चरित्र सभी का पूर्ण विकास तथा संस्कार होना चाहिये जिससे वह एक कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति और उपयोगी सामाजिक प्राणी बन सके। अतः यह कहना कि कृषि अथवा अन्य हस्त कार्यों पर बल देने से शिक्षा के उच्चतम उद्देश्यों की सिद्धि में बाधा पड़ेगी उचित नहीं है।

इसके अतिरिक्त नवयुवक अथवा नवयुवतियाँ प्रसंगवश यदि किसी उद्योग में कुशलता प्राप्त करलें तो सम्भवतः आज की परिव्याप्त बेकारी की विकट एवं भयावह समस्या को भी कुछ विश्रान्ति मिले। इसी कारण महात्मा गांधी ने यहाँ तक कहा था कि शिक्षा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की बेकारी के विरुद्ध एक प्रकार का बीमा होना चाहिये। वास्तव में विद्यार्थी जीवन के पश्चात छात्र अपरिचित संसार-प्रांगण में प्रवेश के समय यदि ज्ञान के उचित प्रकाश एवं किसी व्यवसाय की आवश्यक दक्षता से संपन्न होकर स्वावलम्बन का अनुभव करें तो यह शिक्षा की एक खरी कसौटी होगी। बस इसी दिशा में प्रदेशीय शासन के ध्यान एवं प्रयत्न इस समय प्रवृत्त हैं।

शिक्षा की पुनर्व्यवस्था के निमित्त प्रथम कार्य अध्यापकों के निर्वाचन एवं प्रशिक्षण का था। तदर्थ लगभग ३००० अध्यापक चुने जाकर इस समय प्रदेश के विभिन्न स्थानों में लगभग २५०० व्यक्ति ट्रेनिंग ले रहे हैं और वे आगामी जुलाई से ही अनेक संस्थाओं में शिक्षा प्रदान करने लगेंगे। साथ ही ५ से १० एकड़ तक भूमि प्राप्त करने का भी प्रयत्न जारी है और लगभग एक तिहाई भूमि प्राप्त भी हो गई है। परन्तु आवश्यकतानुसार सारी भूमि आगामी दो तीन मासों में ही मिल जावे तो न केवल कार्य योजनानुसार चल ही निकले वरन् उसे प्रोत्साहन भी मिले। अभिभावक जनता अपने ही बालकों को समाज के हितार्थ सुविधा देने में पीछे रह जायगी ऐसी सहसा आशंका नहीं होती। एक अन्य प्रयत्न इस सम्बन्ध में उद्भूत 'मुख्य मन्त्री-शिक्षा-कोष' का है जिसमें अनेक जिलों से काफी सहायता मिलने भी लगी है। परन्तु इस बात में शीघ्रता की आवश्यकता है। शिक्षा विभाग ने पहले भी 'आसाम रिलीफ' तथा 'टी० बी० सैनेटोरियम' फंड जैसे कोषों में प्रशंसनीय सहायता प्रदान की है। आशा है 'मुख्य मन्त्री-शिक्षा-कोष' में भी जनता तथा शिक्षा विभाग का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा और परिणाम स्वरूप लक्ष्य की पूर्ति ही न होगी प्रत्युत लक्ष्य से अधिक धन मिल जायगा।

किन्तु उपर्युक्त उद्देश्यों से ही योजना की इति श्री नहीं हो जाती। पुनर्व्यवस्था तो प्रारम्भिक पाठशालाओं में और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भी करना है जिससे शिक्षा की पूरी सीढ़ी पर इस योजना का प्रभाव पड़े। इसके अतिरिक्त ग्रामीण विद्यालयों के प्रतिकूल नगरों में स्थित विद्यालयों में स्थानीय उद्योगों की शिक्षा भी दी जायगी जिससे वहाँ के विद्यार्थी अध्ययन-काल के उपरान्त अपने पैरों पर खड़े होने योग्य शिल्पकार बन सकें या आगे पढ़ना हो तो बहुमुखी शिक्षा वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अपनी विशेष-योग्यता में निपुणता प्राप्त कर सकें। पुनर्व्यवस्थित शिक्षा में आवश्यक पुस्तक-ज्ञान तथा पर्याप्त औद्योगिक कार्यों की सुविधा होते हुये भी सामाजिक सेवा सांस्कृतिक शिक्षा, तथा अनेक जनहित के कार्यों की व्यवस्था भी रहेगी। दूसरे शब्दों में नवीन शिक्षा, शिक्षा-क्षेत्र में ही आमूल परिवर्तन नहीं करेगी वरन् वह एक नये समाज का निर्माण भी करेगी क्योंकि तब हमारी पाठशालायें एक साथ ही समाज की नर्सरी होंगी तथा उसके आदर्श का प्रतिबिंब भी जिससे हम मानवता के उच्चादर्शों की नींव पर स्थित अपनी स्वतन्त्रता को दृढ़तर एवं पूर्ण सुरक्षित बना सकें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतिरिक्त शिक्षा संचालक

इस वर्ष शासन ने उत्तरप्रदेश के शिक्षा विभाग में एक अतिरिक्त शिक्षा संचालक का पद स्वीकृत किया है। इधर पाँच छः वर्षों से विभाग का कार्य उत्तरोत्तर बढ़ता जाता था—जहाँ एक ओर विद्यालयों और छात्रों की संख्यायें दुगुनी-तिगुनी होती गई हैं वहाँ फलस्वरूप पत्र-व्यवहार तथा प्रबन्ध सम्बन्धी कार्य भी बढ़ते गये हैं। ऐसी परिस्थितियों में अतिरिक्त शिक्षा संचालक का आगमन कुछ शीघ्र हो गया हो ऐसी बात नहीं है। इससे निस्सन्देह शिक्षा-संचालक के हाथ परिपुष्ट होंगे और शासकीय यन्त्र में गति का संचार होगा।

श्री राजाराव सिंह, आई० ए० एस०, जो उक्त पद पर पधारे हैं, के विद्यार्थी जीवन तथा शासकीय काल दोनों ही उज्ज्वल रहे हैं। अतः यह आशा किया जाना स्वाभाविक ही है कि शिक्षा विभाग के आज के बृहत्तर एवं विषम कार्यकलाप में ऐसे योग्य व्यक्ति के हाथ बँटाने से तत्परता तथा सुव्यवस्था की मात्रा बढ़ेगी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्वविद्या... पुस्तकालय

SAMPLE STOCK VERIFICATION
1968
VERIFIED BY

9.5,34
38077

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नियमावली

उद्देश्य

(१) शिक्षा-विभाग और जनता का सम्बन्ध घनिष्ट करना

(२) शिक्षा-सम्बन्धी नवीन योजनाओं का प्रामाणिक विवरण देना

(४) भारतीय संस्कृति के आदर्शों के अनुरूप प्रदेशीय शिक्षा-विधान की सुव्य-स्था में योग देना

(४) अध्यापन-कार्य में संलग्न व्यक्तियों का ज्ञानवर्धन तथा पथ-प्रदर्शन करना

(५) शिक्षा-प्रचार के पुण्य कार्य में जनसाधारण का सहयोग प्राप्त करना

प्रकाशन

त्रैमासिक—वर्ष में चार अंक—जुलाई, अक्टूबर, जनवरी, अप्रैल

मूल्य

वार्षिक मूल्य—सात रुपया (डाक-व्यय सहित), विदेश—दस रुपया

प्रति अंक - दो रुपया (डाक-व्यय सहित)

विज्ञापन

केवल विशुद्ध शिक्षा-सम्बन्धी विज्ञापन स्वीकार किये जायँगे।

र—पूर्ण पृष्ठ ४० रु० प्रति वार

अर्द्ध पृष्ठ—२५ रुपया प्रति वार

लेख

शिक्षा में प्रकाशनार्थ मौलिक लेख प्रबंध-सम्पादक के नाम भेजना चाहिये।

भारतीय संस्कृति कला तथा शिक्षा-सम्बन्धी गवेषणापूर्ण लेख ही प्रकाशित किये जायँगे।

शिक्षा-सम्बंधी अनुसन्धान तथा प्रयोगों के विवरण विशेषरूपेण स्वीकार किये जायँगे।

सचित्र लेखों के लिए उपयुक्त चित्रों के भेजने का उत्तरदायित्व लेखकों का होगा।

अस्वीकृत लेख डाक-व्यय आने पर ही लौटाये जायँगे।

किसी लेख के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूरा अधिकार सम्पादक मंडल को होगा।

प्रकाशनार्थ प्राप्त लेखों में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा!

लेख हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में सुस्पष्ट लिखे हुए होने चाहिएँ।

मिलने का पता—प्रबन्ध-सम्पादक, "शिक्षा",

ओल्ड कमिश्नर्स हाउस, लखनऊ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

SHIKSHA

तमसो मा ज्योतिर्गमय

ARCHIVES DATA BASE

Printed by Ram Nath Agarwal at the Art Printers, Allahabad-
Published by the Department of Education, U. P. Luckno

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ग संख्या 9.5-3.4 आगत संख्या 38077

पुस्तक विवरण की तिथि नीचे अंकित है। इस तिथि सहित 30 वें दिन यह पुस्तक पुस्तकालय में वापस आ जानी चाहिए अन्यथा 50 पैसे प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब शुल्क लगेगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar